# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, शनिवार 30 अगस्त 2025 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 143 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.1 | 22.4 |
| डालटनगंज | 33.2 | 24.7 |
| धनबाद | 31.5 | 25.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

### अमित शाह ने गुवाहाटी की रैली में राहुल के मंच पर पीएम मोदी को अपशब्द मामले पर साधा निशाना, कहा

# जितनी हमें गाली दोगे, उतना खिलेगा कमल, राहुल गांधी देश से माफी मांगे

एजेंसियां। गुवाहाटी

बिहार में इस साल के अंत में चुनाव है. ऐसे में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चरम पर पहुंच गया है. बिहार में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान एक शख्स द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर किए गए अपशब्दों के इस्तेमाल के बाद अब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पलटवार किया है.

अमित शाह ने असम की राजधानी गुवाहाटी में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 27 देशों ने पीएम मोदी को सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है. ऐसा पीएम जिनको पूरी दुनिया सम्मानित करती है. लेकिन भारत की राजनीति में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने जिस प्रकार से घृणा और तिरस्कार की नकारात्मक राजनीति की शुरुआत की है. उसका निम्न स्तर का प्रदर्शन उनकी घुसपैठिया बचाओ यात्रा में देखने को मिला. कांग्रेस ने बिहार में घुसपैठिया बचाओ यात्रा निकाली है, जिसमें राहुल गांधी के स्वागत मंच से पीएम मोदी की स्वर्गीय माताजी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया है, जो कांग्रेस के नेताओं ने सबसे घृणित काम किया है. शाह ने कहा कि इस मंच से राहुल गांधी ने जिस प्रकार से घृणा की राजनीति की शुरुआत की है. पीएम मोदी की स्वर्गीय माताजी के लिए जिस तरह के अपशब्दों का इस्तेमाल



किया गया. उसकी मैं हृदय से निंदा करता हूं और मैं पूरे जनता को भी कहना चाहता हूं कि जिस तरह मुद्दाविहीन, नकारात्मक और घृणा की राजनीति कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुरू की है. वह हमारी सार्वजनिक जीवन को ऊंचाई नहीं देगी बल्कि गर्त में ले जाएगी. गृहमंत्री ने कहा कि और ये घृणा की राजनीति आज से नहीं है.

मोदी जी जब से पद पर बने हुए हैं, तभी से सोनिया गांधी, राहुल गांधी, दिग्विजय सिंह, मणिशंकर अय्यर, जयराम रमेश, रेणुका चौधरी हर कांग्रेसी नेता ने मोदी जी के लिए अपशब्द कहे हैं. कोई मौत का सौदागर कहता है, कोई जहरीला सांप कहता है, कोई नीच कहता है, कोई रावण बताता है. कोई भस्मासुर बतात है. कोई वायरस कहता है. कांग्रेस के नेता क्या समझते हैं. इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल कर आपको जनादेश मिलेगा? मैं आज कांग्रेस के नेताओं को कहना चाहता हूं कि जितनी ज्यादा गालियां आप बीजेपी को दोगे, कमल का फूल उतना ही बड़ा होकर आसमान तक पहुंचेगा.

शाह ने कहा कि मैं जनता हूं कि जनता का इनका समर्थन नहीं है. लेकिन दो दिन पहले जो हुआ, उसने सभी सीमाएं लांघ दी है. मोदी जी की स्वर्गीय माताजी का जीवन गरीबी में अपनी सभी संतानों को संस्कारित करके ऐसे स्तर पर पहुंचा, जहां बेटा विश्व का नेता बने और ऐसे जीवन को अपशब्दों से बोलना... ये भारत की जनता कभी सहन नहीं कर सकती. इससे ज्यादा राजनीति में सार्वजनिक जीवन में कोई पतन नहीं हो सकता. मैं फिर से एक बार कांग्रेस के कुत्सित प्रयासों की घोर निंदा करता हूं और आग्रह करना चाहता हूं कि अगर राहुल गांधी में जरा भी शर्म बची है तो मोदी जी और उनकी स्वर्गीय माता जी और देश की जनता से जरूर माफी मांगे. ईश्वर सबको सद्बुद्धि दे.

## पटना में घमासान, भाजपा-कांग्रेस वर्कर्स में झंडों-डंडों से युद्ध

**पटना।** पीएम नरेंद मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने पर सड़कों पर खूब घमासान हो रहा है. पटना में बीजेपी कार्यकर्ताओं का कांग्रेस ऑफिस पर शुक्रवार को जमकर हंगामा किया. इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ता पुलिस से भी भिड़ते हुए नजर आए. कई गाड़ियों को इस दौरान तोड़ दिया गया. ऐसे में कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता भी ऑफिस से बाहर निकल आए और फिर आमने-सामने से खूद लाठी-डंडे चले. बीजेपी कार्यकर्ताओं का कहना है कि वह पीएम मोदी का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे. पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने पर गुस्साए बिहार सरकार के मंत्री नितिन नबीन ने कहा, 'मैं कांग्रेस के नेताओं को चेतावनी देता हूं. आपने मां का अपमान किया है, एक-एक बिहार बेटा आपको इसका जवाब देगा. आपने प्रधानमंत्री का अपमान किया है, एक-एक भाजपा कार्यकर्ता इसका बदला लेगा.. हम प्रदर्शन



करने आए थे. शांतिपूर्ण प्रदर्शन था, लेकिन कांग्रेस कार्यालय के अंदर से ईंट और पत्थर चालए जा रहे हैं. भाजपा के कार्यकर्ता बंदूक और ईंट से नहीं डरते. हम मां के अपमान का बदला लेकर रहेंगे.'

वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ता डॉ. आशुतोष ने कहा, 'इसका करारा जवाब दिया जाएगा. यह सब सरकार की संलिप्तता से हो रहा है. नीतीश कुमार जो काम करवा रहे हैं, वह पूरी तरह गलत है.'

**इधर, राहुल बोले-**

### मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है, हम सत्य की रक्षा करते रहेंगे

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की प्रतिक्रिया भी सामने आई है. उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते. मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है- हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे. सत्यमेव जयते. वहीं, जदयू नेता अशोक चौधरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा कांग्रेस दफ्तर में घुसकर तोड़फोड़ और हंगामा करने की निंदा की. उन्होंने कहा, किसी भी पार्टी द्वारा किसी अन्य पार्टी के कार्यालय में घुसकर हंगामा सही नहीं है. इधर, कई वीडियो फुटेज में कई बीजेपी कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय के गेट पर लात मारते और फिर घुसते हुए दिखाई दे रहे हैं.

**ब्रीफ न्यूज**

### बिहार में नहीं घुसे तीन पाकिस्तानी आतंकी

**पटना।** बिहार में नेपाल के रास्ते कोई आतंकी प्रवेश नहीं किया था. जिन तीन आतंकियों के बिहार में घुसने की सूचना थी, दरअसल, वे दुबई से काठमांडू होकर मलेशिया चले गए हैं. बिहार के एडीजी कानून-व्यवस्था (लॉ एंड ऑडर) पंकज दराद ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में इसकी जानकारी दी. एडीजी ने जानकारी दी कि तीन पाकिस्तानी नागरिक जैश से जुड़े हो सकते हैं, लेकिन उन्होंने बिहार में इंट्री नहीं की, वे दुबई से काठमांडू होकर मलेशिया चले गए हैं.

### रेड्डी आज आएंगे रांची मुख्यमंत्री से मिलेंगे

**रांची।** उपराष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर महागठबंधन के उम्मीदवार जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी शनिवार को रांची आएंगे. यहां वे मुख्यमंत्री आवास में सीएम हेमंत सोरेन से मिलेंगे. उनके साथ कांग्रेस प्रभारी के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी मौजूद रहेंगे. इसके अलावा झामुमो-कांग्रेस के सांसद भी इस मुलाकात में शामिल होंगे. बता दें कि उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए ने सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है, जबकि महागठबंधन की ओर से बी. सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार घोषित किया गया है.

### रिलायंस एजीएम में अंबानी का बड़ा एलान

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की 48वीं वार्षिक आम बैठक यानी एजीएम हुई. इस मौके पर समूह के मुखिया मुकेश अंबानी ने कहा है कि भारत तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है. कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने लंबे समय से प्रतिक्षित जियो के आईपीओ के बारे में भी बताया. मुकेश ने बताया कि आईपीओ के सारे प्रबंध पूरा करते हुए इसे 2026 की पहली छमाही तक लाने की कोशिश होगी. पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की जीडीपी सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में सबसे तेजी से बढ़ रही है.

### ट्रंप की टैरिफ धमकियों से बेपरवाह भारतीय इकोनॉमी का कमाल

# पहली तिमाही में 7.8% ग्रोथ

एजेंसियां। नयी दिल्ली

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही भारतीय इकोनॉमी ने जोरदार प्रदर्शन किया है. वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में जीडीपी ग्रोथ रेट 7.8% रही है, जबकि अनुमान 6.7 फीसदी का था. पिछले साल के समान तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.5% रही थी. जबकि तिमाही दर तिमाही में अर्थव्यवस्था में तेजी दर्ज की गई है. वित्तीय वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 7.4% रही थी.

मौजूदा रिपोर्ट यह दर्शाती है कि अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में अच्छी गति से आगे बढ़ रही है. विशेष रूप से सेवा क्षेत्र में तेजी, निवेश में लगातार और सरकारी खर्च में उछाल, सकारात्मक संकेत हैं. वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में 7.8% की वृद्धि, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 6.5% की वृद्धि दर से बहुत ज्यादा है. वहीं सेवा क्षेत्र में वृद्धि से भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 7.6% की जीवीए ग्रोथ भी दर्ज की है. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए सकल घरेलू उत्पाद के तिमाही अनुमानों के साथ-साथ खर्च का भी आंकड़ा जारी किया है.

**नॉमिनल जीडीपी में भी शानदार ग्रोथ :** वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में नॉमिनल जीडीपी में 8.8% की ग्रोथ रही है. कृषि और संबंधित क्षेत्र में वास्तविक जीवीए ग्रोथ रेट 3.7% रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 1.5% की ग्रोथ दर्ज की गई थी. सेकेंड्री क्षेत्र, विशेष कर मैंयूफैक्चरिंग में 7.7% और निर्माण में 7.6% ने इस तिमाही में 7.5% से अधिक की वृद्धि दर दर्ज की है. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 2024-25 की अप्रैल-जून अवधि में 1.5 प्रतिशत थी.

**भारतीय इकोनॉमी में क्यों आई ऐसी तेजी**




ऐसा कहा जा रहा है कि भारतीय इकोनॉमी में इस शानदार शुरुआत के पीछे सरकार खर्च में जबरदस्त इजाफा और सेवा क्षेत्र में तेजी है. शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर बढ़ी है. भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, क्योंकि अप्रैल-जून में चीन की जीडीपी वृद्धि 5.2 प्रतिशत रही थी. जाहिर है, जिस तरह से ट्रंप की तरफ से भारत के ऊपर 50 प्रतिशत का भारी भरकम टैरिफ लगाया है और इसने एक नई चुनौती पैदा कर दी है, ऐसे में आर्थिक मोर्चे पर जरूर ये आंकड़े सरकार को थोड़ी राहत देगी. साथ ही, अब टैरिफ का मुकाबला करने के लिए अन्य विकल्प पर जल्द आगे कदम भी बढ़ाना होगा.

### इस सेक्टर में रही नरमी

खनन क्षेत्र में -3.1% और बिजली, गैस, जल आपूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवा क्षेत्र में 0.5% की ग्रोथ रही है.



वास्तविक निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान 7.0 % की वृद्धि दर दर्ज की है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 8.3% की वृद्धि दर दर्ज की गई थी.गौरतलब है कि यह आंकड़े ऐसे समय में सामने आए हैं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी तक टैरिफ लगा दिया है. जिसे लेकर अनुमान लगाया जा रहा था कि भारत की जीडीपी ग्रोथ में कमी आएगी.

### 4.68 लाख करोड़ का घाटा

शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस वित्त वर्ष के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में



भारत का राजकोषीय घाटा 4.68 लाख करोड़ रुपये रहा. यह वार्षिक अनुमान का 29.9% है. देश का राजकोषीय घाटा पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 17.2% से बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपये हो गया. अप्रैल से जुलाई तक कुल प्राप्तियां 10.95 लाख करोड़ रुपये रहीं. वहीं, कुल व्यय 15.63 लाख करोड़ रुपये रहा. यह चालू वित्तीय वर्ष वर्ष के बजट लक्ष्य का क्रमशः 31.3% और 30.9% है.

### शिखर बैठक : पीएम मोदी ने बताया भारत-जापान का 10 साल का रोडमैप

## चंद्रयान 5 मिशन में सहयोग, 10 ट्रिलियन येन निवेश

**टोक्यो ।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने जापानी समकक्ष शिगेरु इशिबा के साथ शिखर वार्ता की. इसका उद्देश्य भारत और जापान के बीच व्यापार, निवेश और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तारित करना था. मोदी के टोक्यो पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद दोनों नेताओं ने 15वें भारत-जापान शिखर बैठक में मुलाकात की. इस बैठक में दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए. पीएम मोदी और जापान के पीएम इशिबा ने समझौतों का आदान-प्रदान किया. दोनों ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया. जापानी पीएम शिगेरु इशिबा ने 6 साल पहले की अपनी वाराणसी यात्रा को याद किया. उन्होंने कहा, मुझे अगस्त 2019 में वाराणसी जाने का सौभाग्य मिला था. मैं अनादि काल के भारतीय इतिहास को देखकर अभिभूत था.

**भारत और जापान के बीच हुए ये 13 समझौते :** 1. अगले दशक के लिए भारत-जापान जॉइंट विजन. 2. सुरक्षा सहयोग पर जॉइंट डिक्लेरेशन. 3. भारत-जापान के बीच ह्यूमन रिर्सोस के आदान-प्रदान के लिए एक्शन प्लान. 4. संयुक्त ऋण व्यवस्था पर सहयोग ज्ञापन. 5. भारत-जापान



डिजिटल पार्टनरशिप 2.0 पर समझौता ज्ञापन. 6. खनिज संसाधनों के क्षेत्र में सहयोग ज्ञापन. 7. चंद्रयान-5 मिशन के लिए भारत और जापानी अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच सहयोग. 8. क्लीन हाइड्रोजन और अमोनिया पर जॉइंट डिक्लेरेशन ऑफ इंटेंट. 9. सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर सहयोग ज्ञापन. 10. डिसेंट्रलाइज डोमेस्टिक वेस्ट वाटर मैनेजमेंट पर समझौता ज्ञापन. 11. पर्यावरण सहयोग के क्षेत्र में सहयोग ज्ञापन. 12. भारत के सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान और जापान के विदेश मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन. 13. भारत और जापान के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय और शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच जॉइंट डिक्लेरेशन ऑफ इंटेंट.

# सीएनटी एक्ट उल्लंघन मामले में पूर्व मंत्री एनोस समेत 10 दोषी करार, एक बरी

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में बहुचर्चित सीएनटी एक्ट उल्लंघन मामले में पूर्व मंत्री एनोस एक्का समेत 10 लोगों को दोषी ठहराया गया है. सीबीआई की विशेष अदालत ने यह फैसला सुनाया है. सभी दोषियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. वहीं, साक्ष्य के अभाव में एक आरोपी गोवर्धन बैठा को बरी कर दिया गया है. कोर्ट अब सभी दोषियों को आगामी शनिवार को सजा सुनाएगी.

**क्या है मामला :** यह मामला झारखंड में आदिवासी जमीन की अवैध खरीद-फरोख्त से जुड़ा है. आरोप है कि 2006 से 2008 के बीच, एनोस एक्का ने मंत्री पद का दुरुपयोग करते हुए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आदिवासी जमीनें खरीदीं. इस पूरे मामले में उन्हें तत्कालीन रांची के एलआरडीसी कार्तिक कुमार प्रभात और अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों का सहयोग मिला.

**कहां-कहां की गई थी जमीन की खरीद :** सीबीआई की जांच में सामने आया कि एनोस एक्का की पत्नी मेनन एक्का के नाम पर हिनू में 22 कट्ठा, ओरमांझी में 12 एकड़, नेवरी में 4 एकड़ और चुटिया के सिरम टोली मौजा में 9 डिसमिल जमीन खरीदी गई थी. यह सभी सौदे मार्च 2006 से मई 2008 के बीच किए गए. झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने 4 अगस्त 2010 को प्राथमिकी दर्ज की थी. जांच के बाद दिसंबर 2012 में चार्जशीट दायर की गई. इसके बाद 5 नवंबर 2019 को विशेष सीबीआई अदालत ने आरोप तय किए थे. 22 अगस्त 2025 को सुनवाई पूरी कर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था, जो आज सुनाया गया.

**आज सुनाई जाएगी सजा**



**दोषियों की सूची**

एनोस एक्का (पूर्व मंत्री), मेनन एक्का ( एनोस एक्का की पत्नी), कार्तिक कुमार प्रभात (तत्कालीन एलआरडीसी, रांची), राज किशोर सिंह, फिरोज अख्तर, ब्रजेश मिश्रा, अनिल कुमार, मनीलाल महतो, परशुराम केरकेट्टा, ब्रजेश्वर महतो. जबकि गोवर्धन बैठा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है. अब सभी दोषियों को शनिवार को सजा सुनाई जाएगी.

### दिल्ली में बिरसा भवन का कल लोकार्पण

**नयी दिल्ली।** वनवासी कल्याण आश्रम के भगवान बिरसा मुंडा भवन का लोकार्पण समारोह रविवार को होगा. कार्यक्रम में आरएसएस के दत्तात्रेय होसबाले, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल एवं किरेन रिजिजू और स्वामी यतींद्रानंद गिरी मौजूद रहेंगे. जानकारी के मुताबिक, यह भवन मेट्रो एन्क्लेव रोड, सेक्टर-6, पुष्प विहार नई दिल्ली में निर्मित हो रहा है.

इसे महान जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की स्मृति में निर्मित किया गया है. वे भारत की जनजातीय समुदायों के बलिदान, संघर्ष और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक हैं. भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष 15 नवंबर 2024 से 15 नवंबर 2025 तक है, जिसे जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है. यह भवन अनुसंधान, प्रशिक्षण तथा सामाजिक कल्याण कार्यों का प्रमुख केंद्र बनेगा.

### महुआ मोइत्रा का विवादित बयान, मामला दर्ज

# अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए!

एजेंसियां। कोलकाता

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी को लेकर टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा पर कृष्णानगर कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज हुई है. महुआ ने 26 अगस्त को बंगाल में अवैध घुसपैठ को लेकर ऐसा जवाब दिया, जिससे वह फिर विवादों में घिर गई हैं.

टीएमसी सांसद ने कहा, वे (शाह) सिर्फ घुसपैठियों की बात कर रहे. सीमा की सुरक्षा गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी है. पीएम ने 15 अगस्त को लाल किले से कहा था कि घुसपैठ हो रही है जिस वजह से डेमोग्राफी चेंज हो रही है. इस समय आगे की लाइन में बैठ कर गृह मंत्री ताली बजा रहे थे और हंस रहे थे. भारतीय सीमाओं की रक्षा करने वाला



कोई नहीं है. अगर रोजाना दूसरे देश के लोग लाखों की संख्या में घुसपैठ कर रहे हैं और हमारी मां-बहनों पर नजर डाल रहे हैं, जमीनें छीन रहे हैं तो पहले आपको शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए. अगर मोदी खुद बोल रहे हैं कि बाहर से आकर लोग हमारी मां-बहनों पर नजर डाल रहे हैं और हमारी जमीनें छीन रहे हैं तो फिर ये गलती किसकी है? ये हमारी और आपकी गलती है?

### जीएसटी दरों में बदलाव पर चिंता : झारखंड सहित 8 राज्यों के वित्त मंत्रियों की बैठक

# पहले राज्यों के मजबूत राजस्व संरक्षण ढांचे की हो व्यवस्था

शुभम संदेश। रांची/ नयी दिल्ली

कर्नाटक भवन, दिल्ली में झारखंड, हिमाचल, कर्नाटक, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और बंगाल के वित्त/वाणिज्य-कर/राजस्व मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें 3-4 सितंबर को प्रस्तावित जीएसटी परिषद् की बैठक में लिए जाने वाले निर्णयों पर विचार-विमर्श किया किया.

**दरों का सरलीकरण राज्यों की राजकोषीय स्थिरता की कीमत पर न हो :** राज्यों का कहना है कि जीएसटी का ढांचा सहमति और साझा जिम्मेदारी पर आधारित है. दरों का सरलीकरण वांछनीय है, लेकिन यह राज्य की राजकोषीय स्थिरता की कीमत पर नहीं होना चाहिए. यदि केंद्र



सरकार बिना किसी क्षतिपूर्ति प्रावधान के दरों में परिवर्तन लागू करती है, तो इससे राज्यों में राजकोषीय असंतुलन उत्पन्न होगा और यह वर्तमान स्वरूप में स्वीकार्य नहीं होगा. राज्यों की अनुशंसा है कि केवल एक संतुलित और समावेशी दृष्टिकोण ही जीएसटी सुधार के उद्देश्यों को आगे बढ़ा सकता है और राज्यों की वित्तीय स्वायत्तता की रक्षा कर सकता है.

**राज्यों पर पड़नेवाले प्रभाव का आकलन नहीं किया गया:** केंद्र सरकार ने जीएसटी की वर्तमान चार स्लैब दरों, 5%, 12%, 18% और 28% को युक्तिसंगत बनाते हुए 12% और 28% की दर को समाप्त करने का प्रस्ताव रखा है. सरकार का मानना है कि दरों में बदलाव से वस्तुओं की कीमतें घटेंगी और इसका सकारात्मक प्रभाव आम जनजीवन पर पड़ेगा. इससे अर्थव्यवस्था को भी गति मिलने की उम्मीद है. हालांकि, राज्यों का कहना है कि इस प्रस्ताव में उनके राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव का कोई आकलन नहीं किया गया है और ना ही राजस्व की क्षतिपूर्ति की कोई व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है. विशेष रूप से झारखंड जैसे छोटे विनिर्माता राज्यों को इससे भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है.

**झारखंड को हर साल 2000 करोड़ रुपये का नुकसान:** झारखंड एक खनिज-संपन्न राज्य है, जहां से कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट जैसी खनिजों की अधिकतर आपूर्ति अन्य राज्यों को होती है. पूर्व में वैट व्यवस्था के दौरान राज्य को अंतरराज्यीय आपूर्ति पर सीएसटी के रूप में राजस्व मिलता था, परंतु जीएसटी लागू होने के बाद यह समाप्त हो गया. केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2017 से पांच वर्षों तक राजस्व क्षतिपूर्ति की व्यवस्था की थी, जो जून 2022 में समाप्त हो चुकी है. अनुमान है कि झारखंड को प्रस्तावित बदलाव से प्रतिवर्ष लगभग 2000 करोड़ रुपये का नुकसान होगा.

**आठों राज्य केंद्र को संयुक्त मांग पत्र सौपेंगे:** बैठक के अंत में आठों राज्यों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि केंद्र सरकार को एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें स्पष्ट तौर पर मांगें शामिल होंगी. पहली मांगराजस्व संरक्षण की ठोस व्यवस्था होनी चाहिए, दरों के बदलाव के साथ-साथ एक पूरक शुल्क लागू किया जाए, विशेष रूप से लग्जरी और सिगरेट जैसी वस्तुओं पर और कम से कम पांच वर्षों तक राजस्व क्षतिपूर्ति की गारंटी दी जाए.

# दिसंबर में भारत आएंगे रूसी राष्ट्रपति पुतिन, क्रेमलिन ने कर दिया कन्फर्म

एजेंसियां। मॉस्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर में भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे. इसकी पुष्टि रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने शुक्रवार को की है. यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है, जब रूस से तेल खरीदने के कारण अमेरिका ने भारत पर 50% का टैरिफ लगाया है. इतना ही नहीं, अमेरिका के शीर्ष अधिकारी रूस के साथ संबंधों के कारण भारत विरोधी बयान दे रहे हैं.

क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि पुतिन सोमवार को चीन में एक क्षेत्रीय शिखर सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे. उन्होंने कहा कि दोनों नेता दिसंबर की यात्रा की तैयारी पर चर्चा करेंगे. उन्होंने इस दौरान कोई निश्चित तिथि नहीं बताई. हालांकि, भारत और रूस पहले से ही



पुतिन की यात्रा को लेकर आवश्यक तैयारियों को पूरा कर चुके हैं और जल्द ही तारीख का ऐलान भी हो सकता है.

**पुतिन ने कब किया था भारत का दौरा:** पुतिन ने पिछली बार 6 दिसंबर 2021 को भारत का दौरा किया था, जब नई दिल्ली में 21वां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था. वहीं, पीएम मोदी ने पिछले वर्ष दो बार रूस की यात्रा की थी. पहली जुलाई में 22वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन में और दूसरी अक्टूबर में कजान में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने के लिए वह रूस पहुंचे थे. पीएम मोदी ने भी इस दौरान पुतिन को भारत आने के लिए आमंत्रित किया था. हालांकि, पीएम मोदी पुतिन के आमंत्रण के बावजूद रूस में आयोजित विक्ट्री डे समारोह में शामिल नहीं हो सके थे.

**भारत-रूस संबंधों में आई तेजी:** भारत और रूस के संबंध तेजी से मजबूत हो रहे हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ युद्ध के बीच भारत के दो शीर्ष अधिकारियों ने रूस का दौरा किया है. पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल मॉस्को पहुंचे थे. वहीं, उनके बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मॉस्को का दौरा किया था. दोनों ही अधिकारियों ने अपने समकक्षों के साथ बैठक के अलावा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात भी की थी.

**झारखंड पुलिस ने गिनाईं अपनी उपलब्धियां**

# एक माह में 28 नक्सली गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद

शुभम संदेश। रांची

झारखंड पुलिस का नक्सलवाद, साइबर अपराध और यातायात उल्लंघन जैसे अन्य अपराधों के खिलाफ अभियान जारी है. जुलाई महीने में पुलिस ने किसी भी प्रकार के अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है. इसकी जानकारी पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अभियान ने रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी.

आईजी माइकल राज एस ने बताया कि झारखंड पुलिस नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है. पिछले एक महीने (जुलाई) के दौरान पुलिस ने कुल 10 हथियार (5 लूटे गए पुलिस हथियार और 5 देसी हथियार) और 544 गोलियां बरामद की है. इसके अलावा चाईबासा जिले में नक्सलियों से 35,02,500 रुपये लेवी राशि जब्त की है. साथ ही 18,020 डेटोनेटर और 95 आईईडी को बरामद कर नष्ट किया गया और पांच बंकरों को ध्वस्त किया गया है. उन्होंने



बताया कि झारखंड पुलिस ने इस अवधि में कुल 28 नक्सलियों को गिरफ्तार किया, जिसमें जेजेएमपी का एरिया कमांडर प्रवीण एक्का भी शामिल था. साथ ही लातेहार पुलिस के समक्ष पांच लाख रुपये के इनामी नक्सली लवलेश गंझू ने आत्मसमर्पण किया. पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे भी गए, जिनमें पांच लाख रुपये का इनामी कुंवर मांझी भी शामिल था.

आईजी ने सड़क सुरक्षा, नक्सल विरोधी अभियान, साइबर अपराध नियंत्रण और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई और उपलब्धियों की भी जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत झारखंड पुलिस ने जुलाई महीने में 94823 लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया. साथ ही 267 पुलिसकर्मियों को प्राथमिक चिकित्सा किट के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया और 288 अधिकारियों के मोबाइल में जीपीएस मैप कैमरा लाइट ऐप इंस्टॉल किया गया.

आईजी ने कहा कि अपराध और नक्सलवाद से मुक्ति दिलाने के लिए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के निर्देश पर झारखंड पुलिस अभियान चला रही है. इसमें लगातार सफलता भी मिल रही है.

### 1,33,184 वाहन चालकों पर कार्रवाई

आईजी ने बताया कि इस साल जुलाई महीने में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 1,33,184 (तेरह लाख इकत्तीस हजार) वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई, जिनमें 121950 दोपहिया वाहन चालकों और 2,093 पीछे बैठे यात्रियों पर कार्रवाई की गई. इसके अलावा तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वाले 2,515 और गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 220 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई. साथ ही बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 2499 और सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले 1585 चालकों पर कार्रवाई की गई. लाल बत्ती पार करने पर 1776 मोबाइल फोन का उपयोग करने पर 276, नशे में गाड़ी चलाने पर 185 और क्षमता से अधिक यात्री बैठाने पर 536 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई.

### साइबर अपराध से संबंधित 108 मामलों में 38 अपराधी गिरफ्तार

आईजी ने बताया कि जुलाई माह में साइबर अपराधों से निपटने के लिए झारखंड पुलिस ने अपनी क्षमताओं का प्रभावी ढंग से उपयोग किया. साइबर अपराध से संबंधित 108 मामलों में 38 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया. उनके पास से 78 मोबाइल फोन, 97 सिम कार्ड, 24 एटीएम कार्ड और 1.82 लाख रुपये नकद बरामद किए गए. इसके अलावा डायल-1930 साइबर हेल्पलाइन के माध्यम से 2,073 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 2.19 करोड़ रुपये को फ्रीज किया गया और न्यायालय के माध्यम से 32.27 लाख रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए गए. प्रतिबिम्ब ऐप का उपयोग करके चार मामलों में 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया. उन्होंने बताया कि जुलाई महीने में अपराध नियंत्रण और महिला सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए. पुलिस ने 7298 वारंटों को निष्पादित किया और 2333 गिरफ्तारियां की. साथ ही 171 वाहन, 82 हथियार और 354 गोलियां जब्त की गईं. यौन अपराधों के लिए जांच ट्रैकिंग सिस्टम (आईटीएसएसओ) के तहत 278 मामलों को 60 दिनों के भीतर निपटाया गया.

**प्रगति की ओर: करेला से स्ट्रॉबेरी तक, ड्रिप सिंचाई बनी महिला किसानों के बदलाव की मिसाल**

# लखपति दीदी बन रहीं ग्रामीण महिलाएं

- 30 हजार से अधिक महिला किसान होंगी लाभान्वित
- फसल उत्पादकता में 246% सुधार, 28 हजार से अधिक माइक्रो ड्रिप सिस्टम स्थापित

शुभम संदेश। रांची





दुमका की पूजा सोरेन के लिए सिंचाई और पूंजी के अभाव में खेती करना भी मुश्किल था. लेकिन पूजा ने सखी मंडल और झिमड़ी परियोजना से जुड़कर खेती और अपनी जिंदगी को नई दिशा दी. उसने ड्रिप सिंचाई तकनीक अपनाई और करेले की व्यावसायिक खेती शुरू की. आज पूजा सालभर करेला, मिर्च और स्ट्रॉबेरी जैसी फसलों की खेती कर रही हैं. ड्रिप से पौधों को समय पर नमी और पोषण मिला, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों बढ़ी. समूह के सहयोग से बाजार से सीधा जुड़ाव हुआ और हाल ही में उन्होंने करेले को 35-40 रुपये प्रति किलो बेचकर एक लाख रुपये से अधिक की आमदनी अर्जित की. लगातार उत्पादन और उचित मूल्य मिलने से उनकी सालाना आय 4 लाख रुपये से अधिक हो चुकी है.

यह सिर्फ पूजा के बदलाव की कहानी नहीं है बल्कि पूजा जैसी कई महिलाओं ने झिमड़ी परियोजना से जुड़कर खेती का नया अध्याय शुरू किया है. खूंटी के कर्रा प्रखंड की विनीता देवी ने भी 2022 में झिमड़ी परियोजना से जुड़कर पहली बार फ्रेंच बीन्स की खेती की. उन्होंने केवल 12,300 रुपये की लागत से 51,540 रुपये का लाभ कमाया. परियोजना से उन्हें ड्रिप सिंचाई प्रणाली के साथ पॉली नर्सरी हाउस भी मिला, जिससे पौधे खराब मौसम और कीटों से सुरक्षित रहते हैं. आज विनीता करेले की खेती कर रही हैं और उनकी सालाना आमदनी लगभग 1.20 लाख रुपये है. वे बताती हैं पहले परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, लेकिन सखी मंडल से जुड़ने के बाद हालात बदल गए. ड्रिप सिंचाई से अधिक फसल उग रही है और इसमें पारंपरिक खेती की तरह ज्यादा श्रम की भी जरूरत नहीं पड़ती.

वहीं रांची के नगड़ी प्रखंड की मधुबाला देवी पहले सीमित संसाधनों और सिंचाई की कमी के कारण खेती से बहुत कम आय कमा पाती थीं. लेकिन झिमड़ी परियोजना के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई तकनीक अपनाने के बाद उनका जीवन बदल गया. उन्होंने 25 डिसमिल भूमि पर सब्जियों की खेती शुरू की. आधुनिक तकनीकों से उगाई गई उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियों ने उनकी आय दोगुनी कर दी. अब मधुबाला सालाना करीब 2 लाख रुपये कमा रही हैं और 'लखपति दीदी' की सूची में शामिल हो चुकी हैं.

### सिंचाई में तकनीकी बदलाव, किसानों को प्रशिक्षण और नई तकनीक की जानकारी दी

परियोजना के तहत अब तक 28,298 माइक्रो ड्रिप इरिगेशन सिस्टम स्थापित किए गए हैं, जिनसे 2,829 हेक्टेयर क्षेत्र को लाभ मिला है. इससे पानी की बचत, सालभर खेती और बेहतर उत्पादन सुनिश्चित हुआ है. 13,000 से अधिक किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है. 50 एफटीसी, 88 बीआरपी और 1,000 से ज्यादा सीआरपी किसानों तक तकनीकी सहयोग पहुंचा रहे हैं. 5,224 किसान समीक्षा ऑनलाइन मॉड्यूल से भी जुड़े.

#### जैविक खेती को बढ़ावा, बाजार तक जोड़ने की सुविधा

उन्नत बीज किस्मों, वर्मी कम्पोस्ट और जैव-कीटनाशकों का उपयोग तेजी से बढ़ा है. मिट्टी और नर्सरी सुधार के लिए 13,289 पॉली नर्सरी हाउस और 21,871 वर्मी कम्पोस्ट इकाइयाँ लगाई गई हैं. 15 सोलर कोल्ड चैंबर, 198 इम्प्लीमेंट बैंक और 14 मल्टी पर्पज कम्युनिटी सेंटर पूरी तरह से संचालित हो चुके हैं. इनका संचालन उत्पादक समूहों द्वारा किया जा रहा है. इन सुविधाओं से किसानों को अपने उत्पाद को लंबे समय तक ताजा रखने, जरूरी उपकरण समय पर उपलब्ध कराने और सामूहिक रूप से बाजार तक पहुंच बनाने में मदद मिली है.

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर झिमड़ी परियोजना को मिल रहा दो वर्ष का विस्तार :** राज्य में किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाली झारखण्ड माइक्रो ड्रिप इरिगेशन परियोजना को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झिमड़ी परियोजना को दो वर्ष का विस्तार मिल चुका है. इस परियोजना के जरिये ही किसान अपनी सफलता की नई कहानी लिख रहें हैं हैं. झारखण्ड स्टेट लाइव्लीहुड प्रोमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लागू इस परियोजना ने अप्रैल 2025 तक किसानों की आय और कृषि उत्पादकता में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है. परियोजना की सफलता और ग्रामीण किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने झिमड़ी परियोजना को 2027 तक का अवधि विस्तार दिया है. इस विस्तार से राज्य के 30 हजार से अधिक किसान सीधे लाभान्वित होंगे. वर्तमान में 9 जिलों के 30 प्रखंडों में 28,298 महिला किसान इस योजना से जुड़कर माइक्रो ड्रिप इरिगेशन तकनीक के माध्यम से सालभर खेती कर रहीं हैं. उन्हें वर्मी कम्पोस्ट, पॉली नर्सरी हाउस के साथ-साथ तकनीकी प्रशिक्षण और निरंतर सहयोग भी उपलब्ध कराया जा रहा है.

**आय में दोगुनी बढोतरी, फसल उपज में रिकॉर्ड सुधार:** बता दें परियोजना से जुड़कर किसानों की आय में दोगुनी वृद्धि हुई है. ओरमांझी, कुड़ू और कांके जैसे इलाकों के किसान केवल रबी सीजन में ही 32,000 से 48,000 रुपये तक कमा रहे हैं. वहीं औसत उपज 536 किलो से बढ़कर 1,318 किलो प्रति 0.1 हेक्टेयर प्रति सीजन हो गई है. आलू, लौकी और फूलगोभी जैसी फसलों ने बेहतरीन उत्पादकता दी, जबकि स्ट्रॉबेरी, मिर्च और मटर ने किसानों की नकदी आय को बढ़ाया.

## 1 सितंबर से झारखंड में महंगी होगी शराब कारोबार अब निजी दुकानदारों के हवाले

**रांची।** 1 सितंबर से रांची सहित पूरे राज्य में शराब की बिक्री निजी दुकानदारों के हाथों में चली जाएगी. इसके साथ ही शराब और बियर की कीमतें भी बढ़ जाएंगी. उत्पाद विभाग ने नई उत्पाद नियमावली 2025 लागू कर दी है, जिसके तहत सस्ती शराब और बियर पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा क्योंकि इन्हीं की बिक्री सबसे ज्यादा होती है. 180 रुपये में मिलने वाली 650 एमएल बियर अब 20 रुपये महंगी हो गई है. ब्लेंडर्स प्राइड (750 एमएल) की कीमत पहले 1050 रुपये थी, जो अब बढ़कर 1200 रुपये हो गई है. 100 पाइपर (750 एमएल), जो पहले 1950 रुपये में मिलती थी, अब 2200 रुपये में मिलेगी. इसके साथ ही, 1 सितंबर से शराब पर नया वैट (कर) भी लागू किया जाएगा. लेकिन चूंकि पुराना वैट 30 सितंबर तक लागू रहेगा, इसलिए दुकानदारों में इस बात को लेकर असमंजस है कि वे पुराना स्टॉक उठाएं या नहीं. इस कारण से 1 सितंबर को खुदरा दुकानों में शराब की उपलब्धता को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है. कई दुकानदारों ने कहा है कि जब तक वैट से जुड़ी समस्या का समाधान नहीं होता, वे नया स्टॉक नहीं उठाएंगे. रांची में सबसे ज्यादा 150 खुदरा शराब दुकानों का आवंटन हुआ है. सहायक उत्पाद आयुक्त अरुण मिश्रा के अनुसार, विभाग की ओर से सभी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं. जिन दुकानों को आवंटन मिला है, उन्होंने सिक्योरिटी मनी और लाइसेंस फीस भी जमा कर दी है. विभाग 30 सितंबर से नई दुकानों का साइट वेरिफिकेशन शुरू करेगा. अरुण मिश्रा ने यह भी कहा कि 1 सितंबर से रांची की सभी खुदरा शराब दुकानों में किसी भी हालत में बिक्री शुरू हो जाएगी.

## प्रदेश जदयू महासचिव मनोज कुमार दपू जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य बनाए गए



**रांची।** झारखंड प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो की अनुशंसा के मद्देनजर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के महासचिव रांची निवासी मनोज कुमार को दक्षिण पूर्व जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य बनाया है, जो दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा, चक्रधरपुर, खड़गपुर व रांची मंडल की जिम्मेवारी संभालेंगे और जनहित में जो रेल की सुविधाएं हैं उसके लिए बढ़-चढ़कर काम करेंगे. जेडआरयूसीसी सदस्य मनोनीत होने पर मनोज कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक रेल की सुविधा किस तरह पहुंचे, इसका वे पूरा ध्यान रखेंगे. रेलवे के अधिकारी कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित कर सुविधाओं का ख्याल रखने की दिशा में भी कार्य करेंगे. उनके मनोनयन पर जनता दलयू नेताओं ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव व राज्यसभा सांसद खीरू महतो का आभार व्यक्त करते हुए मनोज कुमार को बधाई दी.

## झारखंड विश्वविद्यालय विधेयक 2025 जनविरोधी और असंवैधानिक : सुदेश महतो

**रांची।** आजसू पार्टी प्रमुख और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने झारखंड सरकार द्वारा लाए गए झारखंड विश्वविद्यालय विधेयक 2025 को पूरी तरह जनविरोधी और असंवैधानिक बताया है. उन्होंने कहा कि यह विधेयक छात्रों, शिक्षकों और विश्वविद्यालयों के अधिकारों का हनन करता है और राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था को राजनीतिक हस्तक्षेप का शिकार बना देगा. महतो ने आरोप लगाया कि झामुमो–कांग्रेस गठबंधन उच्च शिक्षा में जबरन दखल देकर शिक्षा की स्वायत्तता को खत्म करने की साजिश रच रहा है.महतो ने कहा कि यह विधेयक राज्यपाल के शैक्षणिक विशेषाधिकारों पर सीधा हमला है और विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता छीनने की कोशिश है. उन्होंने चेतावनी दी कि हेमंत सरकार छात्र–युवा शक्ति के बलिदान को नजरअंदाज न करे, क्योंकि झारखंड राज्य उन्हीं के संघर्ष से बना है.उन्होंने कहा कि प्रस्तावित विधेयक से छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया भी खत्म हो जाएगी, क्योंकि इसके अनुसार छात्र संघों का गठन कुलपति और प्राचार्य अपने अनुसार करेंगे. यह लोकतंत्र की हत्या है और छात्रों की आवाज को दबाने की कोशिश है. महतो ने मांग की कि इस काले कानून को तुरंत वापस लिया जाए, अन्यथा आजसू पार्टी जनता के साथ मिलकर इसका सशक्त विरोध करेगी.

## झारखंड शराब घोटाला :नविन केडिया समेत छत्तीसगढ़ के छह लोगों को एसीबी का समन

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला केस में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबीस) की कार्रवाई लगातार जारी है. झारखंड एसीबी ने इस मामले में छत्तीसगढ़ के छह लोगों को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है. एसीबी ने जिन लोगों को समन भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया है, उसमें छत्तीसगढ़ के दुर्ग के रहने वाले अरविंद सिंह, नवीन केडिया, अरुणपति त्रिपाठी, भाटिया वाइंस एंड कंपनी के मालिक भूपेंद्र पाल सिंह भाटिया, रायपुर के विकास अग्रवाल और विलासपुर के राजेंद्र जायसवाल का नाम शामिल हैं. सभी लोगों को 1 और 2 सितंबर को एसीबी कार्यालय आकर पूछताछ में शामिल होने के लिए कहा गया है. एसीबी को उम्मीद है कि इस पूछताछ में कई अहम खुलासे हो सकते है. **सितंबर 2024 में एजेंसी ने दर्ज की थी पीईः** उल्लेखनीय है कि झारखंड शराब घोटाला मामले में एसीबी ने पिछले वर्ष ही अपनी कार्रवाई शुरू कर दी थी. एसीबी ने इस मामले में 27 सितंबर 2024 को अपनी प्रारंभिक जांच (पीई) शुरू की थी. शराब घोटाला केस में एसीबी ने जो पीई दर्ज की थी, उसकी संख्या 03/2024 है.

## प्रखंड कार्यकर्ताओं की सक्रियता से ही राहुल गांधी बनेंगे देश के अगले प्रधानमंत्री: के राजू

शुभम संदेश। रांची



जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में संगठन सृजन अभियान के तहत नामकुम प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने ग्राम पंचायतों के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ संवाद चौपाल कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया. कार्यक्रम में सभी प्रखंडों में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटियों का गठन और बूथवार बीएलए की नियुक्ति की गई.

कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि यदि देश के प्रत्येक प्रखंड में कांग्रेस कार्यकर्ता सक्रिय हो जाएं तो निश्चित ही राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे. देश में गरीबों और वंचितों की आवाज सुनने वाला केवल राहुल गांधी हैं. उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर बल देते हुए कहा कि पंचायत और ब्लॉक स्तर पर हर महीने बैठक आयोजित की जानी चाहिए ताकि समस्याओं को समझकर समाधान की दिशा में कार्य किया जा सके.

**हर कार्यकर्ता लगाएं अपने घर पर पार्टी का झंडा : केशवः** प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर समिति गठन के साथ हर कार्यकर्ता के घर पर पार्टी का झंडा फहराना चाहिए. सभी बीएलए को वोटर लिस्ट उपलब्ध कराई जाएगी ताकि मृतकों के नाम हटाने और सूची को अद्यतन करने का कार्य गंभीरता से हो सके. विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि केंद्र सरकार आज जनरेटर की तरह है, जिसकी रोशनी तो जलती है, लेकिन मशीन खराब हो चुकी है. गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ केंद्र सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है. विधायक राजेश कच्छप कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी और विस्थापन जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन केंद्र सरकार इन मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए है. इस अवसर पर विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू, पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, मीडिया विभाग के अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, रांची जिला ग्रामीण मीडिया अध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## सुधांशु बने दुमका के पीडीजे, कई अन्य जजों का भी हुआ तबादला

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जिला जज रैंक के कई न्यायिक पदाधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है. इसकी नॉटिफिकेशन भी जारी कर दी गई है. ट्रांसफर-पोस्टिंग का नॉटिफिकेशन जारी होने के बाद इन्हें अविलंब नए पदस्थापन वाली जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है. सूची के मुताबिक, पाकुड़ सिविल कोर्ट में प्रिंसिपल फैमिली कोर्ट के जज के पद पर तैनात सुधांशु कुमार शशि को दुमका सिविल कोर्ट का प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज नियुक्त किया गया है. इसके साथ ही गढ़वा सिविल कोर्ट में प्रिंसिपल फैमिली कोर्ट के जज के पद पर तैनात कौशल किशोर झा को गढ़वा सिविल कोर्ट का प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज नियुक्त किया गया है. वहीं जमशेदपुर लेबर कोर्ट में कार्यरत तौफीकुल हसन को रामगढ़ सिविल कोर्ट का प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज नियुक्त किया गया है. इसके अलावा जिला जज रैंक के करीब आधा दर्जन से ज्यादा अधिकारियों का भी तबादला किया गया है.

## किताबी ज्ञान के साथ चरित्र का विकास भी जरूरी : शिल्पी

शुभम संदेश। रांची



कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल परिसर में दो दिवसीय इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कार्निवल का शुभारंभ किया. राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर उन्होंने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. आर्य ज्ञान प्रचार समिति की ओर से आयोजित इस खेल महोत्सव में तीन स्कूलों के करीब 600 छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं. मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल प्रतिभा और चरित्र का निर्माण भी बेहद जरूरी है. उन्होंने कहा कि बदलते दौर में शिक्षण संस्थान खेलों को बढ़ावा देकर बच्चों के शैक्षणिक, शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. उन्होंने छात्रों से कहा कि जीवन में सफलता के लिए पढ़ाई और खेल दोनों में शत-प्रतिशत क्षमता से प्रयास करना चाहिए. ऐसा करने पर सफलता अवश्य मिलती है. उन्होंने यह भी कहा कि स्पोर्ट्स कार्निवल जैसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच उपलब्ध कराते हैं.

इस अवसर पर आर्य ज्ञान प्रचार समिति के प्रधान एसएल गुप्ता, एलआर सैनी, प्राचार्य डॉ रवि प्रकाश तिवारी, प्राचार्य दीपक कुमार, प्राचार्य झुंपा सिंह, आलोक दुबे, सुशीला गुप्ता, प्रेम प्रकाश आर्य, अजय आर्य, संजय पोद्दार, संजय जैन, सुनील गुप्ता सहित कई गणमान्य मौजूद थे.

**भाजपा ने सौंपा ज्ञापन : राजभवन पहुंचा सूर्या एनकाउंटर मामला और नगड़ी जमीन विवाद**

# एनकाउंटर की सीबीआई जांच और रिम्स-2 का काम रोकने की मांग

शुभम संदेश। रांची



सूर्या हांसदा एनकाउंटर और नगड़ी में रिम्स-टू की जमीन विवाद के मामले को लेकर बीजेपी शुक्रवार को राजभवन पहुंच गई. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में राजभवन पहुंचे बीजेपी के प्रतिनिधिनमंडल ने राज्यपाल से इन दोनों मामलों पर हस्तक्षेप करने की मांग की. बीजेपी ने जहां सूर्या एनकाउंटर की सीबीआई जांच करवाने की मांग की, वहीं नगड़ी में रिम्स टू के निर्माण पर तत्काल रोक लगाने और किसानों पर हुए एफआईआर को वापस लेने की मांग की.

**एनकाउंटर नहीं सुनियोजित हत्या हुई थी :** बीजेपी ने राज्यपाल से कहा कि 11 अगस्त को सूर्या हांसदा का एनकाउंटर नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या की गई थी. मामले को लेकर पहले दिन से ही लगातार सवाल उठ रहे हैं. सूर्या हांसदा की मां और पत्नी ने इस मामले को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं. इस मामले में पुलिस अपना दामन बचाने के लिए सूर्या हासंदा को एक दुर्दांत अपराधी के रूप से पेश कर रही है. जबकि सूर्या हासंदा के जीवन का एक अन्य पहलू पुलिस के तमाम आरोपों को सिरे से झुठला रहे हैं. जिस सूर्या हांसदा को पुलिस अपराधी बता रही है, अदालत ने उन्हें किसी मुकदमे में अपराधी नहीं पाया है. पुलिस ने जिन 24 मुकदमों का जिक्र किया है उसमें से 14 में वे बाइज्जत बरी हो चुके थे. पांच मुकदमे में वे जमानत पर थे और पांच में जमानत विचाराधीन था. सूर्या हांसदा को अब तक किसी भी कोर्ट ने अपराधी घोषित नहीं किया था, फिर भी उनकी जान ले ली गई. यह न्याय व्यवस्था पर सीधा सवाल है. बीजेपी ने कहा कि मामले की जांच सीबीआई से हो और दोषियों को कड़ी सजा मिले. लेकिन राज्य सरकार इससे ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है. पूरी संभावना है कि गोड्डा पुलिस ने राजनीतिक दबाव में आकर सूर्या हांसदा की हत्या की है. सूर्या हांसदा के फर्जी एनकाउंटर में मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि की भूमिका भी संदिग्ध है.

### भूमि अधिग्रहण कानून का उल्लंघन कर रही सरकार

वहीं रांची के नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स टू को लेकर हो रहे विरोध पर बीजेपी ने राज्यपाल से कहा कि नगड़ी में रैयत किसानों की शत-प्रतिशत उपजाऊ भूमि पर जबरन रिम्स टू बनाया जा रहा है. सिर्फ अपनी हठधर्मिता के कारण राज्य सरकार इस खेतिहर जमीन पर सीएनटी, ग्राम सभा तथा भूमि अधिग्रहण कानून के प्रावधानों का सीधा उल्लंघन कर रही है. इस जमीन के लगभग 6 दशक से अधिक समय पूर्व में अधिग्रहण होने की बात सामने आ रही है.

इसलिए राज्यपाल राज्य सरकार को इस मामले की सीबीआई जांच कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दें.

**नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी का आरोप**

# एसीबी ने उत्पाद विभाग के दस्तावेज रात के अंधेरे में हटाए

शुभम संदेश। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने दावा किया कि एसीबी ने रात के अंधेरे में उत्पाद विभाग से भारी मात्रा में दस्तावेज को ट्रकों में भरकर गुपचुप तरीके से हटाया. यह कार्रवाई न तो सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा थी और न ही पारदर्शी, बल्कि पूरी तरह से संदिग्ध परिस्थितियों में की गई. मरांडी ने सवाल उठाया कि आखिरकार आधी रात को एक ट्रक भरकर कागजात क्यों हटाए गए? क्या इसके पीछे किसी बड़े भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश की जा रही है?



मरांडी ने आशंका जताई कि यह कार्रवाई राजनीतिक सरगनाओं और चुनिंदा अधिकारियों को बचाने की साजिश का हिस्सा हो सकती है. उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार, यह सब कुछ ईडी और सीबीआई की संभावित कार्रवाई से पहले साक्ष्य मिटाने की रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है. उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि क्या किसी विभाग के कागज़ात बिना विधिवत ज़ब्ती सूची बनाए, बिना फोटोकॉपी कराए, रात के अंधेरे में उठाना कानूनन सही है? क्या यह कार्रवाई मुख्यमंत्री की जानकारी और सहमति से हुई?

मरांडी ने यह भी दावा किया कि इससे पहले भी एसीबी द्वारा उठाई गई कुछ फाइलों के चलते राज्य में शराब दुकानों के नए आवंटन में बाधा आई है, जिससे राजस्व का नुकसान संभावित है. उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री इस मामले का संज्ञान लें और सुनिश्चित करें कि राज्य की जनता के हितों और सबूतों की रक्षा हो. उन्होंने चेतावनी दी कि "चाहे चोर कितना भी चालाक हो, वह कोई न कोई सुराग छोड़ ही देता है और वही सुराग इस पूरे खेल को एक दिन बेनकाब करेगा."

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शनिवार 30 अगस्त 2025 I भद्रपद शुक्ल पक्ष सप्तमी, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 143 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12





'हाटक' में एक्शन करते नजर आएंगी अदा शर्मा




पेज 12

## सदर अस्पताल में आज

| | |
|---|---|
| मेडिसिन | डॉ पीपी पांडेय तथा डॉ ईपिल टोपनो |
| हड्डी रोग | डॉ हरेंद्र कुमार |
| सर्जरी | डॉ जितेन्द्र चौधरी |
| नेत्र रोग | डॉ सरोजिनी मुर्मू |
| दंत रोग | डॉ स्नेहा केशरी |
| शिशु रोग | डॉ राजेन्द्र कुमार |
| मनोरोग | डॉ मिनाक्षी दुबे |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | डॉ रुमा प्रसाद |
| फिजियोथेरेपी | -- |
| फिजिशियन | डॉ शिवांश सिन्हा |

**गायनी इमर्जेंसी**

| | |
|---|---|
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | डॉ सुमन |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | डॉ सुरभी |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | डॉ सुरभी |

**जेनरल इमर्जेंसी**

| | |
|---|---|
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | डॉ राकेश रंजन |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | डॉ निलम बाला |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | डॉ मासूम आलम |

## महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का डीसी ने दिया निर्देश

# मुद्रा लोन आवदेनों को एक सप्ताह में मिले स्वीकृति : डीसी

शुभम संदेश। धनबाद






उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी (जेएसएलपीएस) के साथ समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में हुई. इस दौरान उपायुक्त ने बाघमारा में महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं आर्थिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए सैनिटरी नैपकिन निर्माण इकाई को एक समेकित परियोजना प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया. मनियाडीह सीएलएफ, टुण्डी के माध्यम से महिलाओं के लिए स्वरोजगार की दिशा में पत्तल-दोना निर्माण से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मशीन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव तैयार कर समर्पित करने का निर्देश दिया गया. इसके अलावा लेयर बर्ड फार्मिंग के लिए प्रखंड स्तरीय प्रस्तुतियाँ तैयार करने को निर्देशित किया गया.

**प्रखंडवार लाइवलीहुड प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश :** समीक्ष के क्रम में उपायुक्त महोदय के द्वारा सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक प्रखंडवार लाईवलीहुड का एक प्रस्ताव तैयार करेंगे एवं आगे का कार्य योजना कर 10-15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने को निर्देशित किया गया.बैठक में डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, सभी प्रखंड के बीपीएम, जिला जेएसएलपीएस की टीम मौजूद रहे.

### बीसी सखी लोकेशन अप्रूवल को दिशा-निर्देश

जेएसएलपीएस के डीपीएम द्वारा बताया गया कि 115 एसएचजी सदस्य जो कि बीसी बनने को इच्छुक हैं एवं आईआईबीएफ सर्टिफाइड हैं. विगत छः माह से बैंकों को सूची दिया गया है किंतु अभी तक बैंक द्वारा उन्हें बीसी लोकेशन का अप्रूवल संबंधित ग्राम पंचायत में नहीं दिया गया है. सभी 115 बीसी सखी को वनजीपी वन बीसी के तहत बीसी लोकेशन अप्रूवल को उपायुक्त के स्तर से संबंधित सभी बैंकों को एक पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया गया. बैठक में यह अवगत कराया गया कि एसएचजी सदस्यों का मुद्रा ऋण का लगभग 500 आवेदन विभिन्न बैंक शाखाओं में लंबित हैं. वर्तमान में केवल बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा मुद्रा ऋण स्वीकृत किया जा रहा है, बाकी बैंकों के द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है. उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी लंबित मुद्रा आवेदनों की सूची के साथ संबंधित बैंक शाखाओं को पत्र प्रेषित किया जाय एवं लंबित आवेदनों को एक सप्ताह के अंदर स्वीकृत करने का निर्देश दिया गया.

## सीएम हेमंत ने कल्पना संग रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन संग शुक्रवार को राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रहे स्व. रामदास सोरेन जी के संस्कार भोज में सम्मिलित होने घोड़ाबांधा, जमशेदपुर स्थित उनके आवास पर पहुंचे. यहां उन्होंने दिवंगत मंत्री स्व. रामदास सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मिल कर अपनी गहरी संवेदना जताई. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने स्व. रामदास सोरेन की धर्मपत्नी सूरजमनी सोरेन एवं उनके पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन तथा अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा उनका ढांढ़स बंधाया.

## ब्रीफ खबरें

### जेल में बंद गैंगस्टर फहीम खान की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित घाघीडीह केंद्रीय कारा में सजा काट रहे कुख्यात गैंगस्टर फहीम खान की तबीयत शुक्रवार को अचानक बिगड़ गई. स्वास्थ्य बिगड़ने की सूचना मिलते ही जेल प्रशासन ने तुरंत उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसका इलाज जारी है. गैंग्स ऑफ वासेपुर फेम कुख्यात अपराधी फहीम खान की तबीयत अचानक खराब होने के कारण शुक्रवार को उसे घाघीडीह केंद्रीय कारा से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल लाया गया. अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, फहीम खान को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर शिकायत हुई थी.

### धनबाद समेत नौ जिलों में आज भारी बारिश के आसार

**रांची।** झारखंड के नौ जिलों में 30 अगस्त को भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की गई है. इस संबंध में मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. राज्य के जिन जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान है उनमें मध्यवर्ती जिले रांची, खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, धनबाद, बोकारो, कोडरमा और लोहरदगा के अलावा पश्चिमी जिले पलामू, गढ़वा,लातेहार और चतरा शामिल हैं. इन इलाकों में कहीं-कहीं 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है. 31 अगस्त को भी राज्य के कुछ इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली बिजली गिरने को लेकर अलर्ट जारी किया है.

### मंत्री हफीजुल हसन को एयर एंबुलेंस से ले जाया गया दिल्ली

**रांची।** झारखंड के खेल, युवा कार्य एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली रेफर किया गया है. गुरुवार को तबीयत खराब होने पर उन्हें रांची स्थित पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था. पारस अस्पताल में भर्ती के दौरान मंत्री हसन की स्थिति कुछ हद तक स्थिर रही और वे स्वंय पैदल चलकर एंबुलेंस तक पहुंचे. एयर एंबुलेंस के जरिए उन्हें गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां उनकी आगे की चिकित्सकीय जांच और इलाज जारी रहेगा. उनके साथ उनका बेटा, भाई और निजी सचिव भी दिल्ली रवाना हुए हैं.

### जर्जर सड़क के विरोध में लाजिस्टिक पार्क का कार्य ठप

**निरसा।** गोपालगंज में निर्माणाधीन लाजिस्टिक पार्क के बीच से गुजरने वाली सड़क की जर्जर स्थिति के विरोध में शुक्रवार सुबह आक्रोशित ग्रामीणों ने कार्य ठप कर दिया. यह सड़क गोपालगंज, सिंह टोला, बेलकुपा, भातुडीह, जीतपुर सहित कई गांवों के लिए आवागमन का एकमात्र रास्ता है. इस मार्ग का उपयोग स्कूली बच्चे और ग्रामीण अपने दैनिक कार्यों के लिए करते हैं. लाजिस्टिक पार्क के भारी वाहनों के आवागमन के कारण सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है.

### तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आए बीसीसीएल कर्मी, हालत गंभीर

**बरोरा।** मुराईडीह फिटर ब्रेकर के पास लेडी डुमर निवासी बीसीसीएल कर्मी शेष नाथ प्रसाद राय को गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार हाइवा ने टक्कर मार दी. हादसे में कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाइवा बरोरा की ओर से तेज गति से आ रहा था, जब यह दुर्घटना हुई. घायल शेष नाथ को तुरंत डुमरा क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए धनबाद रेफर किया गया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे में कर्मी के दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. स्थानीय लोगों ने हाइवा की तेज रफ्तार को हादसे का मुख्य कारण बताया. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हाइवा चालक की तलाश जारी है. इस घटना ने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल उठाए हैं.

# मयूराक्षी नदी में डूबने से चार छात्रों की मौत

## दुमका में रहते थे सभी, नहाने के दौरान हुआ हादसा



शुभम संदेश। धनबाद

दुमका। जिले के जामा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिपुर गांव, जिसे स्थानीय तौर पर 'मिनी गोवा' के नाम से जाना जाता है, एक बार फिर दर्दनाक हादसे का गवाह बना. बीते गुरुवार को मयूराक्षी नदी में स्नान करने गए चार छात्रों की डूबने से मौत हो गई. शुक्रवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद चारों छात्रों के शव बरामद कर लिए गए. घटना ने जिलेभर को शोकाकुल कर दिया है.

**पहले एक, फिर तीन शव बरामद :** शुक्रवार की सुबह स्थानीय गोताखोरों की मदद से सबसे पहले कृष्ण सिंह (उम्र 17), निवासी बक्शीबांध, जिला स्कूल दुमका के 12वीं के छात्र का शव नदी से निकाला गया. इसके बाद मसानजोर से बुलाए गए विशेष गोताखोरों की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया और शेष तीन छात्रों के शव भी बरामद किए. गोताखोरों ने सबसे पहले कृष कुमार, पिता उमाकांत ठाकुर, निवासी सोनवाडंगाल का शव बरामद किया. फिर कुछ ही देर में आर्यन ठाकुर, जो गोड्डा निवासी नीलकंठ झा के पोते हैं, और आर्यन कुमार, एसपी कॉलेज दुमका में कार्यरत प्रोफेसर डॉ. कलानंद ठाकुर के पुत्र, का शव भी नदी से निकाला गया. चारों शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका भेज दिया है.

**कपड़े देख ग्रामीणों ने दी थी सूचना :** परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम दुमका शहर के रहने वाले ये चारों दोस्त घर से साथ निकले थे. देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की. इसी बीच जामा थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव के ग्रामीणों ने मयूराक्षी नदी के किनारे कपड़े और चप्पलें देखीं, लेकिन आसपास कोई नहीं मिला. ग्रामीणों ने तत्क्षण इसकी सूचना पुलिस को दी. जैसे ही परिजनों को खबर मिली, वे मौके पर पहुंचे और कपड़ों की पहचान की. इसके बाद नदी में डूबने की आशंका के चलते देर रात ही सर्च अभियान शुरू कर दिया गया.

**गहराई बनी हादसे का कारण:** स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर चारों छात्रों के शव बरामद हुए, वहां नदी में काफी गहराई है. निरंतर हो रही बारिश के कारण नदी का जलस्तर 20 फीट तक पहुंच गया था, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

**2016 में भी यहीं डूब गए छह छात्र:** गौरतलब है कि वर्ष 2016 में भी इसी स्थान पर स्नान करने गए छह छात्रों की डूबने से मौत हो गई थी. तब पांच शव बरामद कर लिए गए थे, लेकिन एक छात्र की लाश आज तक नहीं मिल पाई. यह दूसरा मौका है जब मयूराक्षी नदी में स्नान के दौरान इतनी बड़ी त्रासदी घटी है.

**सुरक्षा उपायों की मांग तेज :** लगातार हो रही ऐसी घटनाओं के मद्देनज़र स्थानीय लोग प्रशासन से नदी के इस खतरनाक हिस्से को चिन्हित कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग कर रहे हैं. ₹मिनी गोवा₹ के नाम से चर्चित इस क्षेत्र में युवाओं का आना-जाना बढ़ता जा रहा है, लेकिन सुरक्षा के कोई ठोस उपाय अब तक नहीं किए गए हैं.

### दूसरे दिन भी नहीं मिली दामोदर में डूबी संध्या

## आज एनडीआरएफ करेगी तलाश

**धनबाद।** धनबाद के सुदामडीह थाना क्षेत्र के भौंरा बाई क्वार्टर स्थित छठ घाट पर हुई एक दर्दनाक घटना को लेकर जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है. शुक्रवार को उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और उनकी पीड़ा को साझा करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया. इस दौरान शारदा सिंह ने धनबाद उपायुक्त और सीओ से बातचीत कर लापता बच्ची के शव को जल्द से जल्द बरामद करने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम को बुलाने की मांग की. जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि शनिवार सुबह एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर तलाशी अभियान शुरू करेगी. साथ ही, जिला परिषद अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग भी प्रशासन से की है. उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना से प्रभावित परिवार को आर्थिक और भावनात्मक सहायता प्रदान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है.

# पूरे अस्पताल परिसर में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे और इमरजेंसी हालात में बजेंगे हूटर

- उपायुक्त ने सुरक्षा का दिलाया भरोसा, डॉक्टरों ने शुरू की ओपीडी की सेवा
- एसएनएमएमसीएच में डॉक्टर के साथ हुए दुर्व्यवहार की घटना पर डीसी की बैठक
- घटना के वक्त ड्यूटी से नदारद रहने वाले होम गार्ड जवानों पर होगी कार्रवाई

शुभम संदेश। धनबाद



गुरुवार को एसएनएमएमसीएच में डॉक्टर के साथ हुई मारपीट और दुर्व्यवहार की घटना को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को एसएनएमएमसीएच अधीक्षक, एसएनएमएमसीएच प्रिंसिपल, डॉक्टर के साथ समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक की गई. इस दौरान एसएनएमएमसीएच अधीक्षक, एसएनएमएमसीएच प्रिंसिपल तथा डॉक्टरों ने घटना की विस्तार पूर्वक जानकारी उपायुक्त को दी. साथ ही उन्होंने उपायुक्त घटना पर कार्रवाई के साथ साथ सुरक्षा की मांग की. डॉक्टरों ने बताया की इमरजेंसी डिपार्टमेंट में घटना के वक्त ड्यूटी पर तैनात होम गार्ड के जवान वहां मौजूद नहीं थे. उपायुक्त आदित्य रंजन ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए ड्यूटी पर मौजूद न रहने वाले होमगार्ड के जवानों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया. अस्पताल प्रबंधन को अस्पताल परिसर में हूटर लगाने की बात कही ताकि ऐसी किसी भी आकस्मिक घटना होने पर तुरंत सभी को सूचना मिल जाए, यह हूटर अस्पताल परिसर में बने आरक्षी चौकी में भी लगे ताकि पुलिस के जवान तुरंत वहां पहुंच सके. इसके अलावा उन्होंने अधीक्षक, एसएनएमएमसीएच को पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी निर्देश दिया. उपायुक्त ने सभी डॉक्टरों को भरोसा दिलाया की एसएनएमएमसीएच अस्पताल में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जायेंगे. साथ ही दुर्व्यवहार करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी. इस वार्ता के बाद डॉक्टरों ने ओपीडी सेवा शुरू करने का निर्णय लिया. बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था नौशाद आलम, सरायढेला थाना प्रभारी, एसएनएमएमसीएच अधीक्षक, एसएनएमएमसीएच प्रिंसिपल तथा डॉक्टर मौजूद रहे.

### छेड़खानी का विरोध करने पर परिवार पर हमला

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के बालू बंकर में छेड़खानी का विरोध करने पर एक परिवार के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है. पीडिता ने बताया कि शुक्रवार को उनके भाई) के साथ पड़ोसी मोहम्मद मलिक (55) और उनके बेटे जीशान (18) ने गाली-गलौज शुरू की. विरोध करने पर जीशान और उनके दोस्तों ने उनके साथ छेड़खानी की. उनके परिजनों ने विरोध तो आरोपियों ने भाई और पिता को रॉड से मारकर जख्मी कर दिया. खुद पीडिता का भी सिर फट गयाऔर हाथ भी टूट गया है. सभी का इलाज झरिया के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है.

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर सांसद खेल महोत्सव की घोषणा

### 14 नवंबर से होगी खेलों की शुरुआत



शुभम संदेश। धनबाद

सांसद ढुल्लू महतो ने अपने कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सांसद खेल महोत्सव की घोषणा की. प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि आगामी 14, 15 और 16 नवंबर को धनबाद लोक सभा क्षेत्र के सभी विधानसभा में 8 तरह के खेल जिसमें क्रिकेट, कबड्डी, साइकलिंग, तीरंदाजी, मैराथन, फुटबॉल, वॉलीबॉल और कुश्ती के खेल शामिल हैं. सांसद ने बताया कि धनबाद लोकसभा क्षेत्रों के अलावे पूरे झारखण्ड से खिलाड़ी भाग लेंगे. जल्द ही खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन के लिए कैंप लगेगा. खेल का फाइनल मुकाबला एक ही स्थान पर किया जायेगा. शहरी के अलावे ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के प्रतिभा को निखारना इस खेल महोत्सव कराने का उद्देश्य है. इसमें बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए भी विशेष गतिविधियां रखी गई हैं.

### झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस ने कहा, अधिकारियों ने कोर्ट को किया है गुमराह

# जल संसाधन सचिव सहित चार पर जुर्माना

शुभम संदेश। रांची




झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने अवमानना के एक मामले में जल संसाधन विभाग के सचिव सहित चार अधिकारियों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

अदालत ने कहा कि अधिकारियों ने कोर्ट को गुमराह किया है। ऐसे में जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, मुख्य अभियंता जमील अख्तर, अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार और कार्यपालक अभियंता रंजीत कुजूर को 25-25 हजार रुपये जुर्माने के रूप में रजिस्ट्रार जनरल के पास जमा करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर को निर्धारित करते हुए कहा है कि यदि उक्त तिथि तक राशि जमा नहीं की गई, तो सभी अधिकारियों को फिर से कोर्ट में उपस्थित होना होगा।

यह राशि बाद में झालसा को स्थानांतरित की जाएगी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सिर्फ माफी से बात खत्म नहीं हो सकती, क्योंकि कोर्ट के आदेश का जानबूझकर किया गया उल्लंघन है।

अदालत ने कहा कि अवमानना की शक्ति अदालत को संविधान से मिली है। इसका इस्तेमाल बेहद सतर्कता और दुर्लभ परिस्थितियों में ही होना चाहिए।

लेकिन जब न्यायपालिका के आदेशों का जानबूझकर पालन न किया जाए, तब अदालत के पास कठोर कार्रवाई के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता।

इस संबंध में लखन प्रसाद यादव ने अवमानना याचिका दाखिल की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन ने अदालत को बताया कि प्रार्थी की नियुक्ति चतुर्थ वर्ग में हुई थी। लेकिन उससे 20 सालों से लिपिक (क्लास थ्री) काम लिया जा रहा था। हाई कोर्ट ने पूर्व में लिपिक के रूप में काम करने की अवधि का वेतन देने का आदेश दिया था। इस आदेश के खिलाफ सरकार ने अपील दाखिल की थी लेकिन अपील भी खारिज हो गई। सरकार सुप्रीम कोर्ट तक गई थी, तो सुप्रीम कोर्ट ने भी हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए चार हफ्ते में आदेश का पालन करने का निर्देश दिया था। इस मामले में 22 अगस्त को सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि उनकी राशि 11,87,230 रुपये बनती है। विभाग एक लाख का भुगतान गलत ढंग से दिखाकर शपथपत्र भी दाखिल कर दिया गया। अदालत ने इसे कोर्ट को जानबूझ कर गुमराह करने की कोशिश माना। सुनवाई के दौरान सभी अधिकारी अदालत में उपस्थित हुए और कोर्ट से माफी मांगी। अदालत ने अधिकारियों की लंबी सेवा और एक अफसर की सेवानिवृत्ति (31 अगस्त 2025) को देखते हुए नरमी बरती और हर अधिकारी पर 25 हजार का जुर्माना लगाया।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर सभी खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

राधे श्याम चौबे
जिला अध्यक्ष
श्री दुर्गा सोरेन सेना
धनबाद जिला



## लोदना में जल्द दूर होगी पेयजल समस्या

### विधायक के निर्देश पर हर घर जल योजना का किया गया निरीक्षण

शुभम संदेश। झरिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "हर घर जल मिशन के तहत झमाडा द्वारा संचालित जल परियोजना, जो पिछले डेढ़ वर्षों से एनओसी संबंधी अड़चन के कारण बाधित थी, अब तेज गति से प्रगति पर है. लोदना क्षेत्र के इस्लामपुर, लोदना बाजार, मस्जिद पट्टी, हाड़ी पट्टी, तिलाई बनी, कुजामा तथा बाई क्वार्टर सहित आसपास की बस्तियों में लगभग पाँच से छह हजार लोगों को शीघ्र ही स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध होने जा रही है. इसे लेकर झरिया विधायक रागिनी सिंह के निर्देश पर दिशा सदस्य सह भाजपा के जिला मंत्री राज किशोर जेना ने शनिवार को परियोजना स्थल का स्पॉट निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि यह योजना जनसेवा, प्रतिबद्धता और विकास का प्रतीक है, जो क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगी.



**झमाडा अधिकारियों के साथ बैठक :** झरिया विधायक रागिनी सिंह के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर दिशा सदस्य सह भाजपा के जिला मंत्री राज किशोर जेना ने शनिवार को झमाडा अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में जेएमसी द्वारा बिछाई जा रही पाइपलाइन में आ रही तकनीकी त्रुटियों पर चर्चा की गई तथा कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया गया. इस दौरान डिगवाडीह मांझी बस्ती में बिछाई गई पाइपलाइन से संबंधित शिकायतों पर आवश्यक सुधार करने का निर्णय लिया गया. साथ ही पुराने पाइपों की लीकेज मरम्मती, पर्याप्त प्रेशर के साथ जल आपूर्ति, तथा फिल्टरेशन प्लांट के मोटर की नियमित देखरेख पर बल दिया गया. बैठक में झमाडा झरिया-1 के एसडीओ सचिन झा, जेई अनमोल गुप्ता, आलोक कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

## इंजीनियरिंग छात्र की जालंधर में मौत



**बरोरा (शुभम संदेश)।** बरोरा थाना क्षेत्र के हरिणा निवासी निर्मल साव के 20 वर्षीय पुत्र और इंजीनियरिंग छात्र आकाश कुमार साव की मंगलवार को पंजाब के जालंधर में कॉलेज की छह मंजिला इमारत से गिरकर मौत हो गई. शुक्रवार दोपहर आकाश का शव हरिणा पहुंचा, जहां परिजनों और आसपास के लोगों में मातम छा गया. शव देखते ही परिवार और ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं. जानकारी के अनुसार, आकाश ने करीब एक माह पहले जालंधर के एक कॉलेज में बीटेक में दाखिला लिया था. वह बेहद होनहार और मेहनती छात्र था. उसके पिता निर्मल साव का हरिणा में प्रतिष्ठान है. मंगलवार को यह दुखद हादसा हुआ, जिसने पूरे परिवार और समुदाय को गहरे सदमे में डाल दिया. आकाश की असमय मृत्यु से हरिणा में शोक की लहर है. स्थानीय लोगों ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है.

## एसडीएम, डीटीओ एवं जिला खनन पदाधिकारी पहुंचे कुजामा लोडिंग प्वाइंट

### सात ट्रकों को कागजात दुरुस्त नहीं होने पर ले जाया गया थाना

शुभम संदेश। झरिया

धनबाद के एसडीएम सहित डीटीओ एवं जिला खनन पदाधिकारी शुक्रवार को कुजामा लोडिंग प्वाइंट पहुंचे. टीम के पहुंचते ही लोडिंग प्वाइंट पर हड़कंप मच गया. टीम द्वारा लोडिंग प्वाइंट पर कोयला लेने आए ट्रकों के कागजात की जांच की गई. कुल 47 ट्रकों में से छह ट्रक की कागजात दुरुस्त नहीं पाये गये. जिसमें इंश्योरेंस, फिटनेस, ओमर लोडिंग ट्रक से सम्बंधित अन्य कागजात की जांच की गई. इधर ट्रक एसोसिएशन के लोग भी आ गये. वे लोग जांच का विरोध करने लगे. उन लोगों का कहना था कि कागजात में कमी है तो फाइन अभी करें. ट्रक को थाने न भेजें. क्योंकि कोयला उठाव की अन्तिम तिथि 30 अगस्त है. इसके बावजूद भी अधिकारी नहीं मानें. बताते हैं कि कुजामा लोडिंग प्वाइंट पर 47 ट्रक



डीओ की कोयला उठाव के लिए पहुंचे थे. इसी दौरान टीम ने पहुंच कर छापेमारी की. सभी को सख्त हिदायत दी गई कि गाड़ी के कागजात दुरुस्त रखें, नहीं तो कारवाई की जायेगी. पकड़ाये वाहनों में वाहन संख्या में जेएच10जेड-2193, जेएच10ए-3492, जेएच10एएल-5014 तथा अन्य शामिल हैं. इसके अलावे अधिकारी कुजामा चेकपोस्ट भी पहुंचे. वहां पर तैनात जवान से ट्रकों की इंट्री और आउट होने के क्या-क्या नियम हैं, इसके बारे में पूछताछ की. धनबाद के जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने कहा कि रूटीन वर्क के तहत् कुजामा लोडिंग प्वाइंट पहुंचे थे. ट्रकों की कागजात की जांच की गई है. जिसमें कुछ ट्रकों की कागजात में कमी पाई गई है. जांच की जा रही है.

## ब्रीफ खबरें

### दुष्कर्म के फरार अभियुक्त घर इश्तेहार

**गोमो ।** राजगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत महेशपुर गांव निवासी हरिहर पुर थाना के दुष्कर्म कांड के फरार अभियुक्त मुकेश साव पिता कामदेव साव के घर शुक्रवार को हरिहरपुर थाना पुलिस ने ढोल बजाकर इश्तिहार चिपकाया. इस मौके पर थाना प्रभारी राहुल कुमार झा ने बताया अभियुक्त हरिहरपुर पुर गांव आया था. मौका पा कर महिला के साथ दुष्कर्म घटना को अंजाम देकर फरार हो गया.

### स्कूल के मुख्यद्वार पर पार्किंग से परेशानी

**तेतुलमारी।** डीनोबिली स्कूल भूली के मुख्य द्वार एटलेन सड़क पर पार्किंग किये जाने से आवागमन हो रहे असुविधा को लेकर शुक्रवार को बौआकला, मोहलीडीह के ग्रामीणों ने स्कूल के प्राचार्या से मिलकर मामले को अवगत कराया. ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल के मुख्य द्वार एटलेन सड़क पर स्कूल के बच्चों को लानेवाली वाहन पार्किंग की जाती है. जिससे एटलेन के सर्विस रोड आवागमन करने वाले को परेशानी का सामना करना पड़ता है. जबकि स्कूल से थोड़ी दूर पर घुमाव मार्ग है, जिसपर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होते रहती हैं. मुखिया भीमलाल रजक, पुर्व मुखिया मो आजाद के अलावा बौआकला उतर तथा मोहलीडीह के ग्रामीण शामिल थे.

### सड़क निर्माण निविदा पर रैयतों की आपत्ति

**गोमो।** ग्रामीण विकास विभाग, विशेष प्रमंडल, धनबाद द्वारा प्रखंड के चिनपुन से कतरास रोड होते हुए मझली गोडा, गेंदनवाडीह तक सड़क निर्माण कार्य की निविदा पर भूमि रैयतों ने आपत्ति जताई है. रैयतों ने उपायुक्त, धनबाद को आवेदन देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है. रैयतों का कहना है कि ग्रामीणों को विश्वास में लिए बिना सड़क निर्माण कार्य की अनुशंसा गोपनीय तरीके से की गई है. आरोप लगाया कि ठेकेदारी के उद्देश्य से इस योजना को अनुशंसित किया जा रहा है. कई योजनाएं जन उपयोगिता के बिना अनुशंसित की गई हैं, जिससे विवाद उत्पन्न हो रहा है. विभाग द्वारा बिना सर्वे किए निविदा प्रक्रिया शुरू की जा रही है. रैयत अर्जुन महतो ने कहा कि उपायुक्त, धनबाद और कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास को आवेदन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की गई है.

### महुदा इंटर कॉलेज स्थित जिला कल्याण विभाग द्वारा निर्मित छात्रावास का मामला

## छात्रावास खाली करने पहुंचे सीओ, 5 दिनों का दिया समय

शुभम संदेश। महुदा

उपायुक्त धनबाद जिला प्रशासन द्वारा महुदा इंटर कॉलेज स्थित जिला कल्याण विभाग द्वारा निर्मित एक सौ बेड के छात्रावास को खाली कराने के आदेश के तामिला कराने शुक्रवार को बाघमरा सीओ गिरजानंद किस्कू शुक्रवार को महुदा इंटर कॉलेज पहुंचे. सीओ किस्कू ने कॉलेज के सचिव दीप नारायण शर्मा को जिला प्रशासन का आदेश पत्र दिखाते हुए छात्रावास को अविलंब खाली करने को कहा. जिस पर सचिव दीप नारायण शर्मा ने सीओ से एक सप्ताह की वक्त देने की बात कही. इस पर सीओ ने 5 दिन का वक्त देते हुए कहा कि जिला प्रशासन इस छात्रावास को कल्याण गुरुकुल को स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया है. तत्पश्चात सीओ लौट गए. सीओ के जाने के पश्चात जीबी के सचिव दीप नारायण शर्मा ने कहा कि छात्रावास को कल्याण विभाग ने 17 अगस्त 2006 को पत्रांक संख्या-126 के द्वारा कॉलेज को स्थानांतरित किया है. यह कॉलेज की धरोहर है, इसे यथावत एवने के लिए जब तक इस सचिव के पद पर हम रहेंगे तब तक



लड़ाई लड़ते रहेंगे.

ज्ञात हो कि कॉलेज के संस्थापक सचिव मुखिया अब्दुल रब अन्सारी के प्रयास से मई 2006 में तत्कालीन पीएचईडी मंत्री जलेश्वर महतो की उपस्थिति में तत्कालीन कल्याण मंत्री रमेश सिंह मुंडा ने इस छात्रावास का शिलान्यास किया था. शिलान्यास के 3 माह पश्चात ही भवन को कॉलेज को स्थानांतरित कर दिया गया. वर्तमान में कॉलेज के छात्रावास में महुदा महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है. जबकि इंटर कॉलेज के प्राचार्य एवं सचिव का कक्ष भी इसी भवन में है. स्मरण रहे कि महुदा इंटर कॉलेज स्थित छात्रावास को कब्जा मुक्त कराकर पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक शिक्षित युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए कल्याण गुरुकुल संस्था को सौंपने के लिए जिला के अपर समाहर्ता सह अवैध छात्रावास कब्जा मुक्त समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार ने 14 अगस्त को पत्र जारी कर बाघमारा सीओ गिरजानंद किस्कू एवं बीडीओ लक्ष्मण यादव को दो दिनों के भीतर छात्रावास को कब्जा मुक्त करने का आदेश दिया था. इस आदेश के तहत बाघमारा सीओ शुक्रवार को कॉलेज पहुंचे थे. छात्रावास के इन्चार्ज प्रो. श्यामलाल महतो ने भी अपना पक्ष रखा. मौके पर मौजूद छात्र नेता ने कहा कि छात्रावास में पहले से मात्र 12 बच्चे ही रह रहे थे. नए सत्र में नामांकित बच्चों का नाम छात्रावास में चढ़ा दिया गया है. कॉलेज प्रबंधन जितना छात्रों के रहने की बात कर रहा है, उतने छात्र छात्रावास में नहीं रहते हैं.

## बाघमारा में टास्क फोर्स की बैठक

**बाघमारा (शुभम संदेश) ।** अवैध कोयला और बालू खनन पर रोकथाम के लिए शुक्रवार को बाघमारा प्रखंड परिषर में अंचल अधिकारी सीओ गिरजानंद किस्कू की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई. बैठक में सीओ ने बीसीसीएल के क्षेत्र एक से पांच तक के अधिकारियों और संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि यदि कहीं से भी अवैध बालू, कोयला या अन्य खनिज संपदा के खनन की सूचना मिलती है, तो तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच करें और अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ नामजद एफ आई आर दर्ज करें. सीओ ने यह भी निर्देश दिया कि अनुमंडल क्षेत्र में अवैध खनिज संपदा के खनन या भंडारण की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जाए. यदि कार्रवाई के दौरान कोई बाधा या परेशानी आती है, तो वरीय अधिकारियों को तुरंत सूचित करें. बैठक में बाघमारा डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार, ब्लाक दो के सुरक्षा अधिकारी एनएल यादव, बरोरा के नोडल सुरक्षा अधिकारी उत्सव कुमार, कतरास क्षेत्र से विजय कुमार, गोविंदपुर क्षेत्र से शशी रंजन, तोपचांची इंस्पेक्टर असीम कमल टोप्पो, सीआईएसएफ इंस्पेक्टर रविकांत रवि, टीवी रिजवी सहित टास्क फोर्स के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

## संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने मजदूरों के मुद्दे पर की बैठक

शुभम संदेश। झरिया

शुक्रवार को गोलकडीह डीपू धौड़ा में संयुक्त मोर्चा की बैठक आयोजित की गई. बैठक में कुजामा ट्रक लोडिंग कार्य से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई. बताया गया कि डीपू धौड़ा के समीप कुजामा में ट्रक लोडिंग का कार्य चल रहा है, जहां गरीब और दलित परिवार निवास करते हैं. भाकपा माले और बीसीकेयू के बीच आपसी विवाद के कारण इन परिवारों को ट्रक लोडिंग के काम से हटा दिया गया है, जिससे वे बेरोजगारी और भुखमरी का सामना कर रहे हैं. स्थानीय लोगों ने माले नेता से काम दिलाने की गुहार लगाई, लेकिन उनकी मांग अनसुनी रही. इससे मजदूरों में भारी आक्रोश है, और वे आंदोलन करने को मजबूर हो सकते हैं. संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने मांग की कि स्थानीय मजदूरों को हर हाल में ट्रक लोडिंग के काम में नियोजित किया जाए. उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग धूल और भारी ब्लास्टिंग जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, फिर भी उन्हें रोजगार से वंचित किया जा रहा है, जो अस्वीकार्य है. मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि मजदूरों को रोजगार नहीं दिया गया, तो आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी. बैठक में संयुक्त मोर्चा की ओर से झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के महानगर धनबाद कमेटी के संयुक्त सचिव राधेश्याम वाल्मीकि, जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) कुजामा शाखा सचिव प्रीतम रवानी, बीसीकेयू कुजामा शाखा उपाध्यक्ष कुंदन पासवान, वार्ड संख्या 46 के पार्षद पति रविंद्र भुइया, झामुमो धनबाद नगर कमेटी उपाध्यक्ष सोहन महतो, आदि उपस्थित थे.

## राजपूत नेता अम्बिका सिंह को श्रद्धांजलि

### क्षेत्रीय राजपूत समाज में शोक की लहर

शुभम संदेश। बरोरा

शुक्रवार को धनबाद-बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज के पूर्व केंद्रीय संगठन मंत्री स्वर्गीय अम्बिका प्रसाद सिंह के निधन पर उनके लेडीडुमर स्थित आवास पर शोक सभा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बोकारो के पूर्व विधायक विरंची नारायण, धनबाद-बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज के केंद्रीय सचिव गौतम सिंह और भाजपा नेता मनोज सिंह ने नम आँखों से स्वर्गीय अम्बिका प्रसाद सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की. शोक सभा में उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय अम्बिका प्रसाद सिंह के सामाजिक कार्यों और राजपूत समाज के लिए उनके योगदान को याद किया. पूर्व विधायक विरंची नारायण ने कहा अम्बिका प्रसाद सिंह



एक समर्पित समाजसेवी थे. जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा दिया. उनका निधन क्षेत्रीय राजपूत समाज के लिए अपूरणीय क्षति है. केंद्रीय सचिव गौतम सिंह ने भावुक होकर कहा अम्बिका जी हमारे समाज के स्तंभ थे. उनके मार्गदर्शन में हमने कई सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाया. उनकी कमी हमेशा खलेगी. वहीं, भाजपा नेता मनोज सिंह ने भी उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की. स्वर्गीय अम्बिका प्रसाद सिंह के पुत्र राजेश सिंह और सुंदरलाल सिंह ने शोक सभा में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर क्षेत्रीय राजपूत समाज के अन्य सदस्य और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वर्गीय अम्बिका प्रसाद सिंह की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की.

## न्यूज अपडेट

### बाइक दुकान में लगी आग, सात लाख की क्षति



**गोमो (शुभम संदेश)।** तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत भुइया चितरो स्थिर एक पुरानी बाइक बेचने वाली दुकान में गुरुवार की रात आग लग गई. जिसमें चार बाइक एवं जरूरी कागजात जल कर राख हो गए. दुकान संचालक मोहम्मद अजीम अंसारी ने बताया कि शाम को सारा काम कर दुकान बंद कर घर चले गए थे. रात लगभग दस बजे बगलगीर दुकान में आग लगने की सूचना मिली. तब वे दौड़े-भागे दुकान पहुंचे. तब आग काफी तेज हो गई थी और काबू कर पाना मुश्किल था. तोपचाँची थाना पुलिस को सूचना दी गई, पुलिस मौके पर पहुंची. फायर ब्रिगेड गाड़ी ने पानी का बौछार कर आग पर काबू पाया परंतु तब तक दुकान में रखे कई टायर सहित पूरी दुकान जल कर राख हो गई थी. कुल लगभग सात लाख की संपत्ति के नुकसान का आकलन किया जा रहा है. दुकानदार का कहना है कि किसी ने साजिा के तहत आग लगा दी है. पुलिस जांच में जुटी है.

### 8 सितंबर तक दरिदा मौजा में अतिक्रमण हटाएगी सरकार



**बरोरा (शुभम संदेश)।** धनबाद जिले के बाघमारा क्षेत्र के दरीदा मौजा अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन सरकार ने दिया है. जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय द्वारा विधानसभा में उठाए गए गैर सरकारी संकल्प के जवाब में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि अतिक्रमण वाद संख्या-7/2024-25 में प्रभावित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश जारी हो चुका है. मंत्री ने बताया कि बाघमारा अंचल कार्यालय द्वारा 8 सितंबर, 2025 को अतिक्रमित भूमि से चाहरदीवारी हटाने की तारीख निर्धारित की गई है. इसके लिए मजिस्ट्रेट और सशस्त्र पुलिस बल (महिला बल सहित) की तैनाती को धनबाद के अनुमंडल अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं. निर्धारित तिथि पर अतिक्रमण हटाकर अंतिम रिपोर्ट सौंपी जाएगी. सरयू राय की सख्त चेतावनी : मंत्री के जवाब पर विधायक सरयू राय ने कहा कि यह स्पष्ट है कि सरकार 8 सितंबर, 2025 तक अतिक्रमण के लिए बनाई गई चाहरदीवारी को हटा देगी. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो वे बाघमारा के अंचल अधिकारी, धनबाद के अनुमंडल अधिकारी और उपायुक्त के खिलाफ विधानसभा में अवमानना का मामला दर्ज कराएंगे.

**विधायक सरयू राय की चेतावनी, नहीं हुआ तो प्रशासन पर दर्ज होगा अवमानना का मामला**

### चिरकुंडा में कचरा का उठाव नहीं होने से नागरिक परेशान



**चिरकुंडा (शुभम संदेश)।** चिरकुंडा नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में बरसात के मौसम में कचरा का उठाव विभाग द्वारा सुचारु रूप से नहीं किए जाने के कारण नागरिक परेशान हैं. नागरिकों का कहना है कि कचरा का उठाव नहीं होने के कारण दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है. नगर परिषद के वार्ड संख्या 2 स्थित तालडांगा मुख्य सड़क जीटीरोड किनारे कचरा का ढ़ेर पड़ा हुआ है. जिस कारण स्थानिय नागरिकों सहित स्कूल आना जाना कर रहे बच्चों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है. वहीं विभाग के लोगों का कहना है कि 21 वार्डों में दो ट्रेक्टर से कचरा का उठाव किया जा रहा है. इस कारण कचरा का उठाव जल्दी कराने में परेशानी हो रही है. इस संबंध में विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने कहा कि अतिशिघ्र तालडांगा मुख्य सड़क किनारे से कचरा का उठाव करा दिया जाएगा.

### सुपरवाइजर भुवन गोप की विदाई

**कतरास (शुभम संदेश)।** रामकनाली कोलियरी 2 सीम प्रांगण में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन माइनिंग इंचार्ज ललन प्रसाद यादव की अध्यक्षता में की गई. कार्यक्रमों का संचालन राजेश सिंह ने किया. 31तारीख को इलेक्ट्रीकल सुपरवाइजर भुवन गोप की सेवानिवृत्ति पर उन्हें सम्मान सह विदाई दी गई. भुवन गोप के पत्नी और पूरा परिवार समारोह में शामिल हुआ. प्रबंधक बिष्णु कुमार एवं अधिक्षण अभियंता सुमित अभिषेक ने भुवन गोप को सभी के तरफ से शाल ओढ़ाया तथा सभी ने माल्यार्पण किया. मजदूर नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा, बिमलेश चौबे, हरेंद्र सिंह, राजेश मंडल, राघवेन्द्र पांडे, सत्येन्द्र सिंह, सरोज उपाध्याय, राजु सिंह, गोवर्धन महतो, सुनील कुमार, केडी प्रसाद, अमृत महतो, सिमांचल, संजय कुमार, मनोज चौहान, दिलीप रवानी, शंभू मांझी, मुन्ना भुइंया, परेश चावड़ा, योगेन्द्र प्रसाद, गोवर्धन बाउरी, भागीरथ दास, पूरन महतो, राजकुमार पासी, प्रिंस शर्मा, भागीरथ महतो, रघुनंदन विश्वकर्मा, पी.उपाधाय, नागेन्द्र प्रसाद, ओमकार सिंह, सतीश विद्यार्थी, गौरव दुबे, सत्येन्द्र दुबे, पिंटू विश्वकर्मा, मंगल मांझी, कुसुम देवी, बसंती देवी, पोबिया देवी सहित दर्जनों मजदूर ने समारोह को सम्बोधित कर अपने प्रिय नेता साथी को भावपूर्ण विदाई दी. अंत में पूर्व प्रबंधक डोमेन साहु ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

## खेलो झारखंड में कस्तूरबा विद्यालय गोविंदपुर बना ओवरऑल चैंपियन

शुभम संदेश। गोविंदपुर

खेलो झारखंड के तहत बीआरसी गोविंदपुर द्वारा भीतिया स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय उच्च विद्यालय गोविंदपुर ओवरऑल चैंपियन रहा. विद्यालय ने कबड्डी, खोखो, वॉलीबॉल और रस्सा कस्सी में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया. वॉलीबॉल अंडर-19 में प्लस टू उच्च विद्यालय यादवपुर विजेता और प्लस टू उच्च विद्यालय विराजपुर उप विजेता रहा. कबड्डी अंडर 17 मे उच्च विद्यालय बागसुमा विजेता और प्लस टू उच्च विद्यालय गोसाईडीह उपविजेता रहा. वॉलीबॉल अंडर17 में प्लस टू उच्च विद्यालय गोविंदपुर विजेता और प्लस टू हाई स्कूल नगरकियारी उपविजेता रहा। रस्साकसी अंडर-17 में प्लस टू उच्च विद्यालय बरवापूर्व विजेता और कस्तूरबा विद्यालय उपविजेता तथा अंडर 17 में मध्य विद्यालय कंचनपुर विजेता और कस्तूरबा उपविजेता रहा. इसमें मध्य



विद्यालय भीतिया ने भी पुरस्कार हासिल किये. बीईईओ विनोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यअतिथि प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, पूर्व उप प्रमुख डीएन सिंह, एसबीआई फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक नितेश कुमार सिंह, एजाज अहमद, सारथी मंडल, उमा मंडल, माथुर अंसारी, टिंकू अंसारी, मोइन अंसारी, सिद्धिक अंसारी, देबू महतो, नासिर अंसारी, आरिफ अंसारी, अयूब अंसारी, हुसैन अंसारी आदि ने पुरस्कार वितरित किए. इस आयोजन में बीपीओ प्रमोद कुमार, दीपक कुमार, मधुलता, सीता सिन्हा, डॉ शैलबाला, प्रभास रजक, मनोज शर्मा , अजहर हुसैन, अब्दुल सत्तार, राधा मोहन पांडेय, राजेश मंडल , कामेश्वर महतो, गणेश महतो, मनोवर हसन, विजय श्रीवास्तव, प्रशांत कुमार, श्यामसुंदर गोस्वामी, कमल भंडारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, आयन भंडारी, आसिफ अंसारी, शमशेर अंसारी, वासुदेव महतो, इब्राहिम अंसारी आदि का योगदान रहा.

## अंबेडकर अकेडमी ने कराई फुटबाल प्रतियोगिता

**लोयाबाद।** लोयाबाद हटिया ग्राउंड में अम्बेडकर अकेडमी स्कूल द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में सुभाष चंद्र बोस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविन्द्रनाथ टैगोर टीम को 2-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया. शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले के पहले हाफ में सुभाष चंद्र बोस टीम के पियुष चौहान ने बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई. द्वितीय हाफ में रविन्द्रनाथ टैगोर टीम ने गोल के कई प्रयास किए, लेकिन सफल नहीं हो सके. मैच के अंतिम समय में पियुष ने दूसरा और निर्णायक गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी. प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों को चार टीमों भगत सिंह, अब्दुल कलाम, सुभाष चंद्र बोस और रविन्द्रनाथ टैगोर में विभाजित कर मुकाबले कराए गए. विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई. स्कूल के प्राचार्य विनोद रस्तोगी ने



कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि इसके माध्यम से बच्चों में अनुशासन और बौद्धिक स्तर का विकास भी होता है. प्रतियोगिता में टीम के कोच जगतार सिंह और आलोक प्रसाद थे जबकि रेफरी की भूमिका किशन पासवान ने निभाई. मौके पर प्राचार्य विनोद रस्तोगी, सुमिता रावत, कामिनी भंडारी, रंजीत राजवंशी, एसएस प्रसाद, सुनील कुमार, खुशी कुमारी, चैताली दत्त, रेखा देवी, पूजा कुमारी, रितिका रावत, स्वप्न सरकार, राजनंदनी सिंह, प्रतिमा देवी, मालविका मुखर्जी, पिंकी कुमारी, बालेश्वर राय सहित कई लोग उपस्थित थे.

# एक्सपायरी सामग्री बेचने वाले दुकानों में छापेमारी

- दोषी दुकानदारों पर 500-1000 का जुर्माना
- जलाई गई एक्सपायरी डेट की सामग्रियां

शुभम संदेश। दुमका



जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड के बरमसिया गांव में प्रशासन को यह शिकायत मिली थी कि दुकान में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री बेची जा रही हैं। शिकायत के आलोक में फूड सेफ्टी ऑफिसर अंजना रानी मिंज ने कार्रवाई की. कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है. बरमसिया स्थित लक्ष्मी जनरल स्टोर और दास स्टोर में छापेमारी की गई. अंचलाधिकारी कपिल देव ठाकुर और स्थानीय पुलिस भी साथ मौजूद थे. इस दुकान में भारी मात्रा में एक्सपायरी खाद्य पदार्थ जैसे चायपत्ती, खाद्य तेल बरामद किए गए. इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और कई दुकानदारों ने अपना दुकान का सटर बंद कर दिया. इस टीम ने बरमसिया में किराना दुकान और मोहलपहाड़ी के मिठाई दुकानों में भी छापेमारी की. फूड सेफ्टी ऑफिसर अंजना रानी मिंज ने बताया कि जन संवाद के द्वारा एक शिकायत प्राप्त हुई थी. उपायुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को जांच किया गया. जो एक्सपायरी सामान बरामद हुए उन्हें तत्काल जलाकर नष्ट कर दिया गया. साथ ही साथ सैंपल के तौर पर कुछ सामान रख गए हैं. सैंपल को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा और उस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. तत्काल तीनों दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया. बरमसिया के किराना दुकानदार सुनील कुमार साह और हारु साहको एक-एक हजार और मोहलपहाड़ी मिठाई दुकानदार उत्पल कुमार लाहा को पांच सौ का जुर्माना लगाया गया.

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन

**डुमरी (शुभम संदेश)।** इसरी बाजार लायंस क्लब सेवा सदन में गुरुवार की रात्रि सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया. इसमें हटियाटांड में होने वाले दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा की गई है. मौके पर पूजा कमेटी का पुनर्गठन किया गया. बैठक की अध्यक्षता रामकिशोर शरण ने की. बैठक में पूजा कमेटी का संरक्षक के रूप में महेश प्रसाद डागा, संत कुमार बंका और भीमसेन सिंह को बनाया गया. अध्यक्ष भारत राम सेठ, कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशोर शरण, पवन गुप्ता सचिव, दामोदर प्रसाद सेठ उपाध्यक्ष, कैलाश माथुर, शंकर सोनी, अजीत कुमार सहसचिव, संजय कुमार सिन्हा, संजय सिंह कोषाध्यक्ष पंकज वर्मा सहकोषाध्यक्ष विक्की बरनवाल, बलवंत शरण सूचना एवं प्रसारण मंत्री शशिकांत बरनवाल खाद एवं आपूर्ति मंत्री संजीत राज चेतानी मीडिया प्रभारी रवि सिन्हा को बनाया गया है.

# प्रेम, विवाह और फिर विश्वासघात, नेपाली युवती गोड्डा थाने में मांग रही इंसाफ

- शारीरिक शोषण और लाखों की ठगी का लगाया आरोप

शुभम संदेश। गोड्डा

प्रेम के नाम पर शारीरिक शोषण और लाखों रुपये की ठगी की शिकार नेपाली मूल की युवती न्याय की आस में गोड्डा जिले के ठाकुरगंगटी थाना का चक्कर काट रही है. पीड़िता ने आरोप लगाया है कि नोएडा में पार्लर का काम करने के दौरान उसकी मुलाकात अलखु कुमार साह, पिता नरेश साह, निवासी ग्राम मंडरो, थाना ठाकुरगंगटी से हुई थी. जो एक प्लेसमेंट एजेंसी में कार्यरत था. जानकारी के अनुसार, मुलाकातों के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और बाद में दोनों ने मंदिर में जाकर शादी भी कर ली. शादी के बाद युवती



अलखु के साथ उसके गांव मंडरो भी आई थी. इसके बाद दोनों साथ मिलकर काम की तलाश में दुबई गए, जहां से लौटने के बाद युवती ने अलखु को मोबाइल व्यवसाय शुरू करने के लिए 25 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक मदद की. आरोप है कि व्यवसाय शुरू करने के बाद अलखु घर आने की बात कहकर दिल्ली से अपने गांव आ गया और फिर वापस नहीं लौटा. युवती के अनुसार, उसने कई बार अलखु से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. जब उसने खोजबीन शुरू की, तो पता चला कि अलखु इस समय कोलकाता में है और वहां किसी दूसरी लड़की के संपर्क में है. न्याय की आस में जब पीड़िता मंडरो स्थित अलखु के घर पहुंची, तो परिजनों ने उसे घर से भगा दिया, जबकि पीड़िता का दावा है कि पूरे मामले की जानकारी उसके परिजनों को पहले से थी. हताश होकर युवती ने ठाकुरगंगटी थाना में लिखित आवेदन दिया है. हालांकि, शिकायत दिए हुए कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. पीड़िता ने प्रशासन से जल्द से जल्द न्याय की मांग की है. वहीं, पुलिस ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है.

## ब्रीफ खबरें

### सागवान की लकड़ी लदा टेम्पू पकड़ाया

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी वन विभाग की टीम ने गुरुवार की रात अवैध लकड़ी लदे एक मालवाहक टेम्पू को पकड़ा है. विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है. मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग को अवैध रूप से लकड़ी परिवहन की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर टीम गठित कर छापेमारी की गई. इस दौरान पलमरुआ से सागवान की लकड़ी लोड कर परिवहन कर रहे टेम्पू को पकड़ा गया. हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन चालक भागने में सफल रहा. बताया गया कि पलमरुआ के पास के जंगलों से यह चंदीरी की ओर लाया जा रहा था. टीम ने फ़िलहाल लकड़ी लोड ऑटो को जब्त कर बीट कार्यालय ले आई.

### पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर कार्यशाला

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई 1.0) विषय पर आधारित प्रखंड स्तरीय प्रसार कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत प्रमुख ललिता देवी, उपप्रमुख नेहा कुमारी, मुखिया कन्हाई राम, एमओ प्रदीप राम सहित अन्य गणमान्य की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर की गई. कार्यक्रम का संबोधित करते हुए प्रतिभागियों को पीएआई 1.0 के प्रभावी प्रसार एवं पीएआई 2.0 के आगामी क्रियान्वयन के अंतर्गत पंचायतों की भूमिका, सूचकांक आधारित विकास मूल्यांकन तथा स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजीएस) के अनुरूप नियोजन की दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए.

### हर्षोल्लास के साथ मनाया मनसा पूजा

**गावां (गिरिडीह)।** गावां बायपास में शुक्रवार को मनसा पूजा हर्षोल्लास के बीच बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. मनसा पूजा को लेकर गावां बायपास में ईश्वर की मनसा मां के मंदिर में पूजा अर्चना किया तथा पूजा पकवान का भोग लगाया गया. इस दौरान जय जय मां मनसा, जय विषहरी जय सहित भक्ति गीत गूंजते रहे. शिला देवी उर्फ बछिया देवी ने बताया की कई वर्षों से यहां पर मनसा माँ का पूजा हो रही है. बायपास में आयोजित मां मनसा की पूजा में अन्नू देवी, अनिल राम, धीरज राम, अमन कुमार, रितेश कुमार व आशीष कुमार का सराहनीय योगदान रहा.

### श्रीगणेश महोत्सव पर भक्ति जागरण

**कसमार (बोकारो)।** गोमिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, कसमार के जिप सदस्य अमरदीप महाराज एवं गोमिया प्रखंड के जिप सदस्य आकाश लाल सिंह ने गुरुवार रात्रि एवं शुक्रवार को कसमार प्रखंड के विभिन्न गणेश पूजा पंडालों का दौरा कर मत्था टेका व आशीर्वाद लिया. इस दौरान चंडीपुर में आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम का पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो व जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने दीप जलाकर व फीता काटकर उद्‌घाटन किया. इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि ईश्वर की भक्ति ही मानव को समस्त दुखों से मुक्ति दिलाती है. उन्होंने कसमार, चंडीपुर एवं दांतु में पूजा पंडाल का दौरा कर श्री गणेश की पूजा अर्चना की एवं क्षेत्र के लोगों के सुख समृद्धि की मंगलकामना की. इधर शुक्रवार दोपहर गोमिया के जिप सदस्य व पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह का भतीजा आकाश लाल सिंह ने भी चंडीपुर एवं कसमार में गणेश महोत्सव में शामिल होकर प्रतिमा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया.

# लापता तलाकशुदा की हत्या में जीजा समेत दो गिरफ्तार

## पुलिस ने शव के अवशेष और घटना में प्रयुक्त मोबाइल किया बरामद

- 8 महीनों से थी लापता
- गला दबाकर की हत्या
- बोरे में भर शव को कुएं में दिया था फेंक

शुभम संदेश। दुमका




करीब आठ महीने पूर्व लापता हुई तलाकशुदा महिला शैम्पू खातुन की हत्या का खुलासा करते हुए काठीकुंड थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मृतका के जीजा ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या की थी और शव को पत्थर के साथ बोरे में भरकर कुएं में फेंक दिया था. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर शव के अवशेष व घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद कर लिया है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाहिद अंसारी और करीम अंसारी के रूप में हुई है, जो शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं. एसपी दुमका ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 25 दिसंबर 2024 को करीम अंसारी ने शैम्पू खातुन को उसकी बहन के बीमार होने की बात कहकर शिकारीपाड़ा के बरमसिया बुलाया. वहां से वे उसे मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत धमना पहाड़ी के पास, चिरुडीह गांव के बाहर एक सुनसान स्थान पर ले गए, जहां दोनों ने मिलकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी. बाद में शव को बोरे में भरकर, उसमें भारी पत्थर बांधकर एक कुएं में फेंक दिया. हत्या के बाद भी आरोपी खुद को निर्दोष दिखाने के लिए पुलिस से लगातार अपहता को तलाशने की गुहार लगाता रहा. पुलिस को गुमराह करने की भी कोशिश की जाती रही. मृतका के पिता खैरुद्दीन अंसारी ने पहले 3 जनवरी 2025 को काठीकुंड थाना में बेटी की गुमशुदगी का सनहा (संख्या 18/2025) दर्ज कराया था. चार माह बाद 7 मई 2025 को बाबु मोहली नामक व्यक्ति पर अपहरण का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी (कांड संख्या 25/2025). मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया. तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 28 अगस्त को शाहिद अंसारी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया. सघन पूछताछ के बाद उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और साथी करीम अंसारी का भी नाम उजागर किया. पुलिस ने घटनास्थल से शव बरामद कर लिया है और मामले में डीएनए जांच कराए जाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है. पुलिस अब अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है.

## 19 साल से फरार वारंटी समेत चार गिरफ्तार

**बेंगाबाद (शुभम संदेश)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बेंगाबाद थाना पुलिस ने गुरुवार की रात विशेष समकालीन अभियान चलाकर चार वारंटियों को गिरफ्तार किया. थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जुड़पनिया गांव निवासी पांडु मांझी (पिता स्व. दोगल मांझी) पर न्यायालय द्वारा कुर्की-जप्ती का आदेश जारी था. वह करीब 19 वर्षों से वन विभाग के एक मामले में फरार चल रहा था. गुप्त सूचना पर छापेमारी कर पुलिस ने उसे घर दबोचा. इसके अलावा तीन अन्य वारंटियों को भी गिरफ्तार किया गया है. इनके विरुद्ध न्यायालय में अनुपस्थित रहने के कारण वारंट जारी हुआ था. पुलिस अब इनके जमानत संबंधी रिकार्ड की जांच कर रही है.

## साहू समाज ने जमुआ पुलिस को किया सम्मानित

**जमुआ (शुभम संदेश)।** जमुआ पुलिस की बेहतर कार्यशैली को लेकर साहू समाज जमुआ के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया. बीते बुधवार को केडी ज्वेलर्स में डकैती की योजना बना रहे आठ अपराधियों में पांच को देशी पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस के साथ दबोच लिया था. प्रतिनिधि मंडल में साहू समाज के अध्यक्ष कामदेव साव, समाज सेवी राजकुमार साहू, दिलीप साहू, अजीत राय, पवन कुमार साव, दीपक साहू शामिल थे.

## न्यूज अपडेट

### जमुआ : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**जमुआ (शुभम संदेश)।** जमुआ रेम्बा मुख्य मार्ग हीरोडीह थाना क्षेत्र के कारीपहरी गड़कुरा में सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत घटना स्थल पर हो गयी. मृतक की पहचान जमुआ थाना क्षेत्र के चुंगलो निवासी मनोज कुमार राम उम्र 50 वर्ष पिता स्व भगवान दास राम के रूप में हुई है. मौके पर घटना की सूचना पर हीरोडीह पुलिस पहुंची. शव को पोस्टमार्टम के लिए अंत्यपरीक्षण के लिए गिरिडीह भेज दिया.मृतक मनोज कुमार राम अपने घर चुंगलो से अपाची बाइक पर किसी काम को लेकर खोरीमहुआ गया था. लौटने के क्रम में बिजली पोल में टकराकर जमीन पर गिर गया और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी.

### आपसी विवाद में दोस्त की चाकू मारकर हत्या

**बोकारो (शुभम संदेश)।** सिटी थाना क्षेत्र के एलएच कॉलोनी में शुक्रवार को एक आपसी विवाद में दोस्त ने अपने ही दोस्त की चाकू मारकर हत्या कर दी. मृतक की पहचान रवि कुमार, निवासी बीएसएल के एलएच कॉलोनी के रूप में हुई है. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई. जानकारी के अनुसार, रवि कुमार और उसके दोस्तों के बीच मोबाइल को लेकर विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गया. बहस के दौरान आरोपी अमन झा ने रवि पर चाकू से हमला कर दिया. घटना के बाद अमन और उसके साथियों ने घायल रवि को घटनास्थल पर छोड़ के फरार हो गए, वहां मौजूद पब्लिक ने रवि को कॉपरेटिव कॉलोनी स्थित कृष्णा नर्सिंग होम ले गए,कृष्णा नर्सिंग होम द्वारा रवि को बोकारो जनरल अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद पुलिस ने अमन झा को धर दबोचा.

### उसरी नदी में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**गांडेय (शुभम संदेश)।** ताराटांड थाना क्षेत्र के नीमाटांड गांव के समीप उसरी नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है. मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लाहेरडाह गांव निवासी साहेब राम के 41 वर्षीय पुत्र मुंशी मांझी के रूप में हुई है. थाना प्रभारी सुशांत कुमार चिरंजीवी ने बताया कि मुंशी मांझी का शव उसरी नदी में एक पत्थर से फंसा हुआ था. ग्रामीणों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### सहयोगिनी ने कराया किशोरी फुटबॉल और कबड्डी टूर्नामेंट

**बोकारो (शुभम संदेश)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर, सहयोगिनी संस्था ने कसमार प्रखंड के रंगामाटी खेल मैदान में एक दिवसीय किशोरी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया. इस आयोजन में किशोरी फुटबॉल, कबड्डी और दौड़ प्रतियोगिताएं शामिल थीं. इस आयोजन में दुर्गापुर, बगदा, टांगटोना और खैराचातर पंचायतों की किशोरी टीमों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया. मुख्य अतिथि के रूप में सहयोगिनी संस्था की सचिव ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित कर उनका हौसला बढ़ाया. इस दौरान उन्होंने कहा कि सहयोगिनी संस्था द्वारा किशोरियों के साथ कसमार प्रखंड में नेतृत्व क्षमता विकास तथा उनके बीच होने वाली हिंसा को समाप्त करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि प्रखंड के 30 गांव में किशोरी क्लब बनाकर के उनके साथ लगातार कार्यक्रम आयोजित किया जाता है.

### आमजनों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि: डीसी

**दुमका (शुभम संदेश)।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में विधि-व्यवस्था की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी. बैठक में जिले में विधि-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए आगामी त्योहारों एवं विशेष अवसरों पर शांति-व्यवस्था बनाए रखने हेतु कई अहम निर्णय लिए गए. उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सड़क जाम करने अथवा कानून हाथ में लेने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोपरि है, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है. उन्होंने जानकारी दी कि दशहरा एवं अन्य महत्वपूर्ण पर्वों/अवसरों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाएगी, ताकि भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों पर पैनी नजर रखी जा सके. साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि जिले में स्थापित कंट्रोल रूम को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. उपायुक्त ने नगर निकाय एवं संबंधित विभागों को खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को अविलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया, जिससे रात्रि के समय आमजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो. साथ ही उन्होंने सड़क यातायात सुगम बनाने हेतु अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर मुख्य मार्गों एवं सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने का भी निर्देश दिया. बैठक में उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को हिट एंड रन मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

### रोटरी क्लब ऑफ बोकारो ने किया बच्चों को पुरस्कृत

**बोकारो (शुभम संदेश)।** पं. एम. श्री पंचानन राजलक्ष्मी +2 उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एक दिवसीय अंतर विद्यालयीय खेल का भव्य आयोजन किया गया. इस अवसर पर वॉलीबॉल एवं खो-खो प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास के 6 सरकारी विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन कर खेल भावना का परिचय दिया. विजयी खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों को रोटरी क्लब आफ बोकारो मिडटाउन कपल्स द्वारा पुरस्कृत किया गया. इस पुरस्कार वितरण में रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स ने सहयोग करते हुए सभी पुरस्कारों को प्रायोजित किया. रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स के अध्यक्षा मिनी स्टीफन कपूर, क्लब के सचिव मोहित अग्रवाल ने बताया कि रोटरी क्लब हमेशा से ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके. कहा स्कूल की चारों टीमों गंगा, कोयल, दामोदर और स्वर्णरेखा के सदस्यों को टीम की जर्सी को क्लब की तरफ से बच्चों को प्रदान की जायेगी.

### स्वास्थ्य उपकरणों का वितरण

**डुमरी (शुभम संदेश)।** नगरी उप स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा शुक्रवार को दर्जनों ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी उपकरण बैसाखी, ब्लाइंड स्टिक,कमर बेल्ट,नी-कैप तथा महिलाओं व युवतियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया. इस दौरान आयुष डॉक्टर मनोज महतो ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की एवं दवाई दी. जिप सदस्य धनंजय प्रसाद ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छी पहल हो रही है. इस दौरान मुखिया जितेंद्र दास आंगनबाड़ी सेविका सुनीता देवी पद्मावती देवी शोभा साव आदि उपस्थित थे.

### ओझा परिवार का विघ्नहंता गणेशोत्सव आरम्भ

**बोकारो (शुभम संदेश)।** ओझा परिवार द्वारा विघ्नहंता मंगलमूर्ति भगवान श्रीगणेश की दो दिवसीय पूजा शुक्रवार को पर्यावरण-मित्र आश्रम में धूमधाम से प्रारंभ हुई. विधिविधान द्वारा पं. अखिलेश ओझा एवं पं आकाश पांडेय ने भगवान की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा करायी. पूजा की संयोजक अनीता ओझा तथा भाजपा नेता शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने अपने पुत्र अनुपम ओझा के साथ मिलकर भगवान का पूजन कर भारत के विकास और मजबूती की कामना के साथ ही संपूर्ण देश वासियों के कल्याण का आशीर्वाद मांगा.

# ईएसएल स्टील ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

## तीरंदाजों को किया गया सम्मानित

शुभम संदेश। बोकारो



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ईएसएल स्टील लिमिटेड अपने वेदांता ईएसएल आर्चरी अकादमी के युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियों को सम्मानित किया. 2018 में स्थापित इस अकादमी में आज 55 से अधिक बच्चे पेशेवर कोचों से प्रशिक्षण ले रहे हैं. यहाँ उन्हें अभ्यास के साथ-साथ तीरंदाजी के उपकरण, पौष्टिक आहार, फिटनेस और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का अवसर दिया जाता है. अब तक अकादमी के खिलाड़ियों ने 185 मेडल जीते हैं, जिनमें से 10 राष्ट्रीय स्तर पर हैं. इस अकादमी से युवाओं ने सफलता का परचम फहराया है. इनमें यवना यादव (10 साल, मुनीडीह गाँव) ने 2022 में नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप किड्स में गोल्ड मेडल, और 2023 व 2025 में एनटीपीसी चेरुकुरी लेनिन मेमोरियल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल, कृतिका कुमारी (सियालजोड़ी) ने 2024 में मिनी नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल एवं चित्रंजन टुडू (भगबांध) ने 2023 में नेशनल गेम्स में झारखंड का प्रतिनिधित्व किया. ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी नेशनल्स में सिल्वर मेडल जीता और 2024 में सरकारी छात्रवृत्ति प्राप्त किया.

# मदरसा में छात्रा की मौत पर सवाल पोस्टमार्टम में देरी से परिजन आक्रोशित

शुभम संदेश। गोड्डा



महगामा के एक मदरसा हॉस्टल में गुरुवार को एक नाबालिग छात्रा की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेजा, लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पोस्टमार्टम नहीं हो सका, जिससे परिजन आक्रोशित हैं. मृत छात्रा के पिता मो. तैयब ने बताया कि गुरुवार सुबह 9 बजे शव अस्पताल भेजा गया. घंटों इंतजार के बाद डॉक्टरों की तीन सदस्यीय टीम पोस्टमार्टम रूम में गई, लेकिन बाहर आकर सिर्फ इतना कहा कि जांच में कुछ स्पष्ट नहीं हो रहा है, शव को दुमका ले जाइए. उन्होंने बताया कि गोड्डा से दुमका भेजने के लिए जो एम्बुलेंस दी गई, उसमें डीजल तक नहीं था. कर्मचारियों ने कहा कि डीजल परिजनों को देना होगा. इसको लेकर घंटों बहस हुई और किसी तरह शव को दुमका ले जाया गया. परिजनों ने आरोप लगाया कि जानबूझकर मामले को दबाने और परेशान करने की कोशिश हो रही है. उन्होंने मदरसा संचालक और मुख्य मौलवी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपने परिवार के साथ वहीं रहता है और पैसे के दम पर पूरे इलाके में पकड़ बनाए हुए है. उसका इतना प्रभाव है कि कोई उसके खिलाफ बोलने को तैयार नहीं है. पीड़िता के पिता ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है. पहले भी ऐसी घटनाएं मदरसे में हो चुकी हैं, लेकिन हर बार मामले को दबा दिया गया. उन्होंने कहा कि मैं अपनी बेटी के लिए आवाज उठाऊंगा, ताकि दूसरी बेटियों को इंसाफ मिल सके. पूर्व विधायक अमित मंडल ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि गोड्डा में दो-दो मंत्री हैं, लेकिन किसी ने पीड़ित परिवार की सुध नहीं ली. उन्होंने कहा कि मामला महिला आयोग तक पहुंचा दिया गया है और न्याय दिलाने की लड़ाई जारी रहेगी. फिलहाल पुलिस जांच जारी है, परिजन न्याय की मांग पर अड़े हुए हैं.

# जनता दरबार में सोनाराम का पेंशन ऑन स्पॉट स्वीकृत

- 24 घंटे में शिकायतों पर कार्रवाई का निर्देश
- टालमटोल या देरी पर सख्ती की चेतावनी

शुभम संदेश। बोकारो



शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित उपायुक्त के जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से लोग उपस्थित हुए. जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की गंभीरता से सुनवाई की गई तथा कई मामलों में मौके पर ही निर्णय लेकर आवेदकों को राहत प्रदान की गई. इसी क्रम में चंदनकियारी प्रखंड के तेतुलिया ग्राम निवासी सोनाराम मांझी, जो कि लंबे समय से पेंशन स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रहे थे, का मामला उठते ही उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर संबंधित शाखा द्वारा तत्काल ऑन स्पॉट पेंशन स्वीकृत किया गया. इससे सोनाराम मांझी के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी. उपायुक्त ने जनता दरबार के दौरान अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों का निवारण शीघ्र किया जाए. उन्होंने संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, बीडीओ/सीओ को जन शिकायत कोषांग द्वारा जारी पत्र प्राप्त होने के 24 घंटे के भीतर कोषांग को लिखित जवाब समर्पित करना सुनिश्चित करने को कहा. स्पष्ट कहा कि अनावश्यक विलंब अथवा टालमटोल की प्रवृत्ति को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. जनता दरबार के दौरान बीसीपीएल से संबंधित अनुसूचित जाति (एससी) समाज के लोगों द्वारा किए गए शिकायत पर सुनवाई के क्रम में उपायुक्त ने विशेष रूप से उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्गों एवं वंचित समुदायों से संबंधित शिकायतों के निपटारे में गंभीरता और संवेदनशीलता बरतें. उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता सूची में रखा जाए. जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, विद्युत प्रमंडल, वन प्रमंडल, भूमि पर कब्जा, पिंड्राजोरा थाना, शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, अंचल कार्यालय चास/पेटरवार, बीएसएल, अबुआ आवास/पीएम आवास, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे.

## बाइक दुर्घटना में ग्राम रोजगार सेवक घायल

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** उधवा प्रखंड राधानगर थाना क्षेत्र के शांतिमोड़ के निकट शुक्रवार को बाइक दुर्घटना में ग्राम रोजगार सेवक शमशाद आलम गंभीर रूप से घायल हो गए. जानकारी के अनुसार उधवा प्रखंड कार्यालय में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवक शमशाद आलम बाइक पर सवार होकर शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे पश्चिमी प्राणपुर पंचायत भवन से प्रखंड कार्यालय के लिए लौट रहे थे. इसी बीच शांतिमोड़ के निकट सड़क पर अचानक गाय दौड़कर बाइक के सामने आ गया. जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक चालक सड़क पर गिर गया. जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. बताया जा रहा है कि उनके सिर पर गंभीर चोट लगी है. घटना की सूचना मिलते ही ग्राम रोजगार सेवक महताब आलम मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए आनन-फानन में साहिबगंज सदर अस्पताल ले गया. समाचार लिखे जाने तक चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रहा था.

## ब्रीफ खबरें

### पोषण भी पढ़ाई भी का प्रशिक्षण

**धनबाद।** धनबाद जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप की अध्यक्षता में पोषण भी, पढ़ाई भी प्रशिक्षण का आयोजन डीआरडीए सभागार में किया गया. उक्त प्रशिक्षण में राज्य से उपनिदेशक रांची डॉ मुकेश कुमार मौर्य द्वारा निरीक्षण भी किया गया. साथ में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अलका रानी भी थी. मास्टर ट्रेनर्स के रूप में सुनीता कुमारी, कामिनी कुमारी, बीना कुमारी, मुगली हंसदा उपस्थित थीं. इनके द्वारा 0-3 वर्ष के बच्चों के लिए नवचेतना तथा 3-6 वर्ष के लिए आधारशिला की जानकारी दी गई. डॉ मौर्य ने आईसीडीएस के महत्व तथा सेविका के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया. इसके अलावा यह कार्यक्रम बाघमारा प्रखंड में भी की गई.

### डीआरएम ने किया शक्तिनगर-सिंगरौली रेल खंड का निरीक्षण

**धनबाद।** मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र द्वारा शक्तिनगर-सिंगरौली-धनबाद रेल खण्ड का गहन निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंगरौली एवं रेनुकूट स्टेशनों पर यात्री सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया. साथ ही ओबरा यार्ड एवं चोपन वाशिंग पीट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. रेनुकूट स्थित हिंडाल्को के अधिकारियों के साथ माल लदान संबंधी विषयों पर चर्चा की गई. मंडल रेल प्रबंधक ने शक्तिनगर-सिंगरौली-धनबाद रेल खण्ड एवं बरवाडीह यार्ड में विभिन्न परिचालन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन कर सुधार को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए.

### सांसद-विधायक को किया सम्मानित

**महुदा।** विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार दास ने शुक्रवार को अपने साथियों के साथ सांसद ढुलू महतो एवं बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो को नीला गमछा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. विधायक महतो को झारखंड विधान सभा में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम को शामिल करने की बात विधानसभा में रखने पर पूरे दलित समाज की ओर से धन्यवाद दिया.

# एफसीआईएल क्वार्टर कब्जाधारियों को मिलेगा 1 लाख

## टासरा परियोजना के लिए आर एंड आर समिति की बैठक संपन्न

## एफसीआईएल की जमीन पर घर बना कर रहने वालों को 4 लाख

शुभम संदेश। धनबाद



स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के टासरा परियोजना के लिए गठित पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन (आर एंड आर) समिति की बैठक शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में आयोजित की गयी. प्रभारी महाप्रबंधक टासरा, सेल ने पावर पॉइंट प्रेज़न्टैशन के माध्यम से बताया कि उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय द्वारा एफसीआईएल की 304 एकड़ भूमि दीर्घ कालीन लीज के माध्यम से सेल को टसरा परियोजना के उपयोग को स्वीकृति प्रदान की है. उक्त भूमि के लीज हस्तांतरण से लगभग 1500 परिवार जिसमें 901 एफसीआईएल क्वाटर में अतिक्रमण कर रहने वाले परिवार हैं. जबकि 460 ऐसे परिवार हैं जो एफसीआईएल की भूमि पर स्वयं का घर बनाकर रह रहे हैं.78 परिवार एफसीआईएल से लीज पर क्वार्टर लेकर रहते हैं तथा 96 ऐसी सरंचनाएं हैं जिनका उपयोग व्यवसायिक एवं अन्य कार्यों में किया जाता है. इसके संबंध में सभी सदस्यों द्वारा गहन विचार विमर्श किया गया. जिसके पश्चात एफसीआईएल क्वार्टर में अतिक्रमण कर रहने वाले परिवारों को परिवहन एवं पुनर्वासन भत्ता के रूप में एक लाख रुपये की एकमुश्त सहायता राशि सेल द्वारा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया. वहीं एफसीआईएल की भूमि पर स्वयं का घर बनाकर रह रहे परिवारों को उनके घर का मूल्यांकन राशि के साथ 4 लाख रुपये, जिसमें परिवहन एवं पुनर्वासन भत्ता एवं घर के बदले एकबारगी सहायता राशि देने का निर्णय लिया गया.

**लीज वालों को अन्यत्र मिलेगा घर, पुनर्वास भत्ता के रूप में मिलेंगे एक लाख :** इसके अलावा एफसीआईएल से लीज पर क्वार्टर लेकर रह रहे परिवारों को एफसीआईएल द्वारा अन्यत्र क्वार्टर लीज पर दिया जाएगा. परिवहन एवं पुनर्वासन भत्ता के रूप में एक लाख रुपये की एकमुश्त सहायता राशि प्रदान की जाएगी. जबकि प्रभावित होने वाले व्यवसायिक सरंचनाओं को खुद का निर्माण की दशा में सरंचना का मूल्यांकन राशि, परिवहन एवं पुनर्वासन भत्ता के रूप मे एक लाख रुपये की एकमुश्त सहायता राशि के साथ नगर निगम के द्वारा निर्मित एक दुकान उपलब्ध कराई जाएगी. निर्मित दुकान नहीं लेने की स्थिती में एकमुश्त 2.5 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी. बैठक में यह भी बताया गया कि आसनबनी में अर्जित 41.11 एकड़ भूमि से संबंधित कुल 379 रैयतों में से 38 रैयतों ने अपना दावा समर्पित नहीं किया है. जिसमें सभी इच्छा रहित रैयतों की राशि एलए कोर्ट हजारीबाग भेजी जाएगी. बैठक में सांसद धनबाद ढुल्लू महतो, विधायक सिंदरी चंद्रदेव महतो, उपायुक्त आदित्य रंजन, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खालको, निर्वतमान पार्षद चम्पा देवी, प्रभारी महाप्रबंधक, टासरा, सेल शिवराम बनर्जी, वी.के. चौधरी, देवदास अधिकारी, एफसीआईएल के प्रतिनिधि, सुरेश प्रसाद चौधरी, मुन्ना तिर्की, एनजीओ प्रयास इंडिया के प्रतिनिधि एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे.

### विद्यांचल कंस्ट्रक्शन के खिलाफ केस करने का निर्देश

**धनबाद।** पेयजलापूर्ति की जितनी भी योजना है, वह आमजनों को सुचारू पानी सप्लाई करने के लिए बनाई जाती है, केवल टावर (पानी की टंकी) बनाने के लिए नहीं. राज्य सरकार का उद्देश्य है कि जिले के सुदूर वर्ती क्षेत्रों में बसने वाले लोगों के घर तक स्वच्छ एवं निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित हो. उपरोक्त बातें उपायुक्त आदित्य रंजन ने शुक्रवार को जलापूर्ति तथा जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की समीक्षा के दौरान कही. जलापूर्ति योजना में हो रहे विलंब पर कड़ी नाराजगी भी व्यक्त की. उपायुक्त ने दयाबांस पहाड़ की एक योजना में विलंब के कारण संवेदक, विद्यांचल कंस्ट्रक्शन, पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करने एवं सर्टिफिकेट केस करने का निर्देश दिया. वहीं निरसा – गोविंदपुर उत्तर एवं दक्षिण जलापूर्ति योजना की धीमी प्रगति पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की. इसके संवेदक ने बताया कि योजना पूरी करने में विभिन्न तरह की बाधा उत्पन्न की जा रही है. जिसके कारण कार्य में विलंब हो रहा है. उपायुक्त ने सामुदायिक लाभ व लोकहित के कार्य में बाधा पहुंचाने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया. साथ ही योजना के लिए पथ निर्माण विभाग, रेलवे, एनएचएआई व डीवीसी इत्यादि के पास लंबित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में तेजी लाने का निर्देश दिया. बैठक के दौरान उपायुक्त ने बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना, बाघमारा ग्रामीण जल आपूर्ति योजना, महुदा बस्ती और आसपास के गांव, पत्थलगड़िया, तोपचांची, बलियापुर, टुंडी – कोल्हार – जाताखूंटी, मोहिलिडीह – लटानी – रूपन जलापूर्ति योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की. उपायुक्त ने संवेदकों को पूरी हो चुकी योजना का हैंडओवर लेटर देने तथा पीएचईडी 1 व 2 के कार्यपालक अभियंता को हर सप्ताह पूरी हो गई योजना का हैंड ओवर लेने के लिए बैठक करने का निर्देश दिया. वहीं जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में उपायुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के तहत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई. बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, पीएचईडी 1 के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुमार, पीएचईडी 2 के कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार मंडल, कनीय अभियंता के अलावा योजना के संवेदक व अन्य लोग मौजूद थे.

> आमजनों को सुचारू पानी देने के लिए है जलापूर्ति योजना : उपायुक्त

# एलेपी एक्सप्रेस के 12 पहिये पटरी से उतरे



शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद रेलवे स्टेशन के यार्ड में एक बड़ा हादसा टल गया. धनबाद-एलेपी एक्सप्रेस के 12 पहिये अचानक पटरी से उतर गए. हालांकि इस घटना में रेलवे परिचालन कई घंटों तक प्रभावित रहा और स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई. सूचना मिलते ही रेल प्रशासन तुरंत हरकत में आया और राहत एवं तकनीकी टीम को मौके पर भेजा गया. जहां घंटों मशक्कत के बाद पहियों को दोबारा ट्रैक पर चढ़ाया गया और ट्रैक की मरम्मत कार्य पूरा कर परिचालन सामान्य कर दिया गया.घटना की जानकारी मिलते ही धनबाद डीआरएम सहित कई वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया, अधिकारियों के अनुसार, अब स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और यातायात सुचारू कर दिया गया है.

# डोर टू डोर कचरा उठाव पर नगर आयुक्त सख्त

## त्योहारों से पूर्व नगर निगम चलाएगा विशेष स्वच्छता अभियान

शुभम संदेश। धनबाद



प्रशासक सह नगर आयुक्त की अध्यक्षता में शुक्रवार को आगामी पर्व-त्योहारों को ध्यान में रखते हुए शहर की साफ-सफाई और स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक हुई. इसमें धनबाद नगर निगम के सभी क्षेत्रों के सहायक नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, सभी वार्डों के स्वच्छता निरीक्षक, कचरा प्रबंधन कंपनी (रैमकी) और सुलभ शौचालय के प्रतिनिधि सहित अन्य लोग शामिल थे. बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. जिसमें सभी क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता में सुधार लाई जाएगी. सहायक नगर आयुक्त और नगर प्रबंधकों को अपने क्षेत्र के वार्डों में स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों और कचरा संवेदनशील स्थानों की पहचान कर उनकी सूची निगम कार्यालय को सौंपने को कहा गया. कचरा प्रबंधन कंपनी को इन स्थानों और कूड़ेदानों की नियमित सफाई करने तथा वहां कीटाणुनाशक छिड़काव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया. बैठक में ही यह शिकायत सामने आई कि घर-घर कचरा संग्रह रोज नहीं हो रहा, जिसके लिए कचरा प्रबंधन कंपनी को प्रतिदिन यह कार्य सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया गया. साथ ही, कंपनी को वार्ड-वार कचरा संग्रह के लिए मार्ग चार्ट तैयार करने और स्वच्छता निरीक्षकों को इसकी जानकारी अपने वार्डों में प्रसारित करने को कहा गया. यदि घर-घर कचरा संग्रह के बाद भी किसी घर या दुकान के सामने कचरा पाया गया, तो झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2016 के तहत जुर्माना वसूला जाएगा.

**हरा-नीला कूड़ेदान नहीं रखने पर लगेगा जुर्माना :** दुकानदारों द्वारा हरा और नीला कूड़ेदान न इस्तेमाल करने पर जुर्माना लगाने का निर्देश दिया गया. सुलभ शौचालय के प्रतिनिधियों को नगर निगम क्षेत्र के सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की नियमित और उचित सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया. जिन व्यावसायिक या आवासीय इकाइयों ने उपयोगकर्ता शुल्क नहीं दिया, उनका घर-घर कचरा संग्रह बंद कर उचित कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया.

# पर्यूषण पर्व के समापन पर निकाली रथ यात्रा



शुभम संदेश। धनबाद

पर्यूषण पर्व के समापन पर जैन धर्मावलंबियों ने शुक्रवार को शीतल नाथ जैन मंदिर धोबाटांड़ से एक रथ यात्रा निकाली. जो बैंक मोड़, कर्बला रोड होते हुए वापस मंदिर तक आई. इसमें गुजरात से आए हुए वीर सैनिक राजेश भाई एवं सचिन भाई ने बहुत अच्छे से धर्म आराधना कराई तथा रथ यात्रा में शामिल हुए. रथ यात्रा में समाज के ट्रस्टी, बच्चों एवं महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष दीपक रामानी तथा वरीय ट्रस्टी दिनेश भाई दोशी तथा जैन यूथ फेडरेशन का भरपूर सहयोग रहा. साथ में पार्श्व महिला मंडल तथा समाज की अन्य बहनों का भी भरपूर सहयोग रहा.

## आसनसोल

# दुखु माजी ने किया क्षेत्रीय कला महोत्सव का शुभारंभ



शुभम संदेश। पुरुलिया

पुरुलिया के पीएम श्री स्कूल जेएनवी में शुक्रवार सुबह पद्मश्री से सम्मानित, पेड़ दादू के नाम से मशहूर दुखु माजी ने क्षेत्रीय कला महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया. इस कार्यक्रम में जेएनवी के प्रिंसिपल रंजन कुमार, स्कूल के शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित थे. जानकारी के अनुसार, इस कला महोत्सव में कुल 252 छात्रों ने भाग लिया. यह दो दिवसीय महोत्सव झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के 16 स्कूलों के छात्रों की भागीदारी के साथ आयोजित किया गया. जेएनवी के प्रिंसिपल रंजन कुमार ने बताया कि महोत्सव में विभिन्न नृत्य, ऑर्केस्ट्रा, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं. यह कार्यक्रम हर वर्ष इस उद्देश्य से आयोजित किया जाता है ताकि जेएनवी के छात्र अपनी पढ़ाई के साथ-साथ हस्तशिल्प और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें. उद्घाटन समारोह में बोलते हुए पद्मश्री से सम्मानित दुखु माजी ने कहा, पढ़ाई के साथ-साथ सभी को एक बात का ध्यान रखना चाहिए: पर्यावरण को सुंदर बनाए रखें और मेरी तरह पेड़ लगाएं. ग्लोबल वार्मिंग से बचाव का यही एक बेहतरीन तरीका है.

# ओवरब्रिज और स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग

- कुल्टी कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान
- मांगें पूरी न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

शुभम संदेश। कुल्टी



कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस की ओर से कुल्टी रेल गेट पर ओवरब्रिज के निर्माण और कुल्टी स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर रेल गेट के सामने हस्ताक्षर अभियान चलाया गया. इस अभियान का नेतृत्व कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुकान्त दास ने किया, जिसमें पार्टी के कई सदस्य शामिल हुए. अभियान को संबोधित करते हुए सुकान्त दास ने कहा कि रेलवे से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोगों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन को आसनसोल रेल मंडल के डीआरएम और रेल मंत्री को सौंपा जाएगा. इस अवसर पर कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मो. इम्तियाज खान ने कहा कि कोरोना काल में रेलवे द्वारा धनबाद से आसनसोल के बीच चलने वाली लोकल ट्रेन और मौर्य एक्सप्रेस का ठहराव बंद कर दिया गया, जिससे दैनिक यात्रियों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने बताया कि कुल्टी स्टेशन के समीप स्थित रेल गेट घंटों तक बंद रहता है. ऐसे में कुल्टी रेलपार क्षेत्र की एक लाख से अधिक आबादी को आसनसोल जाने के लिए रेल गेट पार करना पड़ता है. यदि किसी बीमार व्यक्ति को एम्बुलेंस से आसनसोल जिला अस्पताल ले जाना हो, तो रेल गेट पार करना पड़ता है, जो ट्रेनों के आवागमन के चलते अक्सर बंद रहता है. इस वजह से आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. इसलिए ओवरब्रिज का निर्माण अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कुल्टी स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव बहाल नहीं किया गया और रेल गेट पर ओवरब्रिज का निर्माण नहीं हुआ, तो कांग्रेस पार्टी रेलवे के खिलाफ बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी. इस कार्यक्रम में कांग्रेस के कई अन्य सदस्य भी उपस्थित थे.

# फूलबाड़ी में चारदीवारी गिरने से टोटो क्षतिग्रस्त



शुभम संदेश। जलपाईगुड़ी

देर रात से हो रही भारी बारिश के कारण फूलबाड़ी में एक फैक्ट्री की चारदीवारी ढह गई. इस घटना से एक टोटो क्षतिग्रस्त और एक मवेशी घायल हो गया. घटना शुक्रवार सुबह फूलबाड़ी दो नंबर ग्राम पंचायत के चतुरागछ इलाके में हुई. बताया गया है कि रात भर लगातार हुई बारिश के कारण चतुरागछ इलाके में स्थित एक फैक्ट्री की चारदीवारी के नीचे की मिट्टी नरम हो गई थी. जिससे चारदीवारी ढह गई. दीवार ढ़हने से एक टोटो क्षतिग्रस्त हो गया जबकि एक मवेशी भी गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना से इलाके में दहशत फैल गई है. बाद में स्थानीय निवासी मौके पर पहुंचे और गिरी हुई दीवार को हटाकर क्षतिग्रस्त टोटो को बाहर निकाला. खबर मिलते ही एनजेपी थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. पुलिस ने किसी भी खतरे को भांपते हुए आसपास के लोगों को दिवार से दूर रहने की सलाह दी है.

# बर्नपुर में पशु प्रेमियों की पदयात्रा




शुभम संदेश। बर्नपुर

आसनसोल के हीरापुर थाना अंतर्गत बर्नपुर स्थित त्रिवेणी मोड़ से बर्नपुर बस स्टैंड होते हुए हीरापुर थाना और बाड़ी मैदान तक पशु प्रेमियों ने एक शांतिपूर्ण पदयात्रा निकाली. इस पदयात्रा के माध्यम से उन्होंने आवारा कुत्तों पर हो रहे अत्याचार और उन्हें खाना खिलाने वालों के साथ किए जा रहे अभद्र व्यवहार और मारपीट की घटनाओं का विरोध दर्ज कराया. इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान पशु प्रेमियों ने लोगों को संदेश दिया कि आवारा कुत्तों का कोई स्थायी घर या संपत्ति नहीं होती. ऐसे में सड़कें, गलियां और चौराहे ही उनका आशियाना हैं, और लोगों द्वारा फेंका गया बचा-खुचा खाना ही उनकी भूख मिटाने की अंतिम उम्मीद होती है. प्रदर्शनकारियों ने बताया कि कुछ जागरूक और संवेदनशील लोग इन बेजुबान जानवरों को भोजन देकर उनके जीवन में एक नई उम्मीद जगाने का कार्य कर रहे हैं, परंतु कुछ असंवेदनशील लोग इन उम्मीदों को भी कुचलने में लगे हैं. इसी के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने और लोगों को पशुओं के प्रति प्रेम व संवेदना दिखाने के उद्देश्य से यह रैली निकाली गई. पशु प्रेमियों ने समाज से आवारा कुत्तों के प्रति दयाभाव और सहानुभूति दिखाने की अपील की. इस पदयात्रा में पशु प्रेमी तारा नाग, लिपिका चक्रवर्ती, रिंकू प्रसाद, पार्थ गांगुली सहित कई अन्य लोग शामिल रहे.

# जयचंडी पहाड़ी सीढ़ियों पर लगी स्टील रेलिंग



शुभम संदेश। पुरुलिया

बांकुड़ा लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरूप चक्रवर्ती ने हीरक राजा की भूमि जयचंडी पहाड़ी पर चढ़ाई के लिए बनाई गई सीढ़ियों पर स्टील की रेलिंग लगवाने की व्यवस्था की है. इस कार्य के लिए सांसद निधि से लगभग 18 लाख रुपये प्रदान किए गए हैं. रेलिंग लगाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है. आगंतुक इस सुविधा से बेहद संतुष्ट हैं, साथ ही रघुनाथपुर नगरपालिका की नगर प्रमुख तरुनी बाउरी भी. नगर प्रमुख तरुनी बाउरी ने कहा, हमने सांसद अरूप चक्रवर्ती से यह अनुरोध किया था, और उन्होंने अपना वादा निभाया. हम उनके आभारी हैं.

# रोगियों की सेवा में जुटे स्कूली छात्र

- छात्रों ने मदद कर मनाया मानवता दिवस

शुभम संदेश। रानीगंज



रानीगंज के एस.के.एस. स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विश्व मानवता दिवस के अवसर पर एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल की. शुक्रवार को इस विशेष दिन को याद करते हुए विद्यार्थियों ने अपने जेब खर्च से जमा की गई राशि को स्कूल फंड में देकर ग़रीब और ज़रूरतमंद लोगों की सहायता करने का संकल्प लिया. इसी क्रम में, स्कूल प्रबंधन की ओर से विभिन्न खाद्य सामग्री और रोगियों के लिए आवश्यक वस्तुएँ एक विशेष कार्यक्रम के माध्यम से मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी अस्पताल को भेंट की गईं. चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी अरुण भारतीया ने इस अवसर पर कहा कि यह अस्पताल रानीगंज में समाजसेवा से जुड़ी सबसे प्राचीन संस्थाओं में से एक है. मारवाड़ी रिलीफ सोसायटी के प्रमुख व सुप्रसिद्ध समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद खेतान ने कहा कि विश्व मानवता दिवस उन मानवतावादी कर्मियों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने दूसरों की सहायता के लिए अपने प्राणों तक की आहुति दी. यह दिन संकटपूर्ण परिस्थितियों में महिलाओं के योगदान को भी मान्यता प्रदान करता है. स्कूल के प्रिंसिपल संदीप सिन्हा ने कहा कि एस.के.एस. स्कूल में बच्चों को निरंतर मानवीय मूल्यों की शिक्षा दी जा रही है. इससे पहले भी रानीगंज के अमृत कुंज आश्रम में इन छात्र-छात्राओं को मानवता दिवस पर ज़रूरतमंदों को खाद्य सामग्री वितरित करते देखा गया था. इस बार उन्होंने मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी अस्पताल में इस विशेष दिवस को यादगार बनाने का संकल्प लिया. छात्र-छात्राओं का कहना है कि मानव सेवा में योगदान देकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं.



# क्या चुकंदर खाने से बीपी कंट्रोल होता है?

चुकंदर एक बेहतरीन खाद्य पदार्थ है,अक्सर हम इसे सलाद के तौर पर खाते हैं, लेकिन क्या आपको मालूम है कि इससे बीपी भी कुछ हद तक कंट्रोल हो सकती है?

हाई ब्लड प्रेशर एक आम सी स्वास्थ्य समस्या है लेकिन अगर इसे कंट्रोल नहीं किया जाए तो इससे आपको गंभीर नुकसान हो सकता है दरअसल उच्च रक्तचाप दिल से जुड़ी बीमारियों का एक प्रमुख जोखिम कारक है जो दिल के दौरे और स्ट्रोक का कारण बन सकता है। इसे कंट्रोल करने के लिए मेडिकेशन की जरूरत होती है हालांकि बीपी को नेचुरल तौर पर कंट्रोल करने के लिए कुछ ऐसे खाद्य पदार्थों का अक्सर नाम लिया जाता। इन खाद्य पदार्थों में से एक है चुकंदर। आइए जानते हैं क्या चुकंदर का जूस पीने से या इसे साबुत खाने से बीपी कंट्रोल होता है या नहीं?

ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन के एक स्टडी के मुताबिक उच्च रक्तचाप के जो मरीज रोज 250 पर लीटर चुकंदर का जूस पीते थे उनके रक्तचाप के स्तर सामान्य सीमा में आ गए। दरअसल चुकंदर में एक प्रकार का रासायनिक तत्व होता है जिसे नाइट्रेट कहते हैं। यह नाइट्रेट रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकते हैं। नाइट्रेट शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल जाता है जो रक्त वाहिकाओं को चौड़ा करने में मदद करता है। इससे रक्त का प्रवाह बेहतर होता है और रक्तचाप में कमी आती है। यह सूजन को भी काम करने में मदद करता है।

इस रिसर्च में बताया गया है कि नाइट्रेट का सेवन रक्तचाप को कम करने में प्रभावी साबित हो सकता है और सबसे अच्छी बात यह है कि नाइट्रेट हम चुकंदर के साथ और भी हरी पत्तेदार सब्जियों से प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि या किसी चिकित्सा इलाज का विकल्प नहीं हो सकता है,अगर किसी व्यक्ति को हाई बीपी की परेशानी है तो हमेशा इलाज और दवाओं के लिए अपने डॉक्टर से चर्चा करें।





प्रेग्नेंसी में हम अपना बहुत ख्याल रखते हैं, लेकिन इस दौरान कहीं गलती से भी अगर कोई केमिकल आपके शरीर में आ जाता है, तो वह कितना नुकसानदायक हो सकता है इसके बारे में आपको पता होगा।

# प्रेग्नेंसी के दौरान कभी इस्तेमाल ना करें इन इंग्रीडिएंट्स वाले ब्यूटी प्रोडक्ट्स

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को ना जाने कितनी हिदायत मिलती हैं। प्रेग्नेंसी वैसे तो किसी भी महिला के जीवन का एक अलग अनुभव होता है, पर इस दौरान कई सारी समस्याएं भी उन्हें घेर लेती हैं। उन्हें हर चीज के लिए परफेक्ट होना चाहिए। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं की स्किन पर भी कई तरह की दिक्कतें आती हैं। ऐसे में मन करता है कि तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स ट्राई कर लिए जाएं। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को जिन चीजों से बचना होता है उनमें से एक केमिकल्स भी हैं। अलग-अलग ब्यूटी प्रोडक्ट्स चाहे जो भी दावा करते हों, लेकिन इनमें कई तरह के केमिकल्स होते हैं।

## रेटिनॉल्स को करें अवॉइड

डॉक्टर दिव्या के मुताबिक, रेटिन-ए या रेटिनॉल में विटामिन ए होता है। विटामिन-ए शिशु के विकास के लिए जरूरी होता है, लेकिन इसकी अधिक मात्रा से बेबी का सिर, दिल, दिमाग और रीढ़ की हड्डी बनने में तकलीफ हो सकती है। कुछ एक्ने मेडिसिन भी होती हैं जिन्हें अवॉइड करना चाहिए। बेहतर है कि इसमें से कुछ यूज करने से पहले आप डॉक्टर से संपर्क कर लें।

## सैलिसिलिक एसिड और बेंजोइल पेरोक्साइड को करें अवॉइड

डॉक्टर का मानना है कि इसके हाई डोज जन्म संबंधित विकार दे सकता है। इससे हार्मोन्स में गड़बड़ी भी हो सकती है। इसके अलावा, एंड्रोजेन प्रोडक्शन भी बढ़ सकता है जिससे प्रेग्नेंसी के दौरान एक्ने हो सकते हैं।

## स्किन लाइटनिंग प्रोडक्ट्स को करें अवॉइड

कई बार प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को पिगमेंटेशन या मेलास्मा जैसी समस्याएं महसूस होती हैं। हालांकि, यह समय के साथ-साथ चली जाती हैं, लेकिन फिर भी महिलाएं स्किन लाइटनिंग प्रोडक्ट्स यूज कर लेती हैं। यह सही नहीं होते। इसमें हाइड्रोक्विनोन जैसे केमिकल्स होते हैं जिससे थोड़ी दिक्कतें महसूस हो सकती हैं।

## केमिकल सनस्क्रीन को करें अवॉइड

सनस्क्रीन लगाना वैसे तो सभी के लिए जरूरी है, लेकिन प्रेग्नेंट महिलाओं को केमिकल वाली सनस्क्रीन से दूर रहना चाहिए। केमिकल सनस्क्रीन में मौजूद ऑक्सीबेन्जोन और आवोबेन्जोन हार्मोन्स को लेकर समस्याएं पैदा कर सकते हैं। आप नेचुरल और मिनरल सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर सकती हैं, जिनमें जिंक ऑक्साइड और टाइटेनियम ऑक्साइड जैसे इंग्रीडिएंट्स हों।

बहुत ज्यादा खुशबू वाले प्रोडक्ट्स को करें अवॉइड भले ही वो कोई ब्यूटी प्रोडक्ट हो या एसेंशियल ऑयल प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए ज्यादा खुशबू वाले प्रोडक्ट्स सही नहीं हैं। कई तरह की खुशबू महिलाओं के लिए कॉन्ट्रैक्शंस और माइग्रेन का कारण बन सकती हैं।

यह हर महिला के लिए अलग अनुभव हो सकता है। कुछ को खुशबू अच्छी लग सकती है और कुछ के लिए यह बहुत परेशानी पैदा कर सकता है।


## पैथालेट्स को करें अवॉइड

आप ऐसे प्रोडक्ट्स जिनमें पैथालेट्स इंग्रीडिएंट्स हों उन्हें अवॉइड करें। डॉक्टर के मुताबिक, इनमें एंडोक्राइन समस्याएं पैदा करने की शक्ति होती है जिससे ना सिर्फ मां, बल्कि शिशु को भी खतरा हो सकता है।



## किन प्रोडक्ट्स को कर सकते हैं यूज?

- डॉक्टर के मुताबिक, लैक्टिक एसिड और ग्लाइकोलिक एसिड से भरपूर प्रोडक्ट्स को यूज किया जा सकता है।
- इसके साथ, आप विटामिन-सी और नियासिनामाइड को भी इस्तेमाल कर सकती हैं।
- हयालूरोनिक एसिड का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। यह स्किन को हाइड्रेशन देगा।
- एलोवेरा स्किन के लिए अच्छा होगा।
- महिलाएं नारियल के तेल का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।
- फेस वॉश के तौर पर साधारण क्लींजर्स का इस्तेमाल किया जा सकता है।
- आप सेरामाइड से भरपूर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।
- प्रेग्नेंसी के दौरान कौन सा प्रोडक्ट इस्तेमाल करना चाहिए और कौन सा नहीं इसके लिए आप अपने डॉक्टर से कंसल्ट जरूर करें।



# थायराइड को मैनेज कर सकते हैं ये न्यूट्रिएंट्स, जरूर करें डाइट में शामिल

**थायराइड को मैनेज करने में हेल्दी डाइट की अहम भूमिका है। थायराइड हार्मोन शरीर के कई फंक्शन्स के लिए जरूरी है। इसका लेवल कम या ज्यादा होने पर सेहत पर इसका असर होता है।**

हम सभी सेहतमंद रहना चाहते हैं। हेल्दी रहने के लिए, शरीर में कई विटामिन्स, मिनरल्स और हार्मोन्स का लेवल सही होना जरूरी है। शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी होने पर या हार्मोनल उतार-चढ़ाव होने पर इसका असर हमारी सेहत पर होता है। थायराइड ग्लैंड से जब थायराइड हार्मोन कम या ज्यादा मात्रा में रिलीज होता है, तो इसके लक्षण साफ नजर आने लगते हैं। आज के समय में गलत खान-पान और अनियमित जीवनशैली के चलते, थायराइड की दिक्कत बढ़ती जा रही है। खासकर, महिलाओं में ये समस्या ज्यादा होती है। थायराइड को मैनेज करने के लिए,डाइट में कई न्यूट्रिएंट्स का शामिल होना जरूरी है। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही न्यूट्रिएंट्स के बारे में बता रहे हैं। इन्हें डाइट में शामिल करने से थायराइड को मैनेज करने में मदद मिलेगी।

थायराइड हार्मोन को मैनेज करने के लिए, आयरन बहुत जरूरी है। जब शरीर में आयरन की कमी होती है, तो थायराइड ग्रंथि की काम करने की क्षमता कम हो जाती है। डाइट में आयरन रिच फूड्स को शामिल करें।

कैल्शियम भी थायराइड के लिए एक जरूरी मिनरल है। इसकी कमी से भी थायराइड की दिक्कत हो सकती है। वहीं, अगर आपको थायराइड है, तो उसे मैनेज करने के लिए भी कैल्शियम लेवल का सही होना जरूरी है।

विटामिन-सी शरीर के लिए एक जरूरी न्यूट्रिएंट है। यह इम्यूनिटी को मजबूत करता है। विटामिन सी जैसे एंटीऑक्सीडेंट थायरॉयड ग्लैंड को सही तरह से फंक्शन करने में मदद करते हैं।

मैग्नीशियम, थायराइड ग्लैंड को सही मात्रा में थायराइड हार्मोन का उत्पादन करने में मदद करता है। यह मूड को सुधारने और स्ट्रेस को कम करने में भी सहायक है।

सेलेनियम, ञ4 को सक्रिय करने में सहायता करता है। यह थायराइड लेवल को मैनेज करने के लिए बहुत जरूरी है।

जिंक की कमी, थायराइड ग्रंथि के सही से काम न करने का कारण बन सकती है। इसलिए, डाइट में जिंक से भरपूर चीजों को शामिल करें।



# सिरदर्द से हैं परेशान तो बनाकर पिएं ये आयुर्वेदिक चाय

दिन भर की थकान को खत्म करना हो या फिर सुबह-सुबह उठकर काम पर जाने से पहले होने वाला सिरदर्द, हमेशा दवा लेना सही ऑप्शन नहीं है। कई बार हमें यह समझ नहीं आता कि सिरदर्द हो क्यों रहा है और हम बिना सोचे-समझे कोई ऐसा उपाय कर लेते हैं जिससे समस्या और बढ़ जाती है। अगर सिरदर्द बार-बार होता है और आपके लिए यह क्रॉनिक हो गया है, तो बेहतर है कि सिरदर्द को खत्म करने का कोई तरीका अपनाया जाए। आयुर्वेदिक डॉक्टर के मुताबिक, हाई ब्लड प्रेशर, हैंगओवर, बुखार, समय पर चाय ना मिलना, स्ट्रेस बढ़ना, मौसम के कारण सिरदर्द होना, इन्सोम्निया, माइग्रेन आदि के कारण हमेशा सिरदर्द बढ़ जाता है। ऐसे में बेहतर है कि आयुर्वेदिक नुस्खे अपनाए जाएं। कई बार लोग कैफीन एडिक्शन के कारण भी सिरदर्द का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि उनके मरीजों को एक स्पेशल आयुर्वेदिक चाय से बहुत राहत मिली है।

किन चीजों के लिए मददगार है यह चाय?

डॉक्टर दीक्षा के मुताबिक, अगर किसी को माइग्रेन की समस्या है, हार्मोनल इम्बैलेंस हो रहा है, हैंगओवर है, डायबिटीज की समस्या है, इंसुलिन रेजिस्टेंस हो रहा है, ब्लोटिंग से परेशान है, फूड क्रेविंग्स बहुत ज्यादा हो रही है, तो इस चाय का असर काफी ज्यादा होगा। यह धीरे-धीरे आपकी इम्यूनिटी को भी बेहतर बनाएगी।

## कैसे बनानी है यह आयुर्वेदिक चाय?

**सामग्री -**
- 1 ग्लास पानी
- 1/2 छोटा चम्मच अजवाइन
- 1 क्रश की हुई हरी इलायची
- 1 बड़ा चम्मच धनिया के बीज
- 5 पुदीने की पत्तियां

इसे तीन मिनट के लिए आप उबालें और उसके बाद छानकर सिप-सिप कर पिएं। इसे बहुत ज्यादा गर्म नहीं पीना है आप गुनगुनी चाय पी सकती हैं। इससे सिरदर्द की समस्या में बहुत राहत मिलेगी।

## कौन सा इंग्रीडिएंट करेगा किस समस्या में मदद?

**अजवाइन** - यह ब्लोटिंग, अपच, कफ, सर्दी, डायबिटीज और अस्थमा के लिए मददगार साबित हो सकती है।

**धनिया के बीज** - यह मेटाबॉलिज्म के लिए बहुत अच्छे होते हैं। इसी के साथ, माइग्रेन और अन्य तरह के क्रॉनिक पेन की समस्याओं को यह खत्म कर सकते हैं। हार्मोनल बैलेंस और थायराइड को ठीक करने के लिए भी इनका इस्तेमाल होता है।

**पुदीने की पत्तियां** - अगर आपको चाय का एडिक्शन है, मूड स्विंग्स बहुत ज्यादा होते हैं, इन्सोम्निया की समस्या है, एसिडिटी है, माइग्रेन है, कोलेस्ट्रॉल से परेशान हैं, तो पुदीने की पत्तियां मददगार साबित हो सकती हैं।

**इलायची** - यह मोशन सिकनेस, जी मिचलाने की समस्या, माइग्रेन और ब्लड प्रेशर की समस्या वाले लोगों के लिए अच्छी साबित होती है। यह स्किन और बालों के लिए भी अच्छी है।

आम चाय की जगह आप सुबह उठकर इस चाय को पी सकती हैं। अगर दिन में कभी सिरदर्द हो रहा है, तो भी इसे चुनें।

डाइट में कोई भी मुख्य बदलाव करने से पहले आपको हमेशा डॉक्टर से इसके बारे में सलाह लेनी चाहिए। अगर आपको इस तरह की परेशानी हो रही है, तो आप पहले डॉक्टर के पास जाएं और अपनी हेल्थ हिस्ट्री शेयर करें। हो सकता है कि कोई एक चीज किसी को सूट कर जाए और दूसरे इंसान के लिए वो नुकसानदेह हो जाए।



मंथन

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष को दिखाया आईना

झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र के समापन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भाषण सीधे तौर पर विपक्ष को घेरने वाला रहा. उन्होंने बीजेपी को ठगों की जमात करार देते हुए उस पर षड्यंत्र, फंडिंग और संवैधानिक संस्थाओं को नियंत्रित करने के आरोप लगाए. सोरेन ने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका है और जनता को भटकाने के लिए रांची से लेकर बिहार तक अलग-अलग तरीके अपना रहा है. इस भाषण का संदेश साफ है कि झारखंड की राजनीति अब विकास और नीतियों की चर्चा से अधिक आरोप-प्रत्यारोप के घेरे में फंस गई है. मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग की भूमिका से लेकर नए कानूनों और केंद्रीय एजेंसियों के इस्तेमाल तक, कई गंभीर सवाल उठाए. साथ ही उन्होंने राज्य की उपलब्धियों-जैसे मंईयां सम्मान योजना का जिक्र कर यह जताने की कोशिश की कि सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी सरकार वादे निभा रही है. हालांकि, इस पूरे विमर्श में सबसे अहम सवाल यह है कि जनता को क्या मिल रहा. खदानों की मॉनिटरिंग, योजनाओं के वादे और विपक्षी साजिशों का ताना-बाना- ये सब बातें राजनीतिक बहस का हिस्सा हैं. लेकिन गरीब, आदिवासी और कमजोर वर्ग, जिनके नाम पर बार-बार राजनीति की जाती है, उन्हें ठोस लाभ कितना मिल रहा है, यही असली पैमाना होना चाहिए. लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष का टकराव स्वाभाविक है, पर यह टकराव यदि केवल राजनीतिक रोटियां सेंकने तक सीमित रह जाए, तो जनता का विश्वास डगमगाता है. झारखंड को आज जरूरत है विकास एजेंडे और पारदर्शिता की, ताकि राजनीतिक बयानबाज़ी से परे आम नागरिक को सशक्त बनाया जा सके.

नजरिया

## समर्पण की राजनीति और रिटायरमेंट का बड़ा सवाल

आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संघ प्रमुख मोहन भागवत के विचारों ने राजनीति और सामाजिक जीवन में 'रिटायरमेंट' की बहस को फिर से प्रासंगिक बना दिया है. उनसे जब पूछा गया कि क्या 75 वर्ष की आयु के बाद राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि न तो उन्होंने ऐसा कहा है और न ही वे स्वयं सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं. भागवत का कहना था कि यह विचार दिवंगत प्रचारक मोरोपंत पिंगले का था, जिसे उन्होंने उद्धृत किया था. जब तक संघ चाहेगा, सेवा करता रहूंगा. यह दृष्टिकोण समर्पण और कर्तव्य की भावना को रेखांकित करता है. राजनीति और संगठनात्मक जीवन में उम्र को कठोर सीमा मानना कई बार प्रतिभा और अनुभव को किनारे कर देता है. वहीं दूसरी ओर यह भी सच है कि लोकतंत्र में नई पीढ़ी को अवसर मिलना आवश्यक है. इसीलिए आयु-सीमा को लेकर समय-समय पर चर्चा होती रहती है. भागवत का वक्तव्य बताता है कि संघ में सेवा नौकरी नहीं बल्कि जीवन पर्यंत दायित्व है. हालांकि, सार्वजनिक जीवन में संतुलन जरूरी है-अनुभव और युवा ऊर्जा दोनों की साझेदारी ही संगठन और समाज को आगे ले जा सकती है. इसलिए बहस का मूल बिंदु यह होना चाहिए कि क्या हम उम्र के बजाय योग्यता, क्षमता और समर्पण को आधार बनाकर नेतृत्व तय कर सकते हैं? यही दृष्टिकोण राजनीति और समाज, दोनों को नई दिशा देगा.

# भारत-जापान संबंध नई ऊंचाइयों की ओर

डॉ. मयंक चतुर्वेदी




**भारत और जापान न केवल द्विपक्षीय दृष्टि से बल्कि पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता और विकास के लिए भी एक दूसरे के अपरिहार्य साझेदार हैं. यह यात्रा इस तथ्य को पुष्ट करती है कि भारत और जापान की दोस्ती प्रगाढ़ बनी हुई है.**

भारत-जापान के बीच संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से गहरे और सार्थक रहे हैं. बौद्ध धर्म से शुरू हुआ यह रिश्ता आज 21वीं सदी में व्यापक आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी साझेदारी का एक व्यापक एवं भरोसेमंद रूप ले चुका है. अब पीएम नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा ने एक बार फिर इस मित्रता को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण बना दिया है. यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में गहरी हलचलें हैं, खास कर अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं के पुनर्गठन के दौर का चलन जिस समय में सबसे अधिक दिखता हो . ऐसे में भारत-जापान संबंध न केवल द्विपक्षीय दृष्टि से, बल्कि वैश्विक संतुलन के लिए भी निर्णायक साबित हो सकते हैं.

भारत और जापान के रिश्तों की नींव में स्वतंत्रता के बाद 1952 में परस्पर दोनों देशों ने कूटनीतिक संबंध स्थापित किए हैं. भारत उन चंद देशों में शामिल था जिसने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जापान पर थोपे गए सैन फ्रांसिस्को संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए. यह जापान के प्रति भारत की सकारात्मक सोच का प्रमाण था. इसके बाद से यदि हम देखें तो भरोसे की नींव का प्रभाव भारत के हित में कुछ इस प्रकार रहा है कि जापान पिछले दो दशकों में भारत में निवेश का बड़ा स्रोत बनकर उभरा है. अप्रैल 2000 से मार्च 2024 तक भारत में जापान का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 40 अरब डॉलर से अधिक रहा है. जापान ने अगले दस सालों में भारत में करीब 10 ट्रिलियन (5,800 लाख करोड़ रुपए) निवेश का ऐलान किया है. यह 2022 में किए गए 5 साल के लिए 5 ट्रिलियन (2,750 लाख करोड़) निवेश की प्रतिबद्धता से कहीं ज्यादा है.

जापानी निवेश ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, मशीनरी, स्मार्ट सिटी, मेट्रो रेल, हाई स्पीड रेल और बंदरगाह विकास जैसे क्षेत्रों में केंद्रित है. टोयोटा, होंडा, सुजुकी, हिताची, पैनासोनिक और मित्सुबिशी जैसी कंपनियां भारत में लंबे समय से सक्रिय हैं. मारुति-सुजुकी का उदाहरण भारत-जापान औद्योगिक सहयोग की सफलता का एक ऐसा प्रतीक है जो विश्व के कई देशों के लिए एक आदर्श मिसाल है. इन दोनों ही देशों के बीच यदि हम संबंधों के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करें तो ध्यान में आता है कि मोदी सरकार के दौर में भारत-जापान संबंध नई ऊचाइयों तक पहुंचे. प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा यदि किसी देश में की तो वह जापान ही है. इस दौरान संबंध "विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी" तक उन्नत हुए. अहमदाबाद-मुंबई हाई-स्पीड रेल परियोजना में जापान का योगदान मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि है. आज हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक राजनीति का केंद्र है. भारत और जापान दोनों स्वतंत्र और सुरक्षित समुद्री मार्गों के पक्षधर हैं. मालाबार अभ्यास जैसे अभियानों में जापान की भागीदारी इस साझेदारी को मजबूत करती है. साइबर सुरक्षा और आतंकवाद-विरोधी सहयोग के क्षेत्र में भी समझौते हुए हैं. चीन की विस्तारवादी नीतियों के बीच यह सहयोग पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए स्थिरता का आधार बन सकता है. जापान तकनीकी नवाचार और स्वच्छ ऊर्जा में अग्रणी है. इलेक्ट्रिक वाहन, हाइड्रोजन ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड और नवीकरणीय ऊर्जा में जापान की विशेषज्ञता भारत के लिए उपयोगी है. यह सहयोग भारत की नेट-जीरो प्रतिबद्धता और जलवायु परिवर्तन से निपटने की रणनीति को मजबूती देगा.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस जापान यात्रा से उम्मीद करनी चाहिए कि इस दिशा में पहले से कई गुना बेहतर कार्य होगा और जो रुकावटें हैं, वे खत्म होंगी. क्योंकि निवेश परियोजनाओं की धीमी प्रगति और नौकरशाही अड़चनें, व्यापार असंतुलन, क्योंकि भारत का आयात जापान से सबसे अधिक आज दिखाई देती हैं, जिनको लेकर दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली के लिए अभी बहुत काम होना बाकी है. एक तरह से देखें तो भारत का मानव संसाधन और बाजार तथा जापान की तकनीकी दक्षता और पूंजी, दोनों देशों को भविष्य में विभिन्न प्रकार से एक दूसरे के लिए सहयोग का अवसर प्रदान करते हैं. हमें समझना होगा कि वर्तमान दौर में पीएम मोदी की जापान यात्रा केवल कूटनीतिक घटना नहीं है, भले ही फिर ऐसा दिखाई देता हो, क्योंकि इस यात्रा का जो समय है, वह उस वक्त में तय हुआ, जब अमेरिका ने भारत को आर्थक रूप से कमजोर करने के लिए उस पर भारी टैरिफ लगा दिया है. मोदी का जापान जाना यह दर्शा रहा कि भारत अपने इस साझेदार को रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से उच्च प्राथमिकता देता है. पिछले वर्षों में भारत-जापान के संबंधों का दायरा केवल व्यापार और निवेश तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें सुरक्षा, तकनीकी नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे और सांस्कृतिक सहयोग शामिल हैं. इसलिए आज फिर एक बार भारत-जापान मित्रता का नया अध्याय लिखा जा रहा है.

दोनों देशों के बीच निवेश, तकनीक, हरित ऊर्जा, सुरक्षा और सांस्कृतिक सहयोग के बहुआयामी आयाम इस रिश्ते को आने वाले दशकों तक और मजबूत करेंगे. फिर भारत और जापान न केवल द्विपक्षीय दृष्टि से बल्कि पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता और विकास के लिए भी एक-दूसरे के अपरिहार्य साझेदार हैं. यह यात्रा इस तथ्य को पुष्ट करती है कि भारत और जापान की साझेदारी भविष्य की वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाने जा रही है.

इसके साथ ही एक जो सबसे बड़ा दोनों देशों के बीच साझा विरासत दिखाई देती है, वह भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक रिश्तों को लेकर है, जोकि प्राचीन समय से ही बहुत गहरे रहे हैं. बौद्ध धर्म ने दोनों देशों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ा है. यही कारण है कि इस दिशा में लगातार शिक्षा और शोध में सहयोग से नई पीढ़ी के बीच अनेक अवसर बढ़ते हुए देखे गए. उम्मीद करें कि इस बार की ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा भी एक सफल और देश हित में बहुत परिणामकारी सिद्ध होगी. इसका इंतजार पूरे देश को है.

## आज का इतिहास

1659: तख्त पर कब्जे के लिए औरंगजेब ने बड़े भाई दारा शिकोह को फांसी दी.
1806: न्यूयॉर्क का दूसरा दैनिक समाचार पत्र डेली एडवर्टाइजर आखिरी बार छपा.
1888: क्रांतिकारी कनाईलाल दत्त का जन्म जो आजादी के लिए फांसी के फंदे पर झूले.
1895: लोकसभा के अध्यक्ष रहे भारतीय राजनीतिज्ञ सरदार हुकम सिंह का जन्मय
1923: हिंदी के प्रमुख गीतकार शंकरदास केसरीलाल शैलेंद्र का जन्म हुआ.
1928: रास बिहारी बोस व नेहरू ने इंडिपेंडेंस ऑफ इंडिया लीग की स्थापना की.
2003: समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव तीसरी बार यूपी के मुख्यमंत्री बने.
2008: बिड़ला परिवार के देश के सुप्रसिद्ध उद्योगपति कृष्ण कुमार बिड़ला का दिल्ली के अस्पताल में निधन.
2014: देश के जाने-माने प्रसिद्ध इतिहासकार बिपिन चन्द्र का निधन.

## कोई काम बिगड़े, तो पहले उसे ठीक करने की सोचें

चिंतन

सर्दियां आने को थीं और चिंकी चिड़िया का घोंसला पुराना हो चुका था. उसने नया घोंसला बनाने की सोची. अगली सुबह पास के खेत से चुन-चुन कर तिनके लाने लगी. सुबह से शाम तक वो इसी काम में लगी रही और अंततः शानदार घोंसला तैयार कर लिया. पर पुराने घोंसले से लगाव के कारण उसने सोचा चलो आज एक आखिरी रात उसी में सो लेते हैं और कल से नए घोंसले में अपना आशियाना बनाएंगे. रात में चिंकी चिड़िया वहीं सो गयी. अगली सुबह उठते ही वो अपने नए घोंसले की तरफ उड़ी, पर वहां पहुंची उसकी आंखें फटी रही गयीं. किसी और चिड़िया ने उसका घोंसला नष्ट कर दिया था. चिंकी की आंखें भर आयीं, वो मायूस हो गयी, आखिर उसने बड़े मेहनत और लगन से अपना घोंसला बनाया था और किसी ने रातों-रात उसे तबाह कर दिया था.

पर अगले ही पल कुछ अजीब हुआ, वह मुस्कुराई और फिर खेत से जाकर तिनके चुनने लगी. उस दिन की तरह उसने फिर सुबह से शाम तक मेहनत की और एक बार फिर एक नया और बेहतर घोंसला तैयार कर लिया. जब हमारी मेहनत पर पानी फिर जाता है तो हम क्या करते हैं- शिकायत करते हैं, इसका रोना रोते हैं, लोगों को कोसते हैं और अपना गुस्सा निकालने के लिए न जाने क्या-क्या करते हैं पर हम एक चीज नहीं करते - हम फ़ौरन बिगड़े हुए काम को दुबारा सही करने का प्रयास नहीं करते. और चिंकी चिड़िया की ये छोटी सी कहानी हमें ठीक यही करने की सीख देती है.

घोंसला उजड़ जाने के बाद वो चाहती तो अपनी सारी ऊर्जा औरों से लड़ने, शिकायत करने और बदला लेने की सोचने में लगा देती. पर उसने ऐसा नहीं किया, बल्कि फिर घोंसला तैयार कर लिया.

दोस्तों, जब हमारे साथ कुछ बहुत बुरा हो तो हम न्याय पाने का प्रयास ज़रूर करें, पर साथ ही ध्यान रखें कि कहीं हम अपनी सारी ऊर्जा, नाराजगी, गुस्से और शिकायत में ही न गंवा दें. ऐसा करना हमें हमारे असली नुकसान से कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है. और मैं तो ये भी कहूंगा कि अगर कोई बहुत बड़ी बात न हुई हो तो उसे अनदेखा करते हुए अपने काम में पुनः लग जाएं. क्योंकि बड़े काम करने के लिए ये ज़िन्दगी छोटी है, इसे बेकार की चीजों में नहीं गंवाया जाना चाहिए.

## X इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #NationalSportsDay
2. मेजर ध्यानचंद
3. राष्ट्रीय खेल
4. #MajorDhyanChand
5. #BuyvivoT4ProOnFlipkart
6. #WeStandForNawez
7. #AmitShahInAssam
8. Mahila Utthan Mandal
9. Japan
10. Nari Tu Narayani

# बहुरंग


## 'जटाधारा' में शिल्पा शिरोडकर का पहला लुक आया सामने



जब से अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और अभिनेता सुधीर बाबू की आने वाली फिल्म 'जटाधारा' का ऐलान हुआ है, तब से फिल्म प्रेमियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है. दर्शक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि यह फिल्म तेलुगु सिनेमा में सोनाक्षी का डेब्यू प्रोजेक्ट होने जा रही है. हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था, जिसमें सोनाक्षी का रौद्र और दमदार अंदाज दर्शकों को देखने को मिला. टीजर में उनके किरदार की तीव्रता और जटिल भावनाएं साफ़ झलक रही थीं, जिसने फैंस की उत्सुकता और बढ़ा दी. अब फिल्म की स्टार कास्ट में दिग्गज अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर भी शामिल हो गई हैं. शिल्पा की पहली झलक सामने आई है, जिसमें वह काली साड़ी पहने और आग के सामने बैठी दिखाई दे रही हैं. उनके किरदार शोभा का अवतार गंभीर और आकर्षक है. निर्माताओं ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, वह सिर्फ लालच से प्रेरित नहीं है, बल्कि वह उसे परिभाषित भी करती है. इसके साथ ही दिव्या खोसला कुमार भी फिल्म का हिस्सा हैं. वहीं, फिल्म के निर्माता वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल का कहना है कि 'जटाधारा' एक्शन और सस्पेंस से भरपूर मनोरंजन देने वाली फिल्म होगी. फिल्म में रोमांच, ड्रामा और थ्रिलर का बेहतरीन मिश्रण दर्शकों को बड़ी स्क्रीन पर देखने को मिलेगा. फिल्म की कहानी और पात्रों की गहराई को देखकर यह उम्मीद जताई जा रही है कि 'जटाधारा' तेलुगु सिनेमा में एक यादगार और आकर्षक फिल्म साबित होगी. सोनाक्षी के फैंस विशेष रूप से उनके इस नए अंदाज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जबकि शिल्पा शिरोडकर का नया अवतार दर्शकों को रोमांचित कर रहा है.

## 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का टीजर रिलीज

जब से वरुण धवन और जाह्नवी कपूर स्टारर फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का ऐलान हुआ था, तभी से दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर ज़बरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है.




दोनों सितारों की जोड़ी पहले से ही फैन्स के बीच काफी पॉपुलर रही है और अब उनके साथ आने की खबर ने उत्साह को और बढ़ा दिया था. लंबे इंतज़ार के बाद आखिरकार निर्माताओं ने फिल्म का पहला धमाकेदार टीज़र जारी कर दिया है. टीज़र में कॉमेडी, रोमांस और ड्रामा का परफेक्ट तड़का देखने को मिलता है. वरुण धवन अपने मस्तमौला और एंटरटेनर अंदाज़ में नज़र आ रहे हैं, तो वहीं जाह्नवी कपूर का किरदार सादगी और शरारत का खूबसूरत मेल है. दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री लोगों का दिल जीत रही है और सोशल मीडिया पर उनके फैंस इस जोड़ी की जमकर तारीफ कर रहे हैं. फिल्म में न केवल वरुण और जाह्नवी की शानदार जुगलबंदी है, बल्कि इसमें सान्या मल्होत्रा, मनीष पॉल और रोहित सराफ भी अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे. टीज़र में इन सितारों की झलक भी दिखाई देती है, जिससे साफ है कि फिल्म में भरपूर मनोरंजन का डोज़ मिलने वाला है. इस फिल्म का निर्देशन शशांक खेतान ने किया है, जिन्हें बॉलीवुड में रोमांटिक कॉमेडी और ड्रामा फिल्मों के लिए जाना जाता है. उनकी पिछली हिट फिल्मों में 'धड़क', 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' और 'गुड न्यूज' शामिल हैं. उम्मीद की जा रही है कि 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' भी बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाल मचाएगी. फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है.




**मेष :** सुख-आनंद कारक समय है. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है. सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. शुभांक-4-5-6

**वृष :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. मनोविनोद बढ़ेगे. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. शुभांक-4-6-7

**मिथुन :** नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार में वृद्घि होगी. शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी. शुभांक-4-6-7

**कर्क :** आध्यात्मिक रुचि बनेगी. प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-1-7-9

**सिंह :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. वाहन चालन में सावधानी बरतें. शुभांक-3-5-8

**कन्या :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. शुभांक-2-5-7

**तुला :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें. व्यापार में वृद्घि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है. स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें. शुभांक-2-6-8

**वृश्चिक :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी. जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें. शुभांक-3-6-8

**धनु :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. शुभांक-4-6-7

**मकर :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी. आज का परिश्रम आगे लाभ देगा. शुभांक-3-5-6

**कुंभ :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. इच्छित कार्य सफल होंगे. शुभांक-4-6-8

**मीन :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. जो चल रहा है, उसे सावधानीपूर्वक संभालें. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. इच्छित कार्य सफल होंगे. शुभांक-5-6-8

## गोविंदा और सुनीता ने धूमधाम से किया गणपति बप्पा का विसर्जन

पिछले कई दिनों से अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के तलाक को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चा चल रही है, लेकिन हाल ही में सामने आए वीडियो ने इन खबरों को पूरी तरह खारिज कर दिया है. गोविंदा और सुनीता ने 27 अगस्त को अपने परिवार के साथ बड़े धूमधाम से गणपति बप्पा का स्वागत किया. घर पर बप्पा की स्थापना के दौरान दोनों ने एकसाथ पूजा-अर्चना की और सबको यह दिखा दिया कि उनके रिश्ते में दरार की खबरें महज़ अटकलें थीं. अब इनका एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इसमें देखा जा सकता है कि गणपति विसर्जन के



मौके पर गोविंदा और सुनीता पूरी श्रद्धा और उमंग के साथ नाचते-झूमते दिखाई दे रहे हैं. दोनों ने सफेद रंग के ट्रेडिशनल कपड़े पहने हैं, जो इस मौके पर और भी आकर्षक लग रहे हैं. वीडियो में उनका बेटा यशवर्धन भी नजर आ रहा है, जो दोनों हाथों से बप्पा की प्रतिमा उठाए हुए है. पूरा परिवार बप्पा के जयकारों, गणपति बप्पा मोरया के साथ गूंज रहा है. इस मौके पर हर कोई भावुक और खुश नजर आया. गोविंदा और सुनीता के चेहरे की मुस्कान साफ़ बयां कर रही थी कि वे इस पावन पर्व को पूरे दिल से मना रहे हैं. फैन्स भी इस वीडियो को देखकर बेहद खुश हैं और कमेंट्स में उन्हें ढेरों दुआ दे रहे हैं. गोविंदा और सुनीता ने साल 1987 में शादी की थी. लंबे समय से दोनों एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहे हैं. इनके दो बच्चे हैं, टीना आहूजा और यशवर्धन आहूजा. टीना फिल्मों में काम कर चुकी हैं, वहीं यशवर्धन भी बॉलीवुड में अपना करियर बनाने की तैयारी कर रहे हैं.

## 'हाटक' में एक्शन करते नजर आएंगी अदा

फिल्म इंडस्ट्री में अपने दमदार अभिनय और अलग-अलग तरह की भूमिकाओं के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री अदा शर्मा एक बार फिर सुर्खियों में हैं. पिछली बार वह फिल्म 'तुमको मेरी कसम' में नजर आई थीं. हालांकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन अदा के काम को खूब सराहना मिली. अब अदा एक क्राइम थ्रिलर फिल्म हाटक के जरिए दर्शकों के सामने एक बिल्कुल अलग अंदाज में आने वाली हैं. इस फिल्म का निर्देशन अजय के शर्मा कर रहे हैं. दिलचस्प बात यह है कि हाटक उनके करियर की पहली डायरेक्टोरियल वेंचर है और इसी वजह से इस प्रोजेक्ट को लेकर इंडस्ट्री में काफी उत्सुकता है.

**मोशन पोस्टर ने बढ़ाई हलचल :** फिल्म 'हाटक' से अदा शर्मा की पहली झलक सामने आ गई है. हाल



ही में रिलीज हुए मोशन पोस्टर में अदा हाथ में बंदूक थामे हुए बेहद खतरनाक अंदाज में दिखाई दे रही हैं. उनका यह लुक दर्शाता है कि फिल्म में उनका किरदार निडर और मजबूत व्यक्तित्व वाला होगा. बताया जा रहा है कि फिल्म में अदा का किरदार शिवरंजनी आचार्य नाम की महिला का है, जो कहानी का मुख्य केंद्र होगा. अदा शर्मा ने खुद इंस्टाग्राम पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, ₹'हाटक', एक डकैती, बिना रहम के. शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है. आप सबका आशीर्वाद चाहिए.₹ उनकी इस पोस्ट के बाद फैंस के बीच उत्साह और भी बढ़ गया है और सोशल मीडिया पर मोशन पोस्टर वायरल हो गया है. फिल्म की शूटिंग राजस्थान और उत्तर भारत की खूबसूरत और चुनौतीपूर्ण लोकेशंस पर की जाएगी. यूनिट के सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की कहानी डकैती और उससे जुड़े रहस्यों पर आधारित है, जिसमें सस्पेंस और एक्शन का भरपूर डोज़ होगा. इस कारण दर्शकों को इसमें अदा का नया और धाकड़ अवतार देखने को मिलेगा. 'हाटक' की रिलीज़ को लेकर मेकर्स ने फिलहाल आधिकारिक तारीख का ऐलान नहीं किया है. अदा शर्मा के प्रशंसक इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं क्योंकि लंबे समय बाद उन्हें एक मजबूत और तीखे किरदार में देखने का मौका मिलने वाला है.

**ब्रीफ न्यूज**

### प्रेम प्रसंग में शिक्षक की हत्या, इलाज के दौरान मौत

**दरभंगा।** जिले के सकतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मधपुर टोला सोनपुर प्राइमरी स्कूल के उप प्रभारी हेडमास्टर व बीएलओ राजेश कुमार ठाकुर की गोली मारकर कल हत्या कर दी गई जिससे परिवार में कोहराम मच गया है. वे अगले दिन नए विद्यालय में ज्वाइन करने वाले थे. जानकारी के अनुसार, बीते कल अपराह्न राजेश कुमार ठाकुर बीएलओ के काम से निकले थे. इसी दौरान सुनसान जगह पर घात लगाए अज्ञात हमलावरों ने उनके सीने और पेट में गोली मार दी. गोली लगने के बावजूद वे हिम्मत दिखाते हुए लगभग दो किलोमीटर बाइक चलाकर अपने स्कूल के गेट तक पहुंचे और साथियों को बताया कि उन्हें गोली लगी है. इसके बाद सहकर्मी शिक्षकों ने उन्हें पंडौल स्थित अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया. इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है.मृतक के भाई मुकेश कुमार ठाकुर ने पुलिस को दिए बयान में आशंका जताई है कि राजेश कुमार का प्रेम प्रसंग उसी स्कूल की एक विवाहित शिक्षिका से था.

### अधिकारियों ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

**भागलपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को भागलपुर के आयुक्त हिमांशु कुमार राय, जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार समेत कई वरीय पदाधिकारियों ने शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया.निरीक्षण से पहले अधिकारियों ने समीक्षा भवन में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. बैठक में चुनाव की तैयारियों और मतदाताओं की सुविधा से जुड़ी विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई. इसके बाद सभी अधिकारी कृषि भवन और नगर निगम मतदान केंद्र पहुँचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान आयुक्त हिमांशु कुमार राय ने कहा कि अधिकांश मतदान केंद्र संतोषजनक हैं. कोशिश की जा रही है कि अधिक से अधिक बूथों पर दो गेट बनाए जाएँ, ताकि मतदाताओं को प्रवेश और निकासी में कोई परेशानी न हो.

## बिहार चुनाव से पहले महिलाओं को नीतीश सरकार का बड़ा तोहफा

# रोजगार के लिए महिलाओं को 10 हजार देगी सरकार

**शुभम संदेश। पटना**

- रोजगार और आर्थिक मदद की नई योजना का ऐलान
- इंडी गठबंधन वाले मां को दे रहे गाली, हम दे रहे हैं इज्जत

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली एनडीए सरकार ने महिलाओं के लिए एक बड़ी और महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है. "मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना" के नाम से शुरू की जाने वाली इस योजना का उद्देश्य राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है.

राज्य सरकार की इस नई पहल के तहत बिहार की लगभग 2 करोड़ 70 लाख महिलाओं को सीधे आर्थिक सहायता दी जाएगी. डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस योजना की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि योजना का पहला चरण सितंबर 2025 से लागू होगा. इसमें हर परिवार की एक महिला को 10,000 रुपये की पहली किस्त सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी.

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा है कि,जहां इंडी गठबंधन के लोग पीएम मोदी के मां की गाली दे रहे है दूसरी ओर सीएम नीतीश बिहार की मां बहनों को सम्मान दे रहे हैं और उनके जीवन में खुशियां लाने में लगे हैं. आज महिलाओं के रोजगार और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण योजना की स्वीकृति बिहार कैबिनेट में दी है. इसके साथ ही 1 करोड़ 40 लाख माताएं बहने



जीविका से जुड़ी हैं.

इस योजना के अंतर्गत यदि किसी महिला को अपना रोजगार शुरू करने के लिए और अधिक धनराशि की आवश्यकता होती है, तो सरकार अधिकतम 2 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान कर सकती है. यह राशि चरणबद्ध तरीके से दी जाएगी और इसके लिए लाभार्थियों को आवेदन करना होगा.

सरकार महिलाओं को सिर्फ आर्थिक सहायता ही नहीं देगी, बल्कि उनके उत्पादों की बिक्री के लिए उचित बाजार व्यवस्था भी उपलब्ध कराएगी. इसके लिए राज्य भर में हाट-बाजार और विक्रय केंद्र विकसित किए जाएंगे. इससे महिलाओं को स्थानीय बाजारों में अपने उत्पाद बेचने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी आय बढ़ेगी और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा.

सरकार योजना के प्रभाव का मूल्यांकन भी करेगी. रोजगार शुरू करने के छह महीने बाद लाभार्थी महिलाओं की प्रगति का आकलन किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सहायता राशि सही दिशा में उपयोग हो रही है.

इस योजना को बिहार में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है, जो चुनावी माहौल में सरकार की बड़ी रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है.

## प्रधानमंत्री की मां पर की गई टिप्पणी पर भड़के नीतीश कुमार

# कांग्रेस-राजद की कड़ी निंदा की

**शुभम संदेश। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत मां को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की है. उन्होंने शुक्रवार सुबह एक ट्वीट कर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर सीधा हमला बोला.



मुख्यमंत्री ने ट्वीट में कहा, "दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस और राजद के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और उनकी स्वर्गीय माता जी के विरुद्ध जिस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, वह अत्यंत अशोभनीय और निंदनीय है. मैं इसकी घोर भर्त्सना करता हूं."

यह घटना ऐसे समय में हुई है जब बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो रही है. महागठबंधन की ओर से कांग्रेस और राजद "वोटर अधिकार यात्रा" के जरिए राज्यभर में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं. इस यात्रा की अगुवाई राहुल गांधी और तेजस्वी यादव कर रहे हैं.

दरभंगा में इस यात्रा के दौरान मोहम्मद नौशाद नामक कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा मंच से प्रधानमंत्री को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. नौशाद कांग्रेस से टिकट के दावेदार बताए जा रहे हैं.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस बयान से स्पष्ट है कि वह इस प्रकार की राजनीति को स्वीकार नहीं करते और उन्होंने राजनीतिक मर्यादा बनाए रखने की अपील की है.

### प्रधानमंत्री पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल

## केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने की आलोचना

**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा दरभंगा में आयोजित वोटर अधिकार यात्रा के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने तीखी आलोचना की है.



ललन सिंह ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की रैली में प्रधानमंत्री और उनकी मां के खिलाफ की गई अभद्र और अशोभनीय भाषा सड़कछाप लफंगों जैसी है. उन्होंने कहा कि इस प्रकार का व्यवहार बिहार में 1990 से 2005 तक के उस दौर की याद दिलाता है, जब लालू-राबड़ी शासन में सारी मर्यादाएं टूट चुकी थीं.

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या दो राज्यों के मुख्यमंत्री और बिहार के नेता प्रतिपक्ष इस तरह के अभद्र और टुच्चे तत्वों को साथ लेकर फिर से बिहार को अराजकता की ओर ले जाना चाहते हैं. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार की जनता जानती है कि विकास, सम्मान और शांति का मार्ग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही संभव हुआ है. उन्होंने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव से अपने समर्थकों के इस अमर्यादित कृत्य के लिए सार्वजनिक माफी की मांग की.

## पुलिस की तत्परता से बची निर्दोष की जान दो सुपारी किलर समेत तीन गिरफ्तार

- एक कट्टा,14 कारतूस और चाकू बरामद

**संवाददाता। पूर्वी चंपारण**

पुलिस की तत्परता से एक निर्दोष की हत्या होने से बच गई है. दरअसल पकड़ीदयाल डीएसपी चंदन कुमार के नेतृत्व में राजेपुर थाना की पुलिस टीम ने गुरूवार को तेतरिया के फौजदार चौक के समीप वाहन चेकिंग के दौरान दो युवको को एक कट्टा,14 कारतूस, एक चाकू, तीन स्मार्ट फोन, एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया, पकड़े गये दोनो बदमाश पीपरा थाना क्षेत्र के चकबारा गांव के मुना पासवान, मेघु पासवान बताये गये है, जिसने पूछताछ के दौरान बताया कि दोनो राजेपुर थाना क्षेत्र के महमदपुर सागर गांव के रमेश तिवारी की हत्या करने जा रहे थे. हत्या के लिए उन्हे महमदपुर सागर गांव के राम निवास तिवारी ने दो



लाख रूपये की सुपारी दी थी.हत्या करने के बाद उन दोनो को शेष राशि दी जाती . दोनो बदमाशों के बयान के आधार पर पुलिस टीम ने त्वतरित कारवाई करते हुए राजेपुर थाना क्षेत्र के महमदपुर सागर गांव के राम निवास तिवारी को भी गिरफ्तार कर लिया है,जिसने बताया है,कि उसका अपने पट्टीदार रमेश तिवारी से भूमि विवाद चल रहा था,जिसको लेकर उसने उसकी हत्या कराने साजिश रची थी. राजेपुर थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद शुक्रवार को तीनो बदमाशो को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जायेगा.

### तस्करी का 25 किलो गांजा जब्त

**अररिया।** एसएसबी 56वीं वाहिनी की बाह्य सीमा चौकी ए समवाय की विशेष नाका गश्ती ने फुलकाहा थाना पुलिस के साथ बीती रात मिली गुप्त सूचना पर संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 25 किलो तस्करी का गांजा बरामद किया. एसएसबी और फुलकाहा थाना पुलिस की यह करवाया फुलकाहा थाना क्षेत्र के पथराहा गांव के मेहता टोला वार्ड संख्या आठ में भारतीय बोर्डर भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 190/3 के नजदीक की गई.तस्कर गांजा की तस्करी कर उसे नेपाल से भारतीय सीमा क्षेत्र में लाकर रखा था,जिसे एसएसबी और पुलिस के द्वारा जब्त कर लिया गया.यह कार्रवाई इंडो नेपाल बॉर्डर के भारत साइड में सीमा क्षेत्र से करीबन दो सौ मीटर की दूरी पर की गई. जब्त 25 किलोग्राम गांजा नेपाल से भारत के तरफ लाया जा रहा था.आवश्यक कार्यवाही के बाद जब्त गांजा को फुलकाहा थाना के सुपुर्द कर दिया गया.

# पीएम को गाली देने वाला गिरफ्तार

**संवाददाता। पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कांग्रेस की वोट अधिकार यात्रा के दौरान गाली देने वाले आरोपी कांग्रेस नेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. बिहार पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को दरभंगा से दबोच लिया. पुलिस ने आरोपी की पहचान सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के भोपुरा गांव निवासी रिजवी उर्फ राजा के रूप में की है. उस पर आरोप है कि उसने मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और भद्दी-भद्दी गालियां दीं. घटना के बाद इस मामले में सिमरी थाना में मुकदमा दर्ज किया गया था. पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है. इस घटना के बाद जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है.

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने दर्ज करवाई थी प्राथमिकी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी स्वर्गीय माता पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में



भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी ने दरभंगा साइबर थाना में कांग्रेस नेता नौशाद समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. भाजपा नेता ने अपनी लिखित शिकायत में कहा कि 27 अगस्त को विपक्ष के नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की मौजूदगी में महागठबंधन द्वारा आयोजित वोटर अधिकार यात्रा के दौरान मंच से प्रधानमंत्री और उनकी माता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की गई. जिलाध्यक्ष ने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह सिर्फ प्रधानमंत्री नहीं बल्कि पूरे देश का अपमान है. उन्होंने पुलिस से आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है.

वहीं, पुलिस टीम मुख्य आरोपी नौशाद की तलाश में छापेमारी कर रही है. एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में एक आरोपी को पकड़ा गया है और उससे पूछताछ की जा रही है. अन्य आरोपियों की तलाश में दरभंगा पुलिस की टीम लगातार छापेमारी कर रही है. सिमरी थानाध्यक्ष ने रिजवी उर्फ रफीक उर्फ राजा को गिरफ्तार किया है. पुलिस सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र सरफराज शेख की भी तलाश कर रही है. पीएम मोदी को गाली देने का यह भी आरोपी है.

### पटना सिविल कोर्ट में बम की सूचना से हड़कंप मचा, पुलिस अलर्ट पर

**पटना।** पटना व्यवहार न्यायालय को शुक्रवार को गंभीर बम धमकी मिली, जिसके बाद पूरे न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया. धमकी ईमेल के माध्यम से न्यायालय के जज को भेजी गई. सूचना मिलने के तुरंत बाद पटना पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए. वहीं, कोर्ट परिसर को पूरी तरह खाली करवा दिया गया और सभी सुनवाईयां नई तारीख पर स्थगित कर दी गईं. बम स्क्वॉड की टीम को भी बुलाया गया और न्यायालय परिसर में विस्तार से तलाशी अभियान चला. हालांकि, तलाशी के दौरान किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ नहीं मिला. पटना पुलिस का कहना है कि धमकी किस ओर से और किसने भेजी, इसकी जांच की जा रही है. साइबर सेल और अन्य जांच टीमों की मदद भी ली जा रही है. पुलिस ने कहा कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा.

**कारोबार**

### आरआर काबेल ने लॉन्च की वायरों की नई सीरीज घरों को देगी पावर

**मुंबई।** भारत में वायर व केबल बनाने वाली अग्रणी कंपनी आरआर काबेल ने वायरों की एक नई रेंज लॉन्च की है. आज के दौर में खासकर जब तापमान बढ़ रहा है और बिजली की खपत भीऐसे में ये वायरें बदलते वक्त की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है. इस नई सीरीज में फ्लेमेक्स एचआर+एफ आर और फायरएक्स एलएस0एच-ईबीएक्सएल जैसे प्रोडक्ट शामिल हैं जो सुरक्षा, परफॉर्मेंस और पर्यावरण की रक्षा-तीनों में बेहतर हैं.लॉन्च के इस मौके पर आरआर काबेल के कार्यकारीनिदेशक श्री राजेश काबरा ने कहा, "जब घर स्मार्ट हो रहे हैं और तापमान बढ़ रहा है, तो वायरों को भी बदलना होगा. हमारी नई रेंज आज की ही नहीं, बल्कि आने वाले समय की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है- चाहे वो बढ़ता तापमान हो या ज्यादा बिजली का दबाव या फिर सुरक्षा और पर्यावरण की जिम्मेदारी."फ्लेमेक्स एचआर+एफआर वायर यह वायर बहुत ज्यादा गर्म जगहों के लिए खासतौर पर बनाई गई है.

### 2026 की पहली छमाही में आएगा रिलायंस जियो का आईपीओ

- मुकेश अंबानी का ऐलान

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की 48वीं सालाना आम बैठक में चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि रिलायंस जियो 2026 की पहली छमाही में अपना इनीशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) लाने की तैयारी में है. उन्होंने बताया कि जियो आईपीओ के लिए सभी जरूरी तैयारियां कर रहा है और नियामकीय मंजूरी मिलने के बाद इसे शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया जाएगा.अंबानी ने कंपनी के 44 लाख शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा, ₹मुझे पूरा विश्वास है कि जियो, अपने ग्लोबल समकक्षों की तरह, निवेशकों के लिए असीम वैल्यू क्रिएट करेगा. यह एक बेहद आकर्षक निवेश अवसर होगा.

## सर्राफा बाजार में सोने के भाव में मामूली गिरावट, चांदी की कीमत में बदलाव नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने के भाव में मामूली कमजोरी दर्ज की गई है. वहीं चांदी के भाव में आज लगातार तीसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है. कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,02,590 रुपये से लेकर 1,02,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया है. इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 94,040 रुपये से लेकर 94,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिका है. चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में भी 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिका है.

दिल्ली में 24 कैरेट सोना शुक्रवार को 1,02,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 94,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,02,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका



है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,02,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 1,02,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 94,040 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिका है. कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,02,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया है.

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना शुक्रवार को 1,02,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 94,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका है. पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है.

## केंद्र सरकार उद्योग जगत को एकतरफा कार्रवाई से बचाने के लिए प्रतिबद्ध : गोयल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार देश के निर्यात को बढ़ावा देने को लेकर घरेलू एवं वैश्विक पहुंच बढ़ाने के लिए जल्द ही कई कदम उठाएगी. सरकार उद्योग जगत को एकतरफा कार्रवाई से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है. मंत्री गोयल ने यहां भारत बिल्डकॉन 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उद्योग जगत को कुछ देशों की एकतरफा कार्रवाइयों से उत्पन्न अनावश्यक तनाव या कठिनाइयों का सामना न करना पड़े. गोयल ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से उन क्षेत्रों पर प्रकाश डालने का आग्रह किया, जहां वैकल्पिक बाजारों की आवश्यकता है. उन्होंने आश्वासन दिया कि वाणिज्य मंत्रालय नए अवसरों के द्वार खोलने के लिए दुनिया भर के भागीदारों से संपर्क कर रहा है.

वाणिज्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि वैश्विक पहुंच के साथ-साथ



घरेलू खपत को बढ़ावा देना भी प्राथमिकता बनी हुई है. उन्होंने कहा कि आगामी जीएसटी परिषद की बैठक में ऐसे उपाय सुझाए जाने की उम्मीद है, जो मांग को तेज़ी से बढ़ाएँगे और घरेलू विनिर्माण को मज़बूत बढ़ावा देंगे. गोयल ने कहा कि ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा और कतर भी भारत के साथ ऐसे समझौते पर बातचीत करने को इच्छुक है.

गोयल ने ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, लिकटेंस्टीन, आइसलैंड और यूके सहित विकसित देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौतों के बढ़ते नेटवर्क पर प्रकाश डाला और यूरोपीय संघ एवं अन्य देशों के साथ बातचीत जारी है. उन्होंने कहा कि ये समझौते निर्माण, इस्पात और संबद्ध क्षेत्रों जैसे भारतीय उद्योगों के लिए वैश्विक अवसरों के द्वार खोलेंगे.

उन्होंने उद्योग जगत के नेताओं को भारत बिल्डकॉन 2026 को एक आत्मनिर्भर, उद्योग-प्रधान पहल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर सरकारी सहायता भी उपलब्ध हो.

गौरतलब है कि 29 अप्रैल से 2 मई, 2026 तक यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भारत बिल्डकॉन को भवन एवं निर्माण सामग्री उद्योग के लिए भारत के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मंच के रूप में स्थापित किया जा रहा है.

## उर्जित पटेल बने आईएमएफ में भारत के नए कार्यकारी निदेशक

### तीन साल का होगा कार्यकाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डॉ. उर्जित पटेल को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है. उनकी नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की गई है और वह अब आईएमएफ में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे.

कार्मिक मंत्रालय द्वारा 28 अगस्त को जारी अधिसूचना के अनुसार, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है. डॉ. पटेल की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी और यह अवधि तीन वर्षों या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक के लिए होगी.

डॉ. उर्जित पटेल, वी. सुब्रमण्यम का स्थान लेंगे, जिनकी सेवाएं केंद्र सरकार ने उनके निर्धारित कार्यकाल से छह महीने पहले ही, यानी 30 अप्रैल 2025 को समाप्त कर दी थीं.



उर्जित पटेल भारतीय रिजर्व बैंक के 24वें गवर्नर रहे हैं. उन्होंने 4 सितंबर 2016 को रघुराम राजन के बाद आरबीआई की कमान संभाली थी. हालांकि उन्होंने दिसंबर 2018 में कार्यकाल पूरा होने से पहले ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था.

डॉ. पटेल एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं और उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़े कई अहम मुद्दों पर काम किया है. उनकी नियुक्ति को आईएमएफ में भारत की भूमिका को और सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

### स्टॉक मार्केट में एआरसी इंसुलेशन की मजबूत एंट्री

## लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में लगा लोअर सर्किट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हाई-परफॉर्मेंस ग्लास फाइबर रीइंफोर्स्ड पॉलीमर कंपोजिट प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी एआरसी इंसुलेशन एंड इंसुलेटर्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूत शुरुआत की. हालांकि लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयरों पर लोअर सर्किट लग गया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 125 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 16 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 145 रुपये के स्तर पर हुई. मजबूत लिस्टिंग के बाद मुनाफा



वसूली शुरू हो जाने के कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर फिसल कर 137.75 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गए. इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का मुनाफा घट कर 10.20 प्रतिशत रह गया.

एआरसी इंसुलेशन एंड इंसुलेटर्स का 41.19 करोड़ रुपये का आईपीओ 21 से 25 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 18.71 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 15.12 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 24.84 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 17.27 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इस आईपीओ के तहत 38.06 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं. इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 2.50 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं. आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में फैक्ट्री शेड लगाने, नया ऑफिस स्पेस खरीदने, पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी.

कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है. वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 2.64 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 6.10 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 8.57 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया.

## रियलमी ने पेश की रियलमी पी4 सीरीज

### 2025 में 20,000 के मूल्य वर्ग में सबसे बेहतर स्मार्टफोन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने शुक्रवार को अपनी रियलमी पी4 सीरीज़ पेश करते हुए इसमें दो बेहतरीन स्मार्टफोन रियलमी पी4 प्रो और रियलमी पी4 लॉन्च किए. इन स्मार्टफोंस में फ्लैगशिप इनोवेशन दिए गए हैं. यह सीरीज़ ऑलराउंडर फीचर्स के साथ ड्युअल चिप पॉवर्ड परफॉर्मेंस प्रदान करती है. इसमें प्रो-गेड की इमेजिंग, सिनेमेटिक डिस्प्ले और पूरे दिन बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली बैटरी दी गई है. इन स्मार्टफोन में समर्पित हाईपर विज़न एआई चिप, स्नैपड्रैगन 7 जेन 4 प्रोसेसर, ड्युअल 50 मेगापिक्सल का एआई कैमरा, 144 हट्ज़् का हाईपर ग्लो एमोलेड डिस्प्ले,



7,000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी हैं, जिनकी मदद से रियलमी पी4 सीरीज़ इस मूल्यवर्ग में यूज़र्स को अपनी अपेक्षाओं से बेहतर स्मार्टफोन पेश कर रही है. यह क्रमशः 20,000 रुपये और 15,000 रुपये के मूल्यवर्ग में अब तक का सबसे बेहतर ड्युअल-चिप स्मार्टफोन है. रियलमी इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, फ्रैंसिस वोंग ने कहा, ''रियलमी पी4 सीरीज़ के साथ हमने ई-कॉमर्स के क्षेत्र में जबरदस्त वापसी की है. ट्रू फ्लैगशिप की परिभाषाएं बदल रही हैं. अब फ्लैगशिप का मतलब केवल टेक्नोलॉजी नहीं, बल्कि उसे साझा करने का विज़न है. रियलमी को ड्युअल-चिप आर्किटेक्चर की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित करने पर गर्व है. यह टेक्नोलॉजी पहले केवल फ्लैगशिप स्मार्टफोन में मिलती थी. पी4 प्रो और पी4 खास भारत के लिए डिज़ाईन किए गए हैं. ये अपनी श्रेणी के हर स्मार्टफोन से बेहतर हैं और 20,000 रुपये से कम मूल्यवर्ग में अब तक के सबसे अच्छे स्मार्टफोन हैं.''फ्लैगशिप परफॉर्मेंस के लिए आधुनिक ड्युअल-चिप आर्किटेक्चररियलमी पी4 सीरीज़ में 30,000 रुपये से कम मूल्यवर्ग में ड्युअल-चिप आर्किटेक्चर मिल रहा है.

# हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक से भारत ने चीन को पहले मैच में 4-3 से हराया

शुभम संदेश। राजगीर

बिहार के राजगीर में हॉकी एशिया कप का शानदार आगाज हो चुका है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ट्रॉफी का अनावरण किया. भारतीय हॉकी टीम का सामना अपने पहले मैच में चीन से हुआ जिसे मेजबानों ने 4-3 से जीत लिया. मुकाबले में कप्तान हरमनप्रीत ने तीन गोल दागे और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई. उनके अलावा एक गोल जुगराज सिंह ने किया. वहीं, चीन की तरफ से चेन बेनहाई, गाओ जियेशेंग और डू शिहाओ ने गोल दागे.चीन ने पहले क्वार्टर में शुरुआती गोल दागा और भारत के खिलाफ 1-0 की बढ़त हासिल की. दूसरे क्वार्टर में भारत ने वापसी की और हरमनप्रीत और जुगराज



के गोल से 2-1 की बढ़त हासिल की. तीसरे क्वार्टर में भारत ने एक और चीन ने दो गोल दागे और स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया. चौथे क्वार्टर में भारत के कप्तान ने एक और गोल कर जीत सुनिश्चित कर दी. सभी सात गोल, ड्रैग फ्लिक से हुए. भारत और चीन को पूल ए में जापान और कजाखस्तान के साथ रखा गया है जबकि पूल बी में पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै हैं.

**चौथे क्वार्टर खेल:** कप्तान हरमनप्रीत ने ड्रैग फ्लिक पर अपना तीसरा और भारत का चौथा गोल किया. इसके बाद दोनों टीम की ओर से कोई गोल नहीं हो सका. भारतीय डिफेंस ने शानदार खेल दिखाया और चीन के काउंटर अटैक को रोकने में कामयाबी हासिल की.

**तीसरे क्वार्टर का खेल:** तीसरे क्वार्टर में भारत 2-1 की बढ़त के साथ उतरा, लेकिन ड्रैग फ्लिक से एक गोल अर्जित करने के बाद दो गोल गंवा दिए. चीन ने शानदार वापसी की. भारतीय डिफेंस पर लगातार दबाव बनाते रहे. काउंटर अटैक के साथ खिलाड़ियों ने शानदार ड्रिब्लिंग दिखाई. इस क्वार्टर में हरमनप्रीत सिंह ने एक गोल किया. चीन की ओर से चेन बेनहाई और गाओ जियेशेंग ने गोल दागे.

**दूसरे क्वार्टर का खेल:** चीन से पिछड़ चुकी भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में शानदार वापसी की और हाफ टाइम तक 2-1 की बढ़त बना ली है. इस दौरान हरमनप्रीत और जुगराज ने ड्रैग फ्लिक पर दो गोल दागे.

**पहले क्वार्टर का खेल:** भारत ने पहले क्वार्टर में अच्छी शुरुआत की थी और गेंद को गोल पोस्ट के अंदर पहुंचाया था, लेकिन मैच रेफरी ने थर्ड अंपायर से पूछने के बाद उसे फाउल दे दिया. बाद में चीन ने वापसी की और शुरुआती गोल के साथ 1-0 की बढ़त बनाई.

**भारतीय टीम :** गोलकीपर : सूरज करकेरा, कृशन बी पाठक.
डिफेंडर : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह.
**मिडफील्डर** : मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह.
**फॉरवर्ड** : मनदीप, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह.
**चीन की टीम :** चेन चोंगकोंग (कप्तान), ओ शू, चेन किजुन, गाओ जीशेंग, चेन चेंगफू, मेंग युआनफेंग, ली पेंगफेइ, लू युआंलिन, मेंग दिलहाओ, शू जीबिन, दू शिंहाओ, झांग शियाओजिया, ओ शुझू, मेंग नान, लिन चांगलियांग, गुओ शियाओलोंग, वांग वेइहाओ, वांग केइयू, ओ यांग, चेन बेनहाइ.

## ज्यूरिख में डायमंड लीग फाइनल 2025 का आयोजन

# दूसरे स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा जूलियन वेबर ने जीता खिताब

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर अपनी निरंतरता का लोहा मनवाया. गुरुवार को ज्यूरिख में खेले गए डायमंड लीग फाइनल 2025 में उन्होंने 85.01 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर दूसरा स्थान हासिल किया. इस तरह नीरज ने 2021 से अब तक खेले गए हर इवेंट में टॉप-2 में फिनिश करने का सिलसिला कायम रखा है. जर्मनी के जूलियन वेबर ने 91.51 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ खिताब जीता. यह नीरज का लगातार 26वां टूर्नामेंट है, जिसमें उन्होंने पहले या दूसरे स्थान पर फिनिश किया है. यह सिलसिला जून 2021 में फिनलैंड के कूर्टाने क्लासिक के बाद से चला आ रहा है, जहां वह तीसरे स्थान पर रहे थे.नीरज ने शुरुआती थ्रो में 84.35 मीटर फेंककर तीसरे स्थान पर शुरुआत की थी. पांचवें राउंड तक वह तीसरे स्थान पर थे, लेकिन आखिरी प्रयास में 85.01 मीटर की थ्रो के साथ उन्होंने ट्रिनिडाड और टोबैगो के 2012 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता केशोर्न वालकॉट (84.95 मीटर) को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया. वेबर ने दूसरे प्रयास में सीजन का सर्वश्रेष्ठ 91.57 मीटर का थ्रो किया, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ भी रहा. उन्होंने पहले प्रयास में 91.37 मीटर की दूरी तय की थी। इसके बाद 83.66 मीटर, 86.45 मीटर और 88.66 मीटर के थ्रो दर्ज किए. पूरे मुकाबले में वेबर का दबदबा इतना था कि उनके नजदीक भी कोई अन्य प्रतिद्वंद्वी नहीं पहुंच सका. भारतीय स्टार नीरज इस बार अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखे। छह प्रयासों में से केवल तीन ही मान्य रहे और वह महज 85 मीटर तक ही पहुंच पाए. लगातार 88 मीटर से ऊपर थ्रो करने के लिए मशहूर नीरज के लिए यह एक दुर्लभ मौका रहा, जब वह अपनी लय में नजर नहीं आए. नीरज ने 2022 में डायमंड लीग ट्रॉफी जीती थी, लेकिन 2023 और 2024 की तरह इस बार भी उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। अब वह अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में खिताब बचाने के इरादे से उतरेंगे.



### नीरज चोपड़ा की टॉप-2 उपलब्धियां (2021-2025) 2025

| | |
|---|---|
| ज्यूरिख डायमंड लीग (स्विट्ज़रलैंड) | दूसरा स्थान |
| नीरज चोपड़ा क्लासिक, बेंगलुरु (भारत) | पहला स्थान |
| ओस्ट्रावा डीएल (चेक गणराज्य) | पहला स्थान |
| पेरिस डीएल (फ्रांस) | पहला स्थान |
| जानुज़ कुसोचिंस्की मेमोरियल, चोरजॉ (पोलैंड) | दूसरा स्थान |
| दोहा डीएल (कतर) | दूसरा स्थान |
| पोट्च इनविटेशनल मीट, पोटचेफस्ट्रूम (दक्षिण अफ्रीका) | पहला स्थान |

**2024**

| | |
|---|---|
| ब्रसेल्स डीएल (बेल्जियम) | दूसरा स्थान |
| लॉज़ान डीएल (स्विट्ज़रलैंड) | दूसरा स्थान |
| पेरिस ओलंपिक (क्वालिफ़ायर) | पहला स्थान |
| पेरिस ओलंपिक (फ़ाइनल) | दूसरा स्थान |
| पावो नूरमी गेम्स (फिनलैंड) | पहला स्थान |
| फेडरेशन कप, भुवनेश्वर (भारत) | पहला स्थान |
| दोहा डीएल (कतर) | दूसरा स्थान |

**2023**

| | |
|---|---|
| एशियाई खेल, हांगझोउ (चीन) | पहला स्थान |
| प्रीफोंटेन क्लासिक (अमेरिका) | दूसरा स्थान |
| ज्यूरिख डीएल (स्विट्ज़रलैंड) | दूसरा स्थान |
| विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप (क्वालिफ़ायर), बुडापेस्ट (हंगरी) | पहला स्थान |
| विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप (फ़ाइनल), बुडापेस्ट (हंगरी) | पहला स्थान |
| लॉज़ान डीएल (स्विट्ज़रलैंड) | पहला स्थान |
| दोहा डीएल (कतर) | पहला स्थान |

**2022**

| | |
|---|---|
| ज्यूरिख क्लासिक (स्विट्ज़रलैंड) | पहला स्थान |
| लॉज़ान डीएल (स्विट्ज़रलैंड) | पहला स्थान |
| विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप (क्वालिफ़ायर), ओरेगन (अमेरिका) | पहला स्थान |
| विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप (फ़ाइनल), ओरेगन (अमेरिका) | दूसरा स्थान |
| स्टॉकहोम डीएल (स्वीडन) | दूसरा स्थान |
| कूर्टाने गेम्स (फिनलैंड) | पहला स्थान |
| पावो नूरमी गेम्स (फिनलैंड) | दूसरा स्थान |

**2021**

| | |
|---|---|
| टोक्यो ओलंपिक (क्वालिफ़ायर) | पहला स्थान |
| टोक्यो ओलंपिक (फ़ाइनल) | पहला स्थान |

## 18 साल बाद लौट आया 'स्लैप-गेट': क्रिकेट का काला सच उजागर

# हरभजन-श्रीसंत विवाद का फुटेज आया सामने

एजेंसियां। नयी दिल्ली

करीब 18 साल बाद, आईपीएल के संस्थापक और पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने एक ऐसे वीडियो को जारी किया है, जिसे पहले कभी प्रसारित नहीं किया गया था.

इस फुटेज में 2008 में मुंबई इंडियंस बनाम किंग्स इलेवन पंजाब के मैच के बाद भज्जी (हरभजन सिंह) को श्रीसंत को थप्पड़ मारते हुए दिखाया गया है. इस 'स्लैप-गेट' घटना को लेकर अब फिर से चर्चाओं की बाढ़ आ गई है. मैच के बाद दोनों के बीच तनावपूर्ण माहौल साफ झलक रहा है. यह घटना बताती है कि क्रिकेट सिर्फ खेल नहीं, बल्कि भावनाओं और प्रतिक्रियाओं का मिश्रण भी है, जो कभी-कभी नियंत्रण से बाहर निकल जाती है. अब, लगभग दो दशक बाद, यह फुटेज दिखाता है कि कैसे पुराने विवाद अभी भी क्रिकेट प्रेमियों के लिए मायने रखते हैं.



### फुटेज का खुलासा : कैसे आया सामने

यह फुटेज उस समय सामने नहीं आया था, क्योंकि मैच के बाद मैदान पर कैमरे बंद हो जाते हैं, स्क्रीन पर विज्ञापन उपकरण आ जाते हैं. लेकिन ललित मोदी ने हाल ही में माइकल क्लार्क के पॉडकास्ट में इस वीडियो को साझा किया. ललित मोदी ने बताया कि सुरक्षा कैमरों ने इस घटना को कैद कर लिया था, जबकि लाइव प्रसारण में यह हिस्सा दिखाई नहीं दिया था. वास्तविक घटना 2008 आईपीएल के शुरुआती दिनों की थी. मैच खत्म होने के बाद दोनों खिलाड़ी हाथ मिलाने के लिए मिले, लेकिन इसी दौरान हरभजन ने श्रीसांत के गाल पर एक थपड़ मार दिया. इस झटका ने दर्शकों को स्तब्ध कर दिया, खासकर जब श्रीसंत आंसू बहाते हुए नजर आए. उस समय कई बार यह विवादित दृश्य (सिर्फ तस्वीर) लाइव टीवी पर दिखा था. बीसीसीआई ने इस घटना की गंभीरता को देखते हुए हरभजन को निलंबित कर दिया था और उसे उपयुक्त दंड भी मिला था.

### बाद की सफाई और दोस्ती

वर्षों बाद दोनों खिलाड़ियों ने सामने आकर कहा कि वे दोस्त हैं और उस घटना को पीछे छोड़ चुके हैं. श्रीसंत ने खुद कहा कि 'हरभजन मेरे लिए एक बड़े भाई की तरह हैं" और विवाद के बाद व्यक्तिगत स्तर पर कोई शिकायत नहीं थी. उनकी दोस्ती के पीछे की बात यह है कि मैदान पर जो हो गया, उसे अब उन्होंने चुपचाप भुला दिया है. हाल ही में भज्जी ने अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कहा था कि अगर उन्हें समय में वापस जाने का मौका मिले तो वह श्रीसंत वाली घटना को बदलना चाहेंगे और चाहेंगे कि वैसा कभी न हो. श्रीसंत को थप्पड़ मारने का गम आज भी उन्हें है और यह उनके जीवन की सबसे बड़ी भूल थी. यह फुटेज फिर से जारी होने के बाद पुरानी यादें ताजा हुईं और क्रिकेट जगत में चर्चा का नया दौर शुरू हो गया कि आईपीएल जैसे ग्लोबल टूर्नामेंट में मानवीय भावनाओं का बिगड़ना कैसे सामने आता है. साथ ही यह सवाल भी उठा कि अगर यह फुटेज उस समय सामने आ गया होता, तो शायद इस विवाद का असर और गहरा होता.

### बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सात्विक-चिराग

**पेरिस।** भारत की पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता और विश्व नंबर-6 जोड़ी लियांग वेई कंग तथा वांग चांग को 19-21, 21-15, 21-17 से हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली. निर्णायक गेम में सात्विक-चिराग 15-17 से पिछड़ रहे थे, लेकिन इसके बाद लगातार छह अंक हासिल कर मुकाबला अपने नाम किया.

## एशिया कप के लिए 5 को दुबई में एकत्रित होगी भारतीय टीम

# अपने शहरों से सीधे रवाना होंगे खिलाड़ी

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारतीय टीम के खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव की अगुआई में एशिया कप के लिए दुबई में एकत्रित होंगे. आमतौर पर टीम के सदस्य मुंबई में एकत्रित होते थे और फिर वहां से एक साथ रवाना होते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो रहा है. एशिया कप की शुरुआत नौ सितंबर से हो रही है और भारतीय टीम के सदस्य चार सितंबर में दुबई में एकत्रित होंगे. भारत इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को करेगा. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सभी खिलाड़ी चार सितंबर की शाम तक दुबई पहुंच जाएंगे और पहला नेट सत्र पांच सितंबर को आईसीसी अकादमी में आयोजित किया जाएगा. लॉजिस्टिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को अपने-अपने शहरों से सीधे दुबई पहुंचने के लिए कहा जाएगा. जाहिर है टीम के कुछ सदस्य मुंबई से रवाना होंगे लेकिन कुछ अन्य सदस्यों का मानना है कि पहले मुंबई पहुंच कर दुबई के लिए उड़ान भरना समझ से परे है. वैसे भी दुबई पहुंचने में अन्य अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की तुलना में कम समय लगता है.




### एशिया कप में भारत का कार्यक्रम

भारत टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में 10 सितंबर को संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगा और उसके बाद 14 सितंबर को दुबई में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा. सुपर फोर चरण से पहले उसका तीसरा ग्रुप मैच 19 सितंबर को ओमान के खिलाफ होगा. एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा गुरुवार को शुरू हुए दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में उत्तर क्षेत्र की तरफ से पूर्व क्षेत्र के खिलाफ, जबकि कुलदीप यादव मध्य क्षेत्र की तरफ से उत्तर पूर्व क्षेत्र के खिलाफ खेल रहे हैं, जब अधिकारी से पूछा गया कि क्या स्टैंडबाय खिलाड़ियों में शामिल प्रसिद्ध कृष्णा या वाशिंगटन सुंदर नेट गेंदबाज के तौर पर मुख्य टीम के साथ यात्रा करेंगे तो उन्होंने इससे इनकार किया.

# हॉकी इंडिया ने खेल दिवस पर की सुधारों की शुरुआत

एजेंसियां। नयी दिल्ली



हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को हॉकी इंडिया ने भारतीय हॉकी को नई दिशा देने के लिए बड़े प्रशासनिक सुधारों की शुरुआत की. हॉकी इंडिया ने इस ऐतिहासिक दिन को चिह्नित करते हुए हर स्तर पर खेल में अधिक पारदर्शिता, पहुंच व व्यावसायिकता लाने के लिए डिज़ाइन किए गए भविष्यवादी, एथलीट-केंद्रित ई-सुधारों की एक श्रृंखला पर प्रकाश डालते हुए सुशासन और भारतीय हॉकी के विकास के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की. प्रमुख पहलों में खिलाड़ियों के लिए डिजिटल पहचान पत्र जारी करना, पंजीकरण और सत्यापन प्रक्रियाओं को सरल बनाना और साथ ही घरेलू सर्किट में पारदर्शिता और पता लगाने की क्षमता सुनिश्चित करना शामिल है. ये पहचान पत्र हॉकी इंडिया के मेम्बर युनिट्स पोर्टल से सीधे डाउनलोड किए जा सकते हैं, जिससे खिलाड़ियों को आसानी से पहुंच मिलती है और कागजी कार्रवाई कम होती है, जो सुव्यवस्थित पहचान के आधार मॉडल की तरह है. प्रशासन को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने के लिए, हॉकी इंडिया ने डिजिलॉकर को पूरी तरह से एकीकृत कर दिया है, जिससे खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप के अपने सभी प्रमाणपत्र प्राप्त करने में मदद मिलेगी—जिनमें पिछले पांच वर्षों के प्रमाणपत्र भी शामिल हैं.


इस कदम से न केवल रिकॉर्ड रखना आसान हो गया है, बल्कि खिलाड़ियों को कॉलेज में दाखिले, नौकरी के आवेदन और अन्य सत्यापन संबंधी ज़रूरतों में भी मदद मिली है.

# रोजर का युग खत्म! नेशनल स्पोर्ट्स डे के दिन राजीव शुक्ला बने बीसीसीआई के अंतरिम अध्यक्ष

एजेंसियां। मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) में एक बड़ा बदलाव हुआ है. रिपोर्ट्स के अनुसार रोजर बिन्नी ने 70 साल से अधिक उम्र होने के कारण अपने कार्यकाल से पहले ही बीसीसीआई अध्यक्ष का पद छोड़ दिया है. बीसीसीआई के नियमों के अनुसार, 70 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति इस पद पर नहीं रह सकता है, जिसकी वजह से बिन्नी को यह फैसला लेना पड़ा. उनके इस्तीफे के बाद बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला को बोर्ड का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

**उम्र बनी इस्तीफे की वजह :** रोजर बिन्नी को अक्टूबर 2022 में सौरव गांगुली के बाद बीसीसीआई का 36वां अध्यक्ष बनाया गया था. हालांकि, उनकी उम्र 70 वर्ष से ज्यादा होने के कारण उन्हें यह पद छोड़ना पड़ा. बीसीसीआई के संविधान में आयु सीमा नियम है, जिसके तहत कोई भी पदाधिकारी 70 साल की उम्र के बाद अपने पद पर नहीं रह सकता. यह नियम सुनिश्चित करता है कि क्रिकेट बोर्ड में सक्रिय नेतृत्व बना रहे. बिन्नी के कार्यकाल के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की, जिनमें आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल और वनडे वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन शामिल है.



### एशिया कप के दौरान हो सकते हैं चुनाव

राजीव शुक्ला की अंतरिम नियुक्ति एक अस्थायी व्यवस्था है. रिपोर्ट्स के अनुसार, बीसीसीआई जल्द ही अपने अगले अध्यक्ष के लिए चुनाव करवाएगा. माना जा रहा है कि यह चुनाव टीम इंडिया के एशिया कप में भाग लेने के दौरान आयोजित किए जाएंगे. इस दौरान बोर्ड के सदस्य नए अध्यक्ष के चयन के लिए प्रक्रिया शुरू करेंगे. राजीव शुक्ला के पास अंतरिम अध्यक्ष के रूप में बोर्ड के दैनिक कार्यों को संभालने की जिम्मेदारी होगी. बीसीसीआई के इस बदलाव से भारतीय क्रिकेट में एक नया अध्याय शुरू हुआ है और अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि अगला अध्यक्ष कौन होगा.

**फुटबॉल**

## लियोनेल मेसी का संन्यास ! इंटरनेशनल करियर पर लगेगा फुलस्टॉप

# 4 सितंबर को खेल सकते हैं अपना आखिरी घरेलू मैच

शुभम संदेश डेस्क

फुटबॉल के जादूगर लियोनेल मेसी ने ऐसा बयान दिया है जिसने उनके करोड़ों चाहने वालों की धड़कनें बढ़ा दी हैं. 38 साल के अर्जेंटीनी स्टार ने साफ किया है कि उनका इंटरनेशनल करियर अब आखिर पड़ाव पर पहुंच रहा है. मेसी ने इशारा किया है कि 4 सितंबर को ब्यूनस आयर्स के एस्टादियो मोन्यूमेंटल स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ होने वाला वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच शायद उनका आखिरी घरेलू मुकाबला होगा.

**परिवार के साथ मैदान पर होंगे मेसी**

एप्पल टीवी को दिए इंटरव्यू में मेसी ने कहा, "यह मेरे लिए बहुत ही खास मैच होगा. यह मेरे लिए मेरा आखिरी क्वालिफायर गेम हो सकता है. मुझे नहीं पता इसके बाद कोई फ्रेंडली या दूसरे मैच होंगे या नहीं लेकिन इस मैच के लिए मेरा पूरा परिवार मेरे साथ रहेगा. मेरी पत्नी, मेरे बच्चे, मेरे माता-पिता, मेरे भाई-बहन और मेरी पत्नी के सभी रिश्तेदार स्टेडियम में मौजूद रहेंगे."



**अर्जेंटीना पहले ही कर चुका है क्वालिफाई :** 2026 वर्ल्ड कप के लिए अर्जेंटीना ने पहले ही क्वालिफाई कर लिया है. टीम 35 अंकों के साथ साउथ अमेरिकन क्वालिफायर टेबल में टॉप पर बनी हुई है. ऐसे में यह मैच अर्जेंटीना के लिए सिर्फ एक औपचारिकता है, लेकिन मेसी और उनके फैन्स के लिए यह बेहद इमोशनल मोमेंट साबित होने वाला है.

**मेसी का क्वालिफायर रिकॉर्ड :** अब तक मेसी ने 193 इंटरनेशनल मैच खेले हैं. इसमें से वर्ल्ड कप क्वालिफायर में उन्होंने 31 गोल दागे हैं. 2022 कतर वर्ल्ड कप जीतकर उन्होंने अर्जेंटीना को 36 साल बाद वर्ल्ड चैंपियन बनाया था. यह उनके करियर की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाती है. मेसी 9 सितंबर को इक्वाडोर के खिलाफ भी क्वालिफायर खेल सकते हैं, लेकिन वह मुकाबला अवे होगा. इसलिए 4 सितंबर का दिन शायद आखिरी बार होगा जब ब्यूनस आयर्स की भीड़ अपने हीरो को क्वालिफायर में घर पर खेलते देखेगी.

**फुटबॉल के टॉप गोलस्कोरर्स**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो (पुर्तगाल) - 221 मैच, 138 गोल
लियोनल मेसी (अर्जेंटीना) - 193 मैच, 112 गोल
अली दाई (ईरान) - 148 मैच, 108 गोल
सुनील छेत्री (भारत) - 155 मैच, 95 गोल
रोमेलू लुकाकू (बेल्जियम) - 124 मैच, 89 गोल

**वर्ल्ड कप क्वालिफायर सिस्टम**

साउथ अमेरिका में वर्ल्ड कप क्वालिफायर कॉनमेबोल के नियमों के अनुसार खेले जाते हैं. अर्जेंटीना, ब्राजील, उरुग्वे, चिली, कोलंबिया समेत 10 टीमें इसमें भाग लेती हैं. हर टीम बाकी नौ देशों से होम और अवे, कुल 18 मैच खेलती है. इन मैचों में टॉप-6 टीमें सीधे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करती हैं. वहीं सातवें नंबर की टीम को फीफा प्ले ऑफ-टूर्नामेंट खेलना पड़ता है.

**अर्जेंटीना के लिए एक युग का अंत**

अगर 4 सितंबर का मैच सचमुच मेसी का आखिरी घरेलू क्वालिफायर साबित हुआ, तो यह अर्जेंटीना फुटबॉल इतिहास के सबसे बड़े इमोशनल पलों में से एक होगा. हालांकि मेसी ने अभी तक इंटरनेशनल रिटायरमेंट की आधिकारिक घोषणा नहीं की है.

# विराट कोहली और एमएस धौनी के बीच अंतर, सुनाया 10 साल पुराना किस्सा

एजेंसियां। नयी दिल्ली

एमएस धौनी भारत के सबसे सफलतम कप्तानों में से एक हैं, जिनकी कप्तानी में भारत ने दो वर्ल्ड कप (2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 ओडीआई वर्ल्ड कप) और एक चैंपियंस ट्रॉफी (2013) का खिताब जीता. बतौर कप्तान टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली ने भी खूब प्रभावित किया, उन्हें इस फॉर्मेट को जिंदा रखने का भी क्रेडिट दिया जाता है. वनडे क्रिकेट में दोनों ने ही 10 हजार से अधिक रन बनाए. हालांकि ये मानना होगा कि टेस्ट में विराट का पलड़ा थोड़ा भारी है. धौनी ने कभी भी टेस्ट में शतक नहीं लगाया जबकि विराट के 30 टेस्ट शतकों में से 14 विदेशी जमीं पर आए. हालांकि शुरुआत में ऐसा नहीं था. कोहली के टेस्ट करियर के शुरुआती समय में एमएस धौनी विदेशी जमीं पर, खासकर सेना देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में कोहली से बेहतर थे. न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर ने बताया कि कैसे 2014 में हुए एक टेस्ट के दौरान वह अपनी रणनीति से कोहली को परेशान करने में सफल रहे जबकि धौनी ने उन्हें अच्छी तरह खेला. वैगनर ने रेड इंकर क्रिकेट पॉडकास्ट में कहा, ₹मुझे याद है कि इस टेस्ट मैच में विकेट काफी सपाट था, लेकिन पिच पर गति और उछाल थी. सीधी रेखा में ईडन पार्क ग्राउंड काफी छोटा है, लेकिन चौकोर बाउंड्रीज़ मददगार हैं.



## ब्रीफ न्यूज

### बाइक में मारी टक्कर, तीन युवक घायल, एक रेफर

**जयनगर (कोडरमा)।** शुक्रवार सुबह पिपचो चौक के पास एक तेज़ रफ्तार मवेशी लदे पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा सुबह करीब 5 बजे हुआ जब तीनों युवक मरकच्चो से झुमरीतिलैया की ओर जा रहे थे. घायलों की पहचान गुरपा (गया) निवासी संजय भुईयां (28), रामावतार भुईयां (35) और पिपचो निवासी सुरेश भुईयां (35) के रूप में हुई है. स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से सभी को सदर अस्पताल कोडरमा भेजा. डॉक्टरों ने बताया कि संजय और रामावतार का इलाज कोडरमा में चल रहा है, जबकि गंभीर रूप से घायल सुरेश को रिम्स, रांची रेफर किया गया है.

### जयनगर में आरटीई के तहत विशेष नामांकन शिविर

**जयनगर (कोडरमा)।** बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जयनगर में विशेष नामांकन शिविर का आयोजन शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में किया गया. इस शिविर में वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए निजी गैर सहायता प्राप्त स्कूलों की प्रवेश कक्षाओं में 25% सीटें आरक्षित किए जाने के तहत आवेदन लिए गए. बीपीओ राधा सिंह ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है. शिविर के दौरान नेशनल पब्लिक स्कूल और लक्ष्मी नारायण विद्यापीठ में प्रवेश के लिए तीन-तीन आवेदन प्राप्त हुए.अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक सराहनीय कदम बताया.

### यूडीआईडी कार्ड बनाने को लेकर कैंप का आयोजन

**पांडू।** पांडू प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) में यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया. इस कैंप में लगभग 50 बच्चों की आंखों की जांच की गई और उनका पंजीकरण कर कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई. जिला से आए चिकित्सा दल में डॉ. सुशील कुमार, राकेश कुमार, अमरेंद्र कुमार, अभिनव, पवन कुमार, आशीष कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे. उन्होंने मध्य विद्यालय पांडू के बच्चों की आंखों की जांच की और नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत बच्चों को जागरूक भी किया. मौके पर नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि यूडीआईडी कार्ड से बच्चों की नेत्र विकलांगता की पहचान की जा सकती है, जिससे सरकार की ओर से वित्तीय सहायता, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा संबंधी लाभ मिल सकते हैं.

### 11 उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी का मुकदमा

**लावालौंग (चतरा)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल लावालौंग की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पकड़ा. सभी के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और उनका बिजली कनेक्शन काट दिया गया. सहायक अभियंता सत्यदेव कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई पत्रांक 262/AE दिनांक 26 अगस्त 2025 के निर्देश पर की गई. जांच में पाया गया कि उपभोक्ता तार जोड़कर चोरी से बिजली का उपयोग कर रहे थे.

## अदाणी फाउंडेशन ने टीबी मरीजों को बांटे पोषण किट

# स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

**शुभम संदेश । हजारीबाग**



अदाणी फाउंडेशन द्वारा बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को टीबी के 80 मरीजों को पोषण किट वितरित किए गए. यह वितरण पांचवें चरण के पहले कैंप के तहत किया गया, जिसमें अगले पांच महीनों तक मरीजों को नियमित रूप से पोषण किट उपलब्ध कराई जाएगी.

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीएचसी बड़कागांव की मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंजु प्रभा रहीं. उन्होंने मरीजों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित दवा सेवन के लिए प्रेरित किया. डॉ. प्रभा ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन की यह पहल टीबी मरीजों के पोषण स्तर को सुधारकर उनके उपचार को अधिक प्रभावी बनाने में मददगार सिद्ध हो रही है. इस दौरान उन्होंने जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए ताकि मरीजों में बीमारी को लेकर सही जानकारी और जागरूकता फैले. बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में टीबी के 120 में से 40 मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि शेष 80 मरीजों का उपचार जारी है. यह आंकड़ा फाउंडेशन की इस स्वास्थ्य पहल की सफलता को दर्शाता है.

**स्वास्थ्य के साथ अन्य क्षेत्रों में भी सक्रिय :** अदाणी फाउंडेशन केवल स्वास्थ्य नहीं, बल्कि बड़कागांव क्षेत्र में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, किसान सहयोग और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में भी लगातार कार्य कर रहा है. हाल ही में किसानों के बीच बीज और उर्वरक का वितरण, विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक सहयोग कार्यक्रम तथा महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए, जिनका क्षेत्र में सकारात्मक असर देखने को मिला है.

## कोडरमा में मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त कदम

# जन-जागरूकता और कानूनी कार्रवाई पर जोर

**शुभम संदेश। कोडरमा**




कोडरमा जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और दुरुपयोग पर रोकथाम के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारको कोरडिनेशन समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, नशीली दवाओं के दुरुपयोग तथा अफीम की अवैध खेती जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कई अहम निर्णय लिए गए.

उपायुक्त ने सभी सरकारी कार्यक्रमों में नशे के दुष्परिणामों पर जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए. उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक को प्रत्येक माह स्कूलों व कॉलेजों में नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाने का आदेश दिया. जिले को "ड्रग फ्री" बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर उसे प्रभावी ढंग से लागू करने की बात कही गई.

तस्करों एवं एनडीपीएस के नियमित अपराधियों के विरुद्ध पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत निवारक निरोध की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. साथ ही, जनता को मादक पदार्थों से जुड़ी सूचना देने हेतु वेबसाइट http://resist.jharkhand.gov.in और टोल-फ्री हेल्पलाइन 1933 तथा 112 का प्रचार-प्रसार करने का आदेश भी दिया गया.

औषधि निरीक्षक को फार्मेसी दुकानों की नियमित जांच कर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री में लिप्त दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया. किसी भी प्रमुख स्थान पर मादक पदार्थों की अवैध बिक्री की सूचना मिलने पर कोटपा एक्ट के तहत तत्काल कानूनी कदम उठाने के निर्देश दिए गए.

बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से नशा मुक्त कोडरमा हेतु समन्वित प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया.

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा छात्रावास भवन, अब हो रहा जीर्णोद्धार

**चंदवा।** कल्याण विभाग की योजना के तहत लगभग 33 वर्ष पूर्व बने आदिवासी छात्रावास भवन का अब जीर्णोद्धार कार्य शुरू हो गया है. निर्माण के बाद से यह भवन कभी उपयोग में नहीं आया, और एक भी छात्र ने इसमें निवास नहीं किया. निर्माण के समय से ही विवादों में रहा यह भवन न तो विद्यालय प्रबंधन को सुपुर्द किया गया, न ही लापरवाह संवेदक या इंजीनियर पर कोई कार्रवाई हुई, जिससे सरकारी राशि की बर्बादी मानी जा रही है. भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी थी और अब जीर्णोद्धार के जरिए इसे नया रूप दिया जा रहा है. इस भवन पर भ्रष्टाचार के आरोप लंबे समय से लगते रहे हैं. दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो भी इस मुद्दे को उठा चुके हैं.

### अधिकारी-ठेकेदारों को ग्रामीणों ने खदेड़ दिया

**चतरा।** चतरा जिले के टंडवा प्रखंड के सरादु गांव में ग्रामीणों ने बिना अधिग्रहण और एनओसी के रैयती भूमि पर हाई टेंशन पोल लगाने पहुंचे अधिकारियों व ठेकेदारों को खदेड़ दिया. ग्रामीणों का आरोप है कि अम्रपाली कंपनी दलालों के सहारे फर्जी दस्तावेज बनाकर उनकी जमीन पर जबरन काम करवा रही है. रैयत महेश सिंह, सुबोध सिंह, विजय सिंह समेत अन्य ने बताया कि कंपनी के अधिकारी कार्य की अनुमति नहीं दिखा सके.

## एक नजर

### खेल दिवस पर बोकारो मिनी मैराथन में खेल से ज्यादा राजनीति को तरजीह

**बोकारो।** बोकारो मिनी मैराथन का आयोजन खेल से ज्यादा राजनैतिक कार्यक्रम बनकर रह गया. मेजर ध्यान चंद की जयंती और खेल दिवस के अवसर पर सेक्टर वन के पुस्तकालय मैदान में आयोजित मैराथन दौड़ विशिष्ठ अतिथी धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के इंतजार में दो घंटे विलंब से आरंभ हुआ. वहीं पूर्व बोकारो विधायक बिरंची नारायण कार्यक्रम में आए जरूर लेकिन सांसद के आने से पहले ही चले गए. इन सभी घटनाक्रमों पर खेलप्रमियों ने कहा कि आयोजकों की मंशा खेल नहीं बल्कि राजनीति ज्यादा थी. फोटो सेशन, झंडाउत्तोलन के उपरांत मैराथन आरंभ किया गया. जो रेस 7 बजे होना था वो 9 बजे आरंभ हुआ. मैराथन को तीन सिगमेंट मे बांटा गया था. तीन किलो मीटर, पांच किलोमीटर और दस किलोमीटर. हालांकि मंच से रूट की घोषणा की जा रही थी लेकिन इस संबंध में कोई भी बुकलेट मुहैया नहीं कराई गई. रास्ते में कहीं भी झंडा बैनर या रूट की सूचांक नहीं लगाई थी. जिससे कई प्रतिभागी रूट से भटकते दिखे और मोबाईल से जानकारी लेते दिखे. 9 बजे रेस आरंभ होने के कारण कड़ी घूप और उमस के कारण प्रतिभागी पीने के पानी के लिए तरसते दिखे. आयोजकों द्वारा पूरे रूट में कहीं भी पीने की पानी की कोई व्यवस्था नहीं दिखी. खासकर दस किलोमीटर दौड़ रहे प्रतिभागी पानी खरीदकर पीते दिखे या तो रास्ते में पड़ रहें पेट्रोल टंकी में उपलब्ध पीने की सुविधा का उपयोग करते दिखे. अमुमन मैराथन में यह सारी व्यवस्था होनी चाहिए जो नहीं थी. जिससे प्रतिभागियों में आयोजकों के खिलाफ रोष दिखा.

### पी एन डी जैन उच्च विद्यालय में प्रखण्ड स्तरीय खेलो झारखंड का शुभारंभ

**डुमरी।** खेलेगा इंडिया तो आगे बढ़ेगा इंडिया के उद्घोष के साथ शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ पी एन डी जैन उच्च विद्यालय के प्रांगण में हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्या सुनीता कुमारी, उप प्रमुख उपेंद्र कुमार, भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार साहू, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी रचना कुमारी, बीपीओ राजेन्द्र कुमार मण्डल, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र महतो, जानकी महतो, प्रखण्ड खेल नोडल शिक्षक अनूप कुमार एवं खेल आयोजन समन्वय समिति सदस्य देवेश कुमार देव ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया . मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को बीपीओ तथा खेल शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया. कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय डुमरी की छात्राओं की बैंड टीम की आगुआई में प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट किया. राज्य स्तरीय खिलाड़ी पीयूष कुमार खेल मशाल लिए चल रहे थे. जिप सदस्या सुनीता कुमारी ने अपने सम्बोधन में बच्चों को अपने उत्कृष्ट खेल से झारखंड का नाम रौशन करने की बात कहीं. उन्होंने पी एन डी जैन उच्च विद्यालय के क्रीड़ागण में रात्रि खेलों के आयोजन के लिए सोलर लाईट पूरे मैदान में लगवाने का आश्वासन दिया. विधायक प्रतिनिधि राजू महतो ने विधायक की भावनाओं से अवगत कराया. आयोजन समन्वय समिति सदस्य देवेश कुमार देव और नोडल खेल शिक्षा शिक्षक अनूप कुमार ने बताया कि खिलाड़ी पीयूष कुमार और लक्ष्मी कुमारी ने राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है. खेलो झारखंड प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर 14, अंडर 17 एवं अंडर 19 वर्ग के बालकों के विभिन्न स्पर्धाओं 100 मी०, 200 मी०, 400 मी०, 600 मी० दौड़, 4 गुणा 400 मी० की रिले दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, लम्बी कूद इत्यादि स्पर्धाओं का आयोजन हुआ . खेल शिक्षक अनूप कुमार, दयानंद कुमार, रौशन कुमार, ब्रजदीश कुमार, जानकी हरिजन, युगल किशोर महतो, शिवशंकर यादव, जितेंद्र साव, महेंद्र महतो, लीलमुनी कुमारी, रोशन कुमार पांडेय, गोयल रंजन दीप, अतीश कुमार मण्डल, विनय कुमार,महेंद्र महतो, गणेश महतो, अन्नपूर्णा कुमारी, नरेश कुमार, प्रमीला सिंह, सहित राहुल कुमार सिन्हा, प्रेम कुमार, नरेश कुमार, नेलेश कुमार, दशरथ महतो, रोहित कुमार गुप्ता, गुलाब चंद महतो, पी मिश्रा, श्रवण कुमार इत्यादि शिक्षकों ने अपनी- अपनी निर्धारित भूमिका निभाई.

### गणपति बप्पा पूजनोत्सव प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न

**डुमरी।** निमियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरियाडीह गांव में गणपति युवा मित्र मण्डल के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गणपति बप्पा पूजनोत्सव का समापन शुक्रवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ हो गया. पूजा को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. पूजन कार्यक्रम में क्षेत्र के जिप सदस्या धनंजय प्रसाद शामिल होकर विघ्नहर्ता गणेश भगवान की आराधना की. उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल आस्था तक सीमित नहीं बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे को मजबूत करने का भी माध्यम है. इस दौरान पूजन समिति के अध्यक्ष शंकर पंडित उपध्यक्ष गुड्डु पंडित, सचिव कामेश्वर पंडित उपसचिव सुनील पंडित, कोषाध्यक्ष ईश्वर पंडित उप-कोषाध्यक्ष खुशलाल सदस्य भूषण पंडित,चिन्टू डेगलाल,मनोज,घनश्याम, प्रकाश,सुरेश, लिपा, मनीष, जनार्दन, ननकू आदि उपस्थित थे.

### आदि कर्म योगी अभियान कार्यशाला का दूसरा दिन सम्पन्न

**दुमका।** आदि कर्म योगी अभियान के अंतर्गत दुमका जिला में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के उप सचिव नरेश कुमार, मंत्रालय जनजातीय कार्य उपस्थित हुए. उन्होंने प्रतिभागियों से कार्यशाला की गुणवत्ता पर चर्चा की तथा आदि कर्म योगी अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की. इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पवन कुमार पांडेय सहित सभी मास्टर ट्रेनर एवं प्रदान और प्रवाह के प्रतिनिधि, साथ ही प्रखंड स्तरीय विभिन्न विभागों के कर्मियों ने भी प्रशिक्षण में भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई. आदि कर्म योगी अभियान का उद्देश्य प्रतिभागियों को जागरूक, प्रशिक्षित एवं सशक्त बनाना है, ताकि ग्राम स्तर तक इसके सकारात्मक परिणाम पहुँच सकें. मौके पर सुधाकर केशरी, रौनक डॉन, रौशन कुमार, मनीष कुमार, टीना कुमारी, अजमल कुमार आदि उपस्थित थे.

### रबीउल अव्वल को लेकर जयनगर में तैयारियां तेज

**जयनगर (कोडरमा)।** आगामी 5 सितंबर से रबीउल अव्वल माह की शुरुआत को लेकर मुस्लिम समुदाय में उत्साह चरम पर है. मोहल्लों, मस्जिदों और मदरसों में साफ-सफाई, सजावट और झंडे-बैनर लगाने का कार्य ज़ोर-शोर से चल रहा है.युवाओं द्वारा मोहल्लों को रोशनी से सजाया जा रहा है, वहीं बच्चों और बुजुर्गों में भी विशेष उत्साह देखा जा रहा है. मदरसों में मिलाद-ए-नबी, नात-खानी और जुलूस-ए-मोहम्मदी के कार्यक्रमों की तैयारी की जा रही है.

## ई-रिक्शा चालक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**शुभम संदेश। हजारीबाग**

हजारीबाग में गुरुवार की देर रात एक व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है. घटना शहर के बुढ़वा महादेव मंदिर चौक के पास हुई. शव के गले पर धारदार हथियार से काटने और चेहरे पर गहरे वार के निशान हैं. परिजन हत्या की आशंका जाहिर कर रहे हैं. मृतक की पहचान लोहसिंघना निवासी फैज अहमद उर्फ कैश (55) के रूप में की गई है. वह ई-रिक्शा चालक था. परिजनों के अनुसार गुरुवार की रात में काम से वापस घर आने के वक्त यह वारदात हुई है. घटना की सूचना पाकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में उसे शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया. जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इस घटना की खबर फैलते ही परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया. परिजनों का कहना है कि फैज अहमद की हत्या सुनियोजित तरीके से की गई है. उन्होंने आरोप लगाया कि मृतक के गले पर धारदार हथियार से काटने और चेहरे पर गहरे वार के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं. इन परिस्थितियों को देखते हुए परिजन और स्थानीय लोग इसे हत्या का मामला मान रहे हैं. घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में लोग अस्पताल परिसर में जुट गए और पुलिस-प्रशासन से तत्काल मामले का खुलासा करने की मांग की. आक्रोशित परिजनों और भीड़ ने चेतावनी दी कि यदि इस घटना की सच्चाई सामने नहीं आई और दोषियों की गिरफ्तारी जल्द नहीं हुई, तो वे हजारीबाग में उग्र आंदोलन करेंगे. इधर, लोहसिंघना थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा ने कहा कि पुलिस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है. उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही पूरी सच्चाई सामने लाई जाएगी और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा.

## जनता दरबार में आमजनों की समस्याएं सुनीं

# उपायुक्त ने त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**शुभम संदेश । चतरा**



चतरा समाहरणालय परिसर स्थित उपायुक्त कार्यालय में आज उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन हुआ. इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से बड़ी संख्या में आमजन अपनी समस्याओं और शिकायतों के साथ पहुंचे.

उपायुक्त ने आम लोगों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों को बार-बार भटकने से बचाना और समय पर राहत पहुंचाना है. आज की बैठक में भूमि विवाद, राशन कार्ड से जुड़ी शिकायतें, शिक्षा विभाग के मामले, अबुआ आवास योजना की समस्याएं, दिव्यांगजनों के लिए ट्राईसाइकल की मांग, सड़क-बिजली की सुविधाएं, मईया सम्मान योजना और वृद्धा पेंशन से संबंधित मुद्दे मुख्य रूप से उठाए गए.

जनशिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं जिला क्रीड़ा पदाधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने शिकायतों के पंजीकरण और वर्गीकरण में सहयोग प्रदान किया, जिससे त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हुई. उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए ताकि जनता को शीघ्र राहत मिल सके. उपस्थित नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उनकी समस्याएं सीधे उच्च प्रशासन तक पहुंचती हैं और समाधान की उम्मीद बढ़ती है.

ध्यान देने योग्य है कि जिले में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक उपायुक्त कार्यालय में नियमित जनता दरबार आयोजित किया जाता है, जिसमें आमजन अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रख सकते हैं.

### सड़क हादसा: बाइक और एलपी गाड़ी की टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

**विष्णुगढ़।** प्रखंड अंतर्गत नरकी मोड़ और सादरो मोड़ के बीच शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हो गई. विपरीत दिशा से आ रही एलपी गाड़ी (संख्या जेएच05बीके-7620) और बाइक की आमने-सामने टक्कर में नरकी पंचायत के रंगामाटी निवासी गोविंद गंझू की मौके पर ही मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, गोविंद की शादी को एक साल भी पूरा नहीं हुआ था. हादसे के समय बाइक पर उनके साथ दोस्त जोगेश्वर गंझू और जीजा मुरली गंझू भी सवार थे, जो गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद विष्णुगढ़ से हजारीबाग रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है. स्थानीय ग्रामीणों ने शोक व्यक्त करते हुए प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए सख्त उपाय करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके.

# राज इंटरनेशनल स्कूल में मेजर ध्यानचंद जयंती पर खेल दिवस का आयोजन

**शुभम संदेश । कोडरमा**



राज इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार 29 अगस्त 2025 को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई. कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई. कक्षा 8 के छात्रों द्वारा विशेष असेंबली आयोजित की गई, जिसमें आलोक कुमार ने ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला.

विद्यालय के प्रिंसिपल राहुल घोष ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्म-नियंत्रण और आत्मविश्वास का संचार करते हैं. इस अवसर पर नॉकआउट टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी कोच व कप्तानों को मंच पर आमंत्रित कर शुभकामनाएं दी गईं.

कक्षा 2 से 4 तक बोरी दौड़, म्यूजिकल चेयर और चम्मच दौड़ का आयोजन हुआ, जबकि कक्षा 5 से 9 तक फुटबॉल (लड़कों के लिए) और कबड्डी (लड़कियों के लिए) के मुकाबले खेले गए. कबड्डी में लता मंगेशकर हाउस तथा फुटबॉल में महारानी लक्ष्मीबाई हाउस विजयी रहे. विजेता कप्तानों पल्लवी किशोर और बाल्मीकि यादव को ट्रॉफी प्रदान की गई. कार्यक्रम की सफलता में शिवानी भारती, रिज़वान, अमित सिंह व शरद का योगदान रहा.

### हजारीबाग : खेल दिवस पर हॉकी टूर्नामेंट का सफल आयोजन

**हजारीबाग** में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला खेलकूद कार्यालय द्वारा सेंट कोलंबस कॉलेज के पास नव निर्मित स्टेडियम में हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत जिला खेल पदाधिकारी प्रेम कुमार द्वारा मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई. टूर्नामेंट में 10 बालक, 7 बालिका और 3 प्रशिक्षण केंद्रों की टीमों ने भाग लिया. बालक वर्ग में इलेवन टीम विजेता रही और डे बोर्डिंग ट्रेनिंग सेंटर उपविजेता.बालिका वर्ग में पतरातू टीम विजेता रही, जबकि डे बोर्डिंग गर्ल्स ट्रेनिंग सेंटर उपविजेता बनी.

आयोजन में प्रेम कुमार, कोच कोलेश्वर गोपे, संदीप खलखो, कुंदन कुजूर और समन्वयक सरोज यादव की अहम भूमिका रही.समापन समारोह में विजेता टीमों को ट्रॉफी दी गई। प्रेम कुमार ने कहा, "हॉकी केवल खेल नहीं, यह अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की पहचान है.

### रामा सोनी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं समाधान का दिया भरोसा

**हजारीबाग।** झामुमो नेता सह समाजसेवी रामा सोनी ने केरेडारी प्रखंड के जोरदाग, चट्टी बरियातू और पचड़ा क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की. इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया. ग्रामीणों ने कोल खनन कंपनियों के कारण हो रही समस्याएं, जैसे सड़क खराबी, प्रदूषण और रोजगार की कमी, उनके सामने रखीं. रामा सोनी ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन व संबंधित विभागों से वार्ता की जाएगी. उन्होंने घोषणा की कि पगार क्षेत्र में एक कार्यालय खोला जाएगा, जहां लोग अपनी शिकायतें दर्ज कर सकेंगे और उनका त्वरित समाधान होगा. उन्होंने ग्रामीणों से संगठित रहकर अपनी आवाज़ बुलंद करने की अपील की और भरोसा दिलाया कि वे हमेशा जनता के हित में खड़े रहेंगे.

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न, अवैध खनन पर सख्ती के निर्देश



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई. बैठक में जिले में पत्थर, बालू, माईका व ब्लू स्टोन जैसे खनिजों के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम पर चर्चा की गई. उपायुक्त ने खनन विभाग, अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए सख्त निगरानी और त्वरित कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए. उन्होंने वन क्षेत्र में खनिजों के अवैध खनन और परिवहन पर विशेष ध्यान देने की बात कही. साथ ही, जिले में संचालित खनन पट्टा धारकों और क्रशर इकाइयों की प्रदूषण नियंत्रण नियमों के तहत जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. बैठक में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय सोनी सहित सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे.



हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले में मूसलाधार बारिश एवं भूस्खलन

# मणिमहेश यात्रा में अब तक ग्यारह श्रद्धालुओं की मौत, 10 हजार फंसे

एजेंसी।शिमला



हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले में मूसलाधार बारिश एवं भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है. इस प्राकृतिक आपदा के बीच मणिमहेश यात्रा के दौरान अब तक 11 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है. इनमें से तीन शव अब तक नहीं मिल पाए हैं. वहीं करीब 10 से 12 हजार यात्री मार्ग टूटने के कारण विभिन्न स्थानों पर फंसे हुए हैं. लगातार बारिश और भूस्खलनों से चम्बा-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले के सैकड़ों मार्ग यातायात के लिए अवरुद्ध हो गए हैं. बिजली के ट्रांसफार्मर और पेयजल योजनाओं को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे पूरे जिले में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है. सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र जनजातीय पांगी और भरमौर रहे हैं, जहां संचार सेवाएं भी कई दिनों से ठप हैं. जिले में पिछले चार दिनों तक मोबाइल और नेटवर्क सेवाएं पूरी तरह बंद रहीं और केवल बीती रात कुछ हद तक बहाल हो सकीं. हालांकि भरमौर क्षेत्र में अब भी संचार व्यवस्था सुचारू नहीं हो पाई है. बारिश और भूस्खलन के चलते मणिमहेश यात्रा को बंद कर दिया गया है. हजारों श्रद्धालु रास्ते में फंसे हैं. प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें लगातार राहत व बचाव कार्य कर रही हैं. इसके अलावा हेलीकॉप्टर की मदद से भी यात्रियों को सुरक्षित स्थानों तक लाने का प्रयास किया जा रहा है. प्रशासन का कहना है कि फंसे हुए श्रद्धालु सुरक्षित हैं और उनके रहने-खाने की व्यवस्था रास्ते में ही कर दी गई है. पैदल ट्रैक पर फंसे 29 यात्रियों को भी भरमौर तक पहुंचाने का कार्य जारी है.

चम्बा उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि 24 से 26 अगस्त के बीच सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है. उन्होंने कहा कि इस दौरान सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से यात्री बीच रास्ते में फंसे हैं, लेकिन सभी सुरक्षित हैं. उन्होंने यह भी कहा कि लोग किसी भी तरह की अफवाह पर विश्वास न करें क्योंकि यात्रा के दौरान कोई बड़ी त्रासदी नहीं हुई है. हालांकि, मौसम की मार से सड़कें और व्यवस्थाएं जरूर बुरी तरह प्रभावित हुई हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि 16 अगस्त से अब तक यात्रा में 11 श्रद्धालुओं की मौत दर्ज की गई है. इनमें से 8 शवों की पहचान कर परिजनों को सूचित कर दिया गया है, जबकि तीन शव अभी तक बरामद नहीं किए जा सके हैं. उन्होंने कहा कि फंसे श्रद्धालुओं को सुरक्षित घरों तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं. रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी लगातार ड्यूटी पर तैनात हैं और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर कदम उठाया जा रहा है.

## न्यूज अपडेट

### ट्रंप प्रशासन ने सैन्य अड्डे से आव्रजन अभियान में मदद मांगी

**वाशिंगटन ।** ट्रंप प्रशासन ने इस हफ्ते शिकागो के बाहर स्थित एक सैन्य अड्डे से आव्रजन अभियान में सहयोग मांगा है. यह कदम इस बात का संकेत देता है कि देश के तीसरे सबसे बड़े शहर में कड़ी कार्रवाई कैसी दिख सकती है. नेवल स्टेशन ग्रेट लेक्स के प्रवक्ता मैट मोगल ने बुधवार को बताया कि होमलैंड सुरक्षा विभाग ने बेस से 'सीमित सहयोग' की मांग की है, जिसमें सुविधाएं, ढांचा और अन्य लॉजिस्टिक मदद शामिल है. यह अड्डा शिकागो से करीब 56 किलोमीटर (35 मील) उत्तर में स्थित है. यह अनुरोध उस समय आया है, जब रिपब्लिकन प्रशासन ने कुछ हफ्ते पहले वाशिंगटन डीसी में अपराध, इमिग्रेशन और बेघर लोगों की समस्या से निपटने के लिए नेशनल गार्ड की तैनाती की थी.

### म्यांमार में 'करेन नेशन यूनियन' आतंकवादी संगठन घोषित

**नयी दिल्ली।** म्यांमार की सैन्य सरकार ने बृहस्पतिवार को आधिकारिक तौर पर करेन नेशनल यूनियन (केएनयू) को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया. यह संगठन देश का एक बड़ा जातीय विद्रोही समूह है. अब इसके साथ किसी भी तरह की गतिविधि करना, यहां तक कि तीसरे पक्ष द्वारा संपर्क करना भी गैरकानूनी होगा. करेन नेशनल यूनियन देश के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में सक्रिय है और 1948 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता मिलने के बाद से लगातार अधिक स्वायत्तता के लिए लड़ाई लड़ रहा है. फरवरी 2021 में आंग सान सू की की निर्वाचित सरकार को अपदस्थ कर सेना ने सत्ता अपने हाथ में ले ली थी. तभी से केएनयू और सेना के बीच लगातार और तीखी लड़ाई हो रही है. यह घोषणा ऐसे समय आई है, जब महज चार महीने बाद 28 दिसंबर से सेना-नियोजित चुनाव होने हैं.

### ब्राजील में आपराधिक नेटवर्क से जुटी 22 करोड़ अमेरिकी डॉलर की संपत्ति जब्त

**ब्राजील।** ब्राजील ने बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को देशभर में चलाए गए एक बड़े अभियान के तहत 1.2 अरब रियाल (करीब 22 करोड़ अमेरिकी डॉलर) की संपत्ति जब्त की है. यह कार्रवाई ईंधन क्षेत्र और निवेश फंड्स के जरिये चलाए जा रहे एक विशाल मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क से जुड़ी हुई थी. अधिकारियों ने 14 जगहों पर तलाशी और जब्ती वारंट तथा 14 गिरफ्तारी वारंट जारी किए, जिनमें से पांच लोगों को हिरासत में लिया गया. न्याय मंत्री रिकार्डो लेवानडोव्स्की ने इसे देश के इतिहास में संगठित अपराध के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक बताया. हालांकि, संघीय अधिकारियों ने किसी भी व्यक्ति या कंपनी का नाम नहीं बताया, क्योंकि जांच अभी गुप्त और जारी है.

### गाजा में भूख से मर रही हैं महिलाएं और बच्चे : सिंडी मैक्केन

**कीव।** संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी की प्रमुख ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस हफ्ते गाजा दौरे के दौरान यह साफ दिखा कि वहां खाने-पीने की चीजें पर्याप्त नहीं हैं. उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर उन्होंने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी बात की और ज्यादा मानवीय मदद पहुंचाने की तात्कालिक जरूरत पर जोर दिया. दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य संकट निगरानी संस्था ने पिछले हफ्ते कहा था कि गाजा पट्टी का सबसे बड़ा शहर भुखमरी की चपेट में है और अगर युद्धविराम तथा राहत सामग्री पर लगी रोक नहीं हटाई गई, तो यह पूरे इलाके में फैल सकती है. विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की कार्यकारी निदेशक सिंडी मैक्केन ने कहा कि गाजा में भुखमरी जारी है.

### यमन की राजधानी सना में इस्राइल ने हवाई हमला किया

**नयी दिल्ली।** ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले यमन की राजधानी सना पर बृहस्पतिवार को इस्राइल ने हवाई हमले किए. हालांकि, इन हमलों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. इन हमलों के बारे में हूती विद्रोही और इस्राइली सेना ने पुष्टि की. ये हमले सना के घनी आबादी वाले इलाकों में हुए. पश्चिमी हिस्से के एक मोहल्ले में रहने वाले हुसैन सालेम ने बताया कि उन्होंने धुएं के गुबार उठते देखे. सालेम ने कहा, यह बिल्कुल भूकंप जैस था. इस्राइली सेना ने बताया कि उसने सना में हूतियों के एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया, लेकिन विस्तार से जानकारी नहीं दी. यह हमला उस घटना के बाद हुआ, जब इस्राइली सेना ने बृहस्पतिवार सुबह दावा किया कि उसने हूतियों द्वारा इस्राइल की ओर छोड़े गए एक ड्रोन को मार गिराया. यह पिछले हफ्ते में तीसरा ऐसा हमला था.

### कोलंबिया में अपहृत 33 सैनिकों की रिहाई

**नयी दिल्ली।** कोलंबिया के लोकपाल कार्यालय ने बताया है कि एक विद्रोही समूह के आदेश पर ग्रामीणों द्वारा कथित तौर पर अगवा किए गए 33 कोलंबियाई सैनिकों की तीन दिन बाद रिहाई हो गई. कोलंबिया के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अपहृत सैनिकों को सोमवार से दक्षिण-पूर्वी प्रांत ग्वावियारे में एक गोलीबारी के बाद बंधक बनाया गया था. इस गोलीबारी में एक FARC विद्रोही समूह के 10 सदस्य मारे गए थे. रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने सोमवार को कहा कि सैनिकों को बंदी बनाने वाले ग्रामीण एक मारे गए विद्रोही के शव की वापसी की मांग कर रहे थे, जिसे प्रांतीय राजधानी के एक मुर्दाघर में ले जाया गया था.

उत्तराखंड के चार जिलों में तबाही

# चमोली और बागेश्वर में दो-दो शव बरामद

**देहरादून।** उत्तराखंड में एक बार फिर बारिश ने कहर बरपाया है. रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी और बागेश्वर में बादल फटने से भारी तबाही हुई है. इस घटना के बाद कई लोगों के वहां फंसने एवं लापता होने की जानकारी है. प्रशासन लगातार रेस्क्यू आपरेशन चला रहा है. इसअभियान में अभी तक मलबे से चार शव बरामद बरामद किये जा चुके हैं. इनमें चमोली जिले के देवाल तहसील के मोपाटा गांव और बागेश्वर जिले के पंचायत पौसारी गांव में दो-दो शव मिले हैं. चमोली के छेनागाड़ बाजार में बाढ़ के पानी के साथ आए मलबे में दबे लोगों की तलाश चल रही है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी और बागेश्वर में बादल फटने की से हुए नुकसान की जानकारी ली और उन्होंने प्रभावित लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं.

- चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी और बागेश्वर जिलों में फटा बादल
- **मुख्यमंत्री धामी ने उच्च स्तरीय बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश**

## न्यूज अपडेट

### बीएसएफ ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर पकड़ी हेरोइन की खेप

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब में एक साथ तीन ऑपरेशन चलाकर भारी मात्रा में हेरोइन बरामद करने के साथ एक तस्कर को भी पकड़ा है. बीएसएफ ने तस्करी में इस्तेमाल एक असेंबल्ड हेक्साकॉप्टर भी कब्जे में लिया. अटारी सेक्टर में पकड़े गए तस्कर को आगे की कार्रवाई के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को सौंप दिया गया. बीएसएफ की टीम ने गश्त के दौरान फिरोजपुर जिले में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन चलाया. तलाशी के दौरान एक असेंबल्ड हेक्साकॉप्टर बरामद किया गया, जिसमें 12 पैकेट हेरोइन छिपाई गई थी. इसका कुल वजन 6.086 किलोग्राम निकला. जांच एजेंसियों का मानना है कि इस हेक्साकॉप्टर का इस्तेमाल पाकिस्तान की तरफ से भारतीय सीमा में खेप गिराने के लिए किया गया था. इसके अलावा फाजिल्का जिले में भी बीएसएफ जवानों ने सतर्कता दिखाते हुए 536 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया.

### मिजोरम में 144 करोड़ रु कीमत की नशीली गोलियां जब्त, तीन गिरफ्तार

**आइजोल ।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के आइज़ोल सेक्टर मुख्यालय और मिज़ोरम के सेरछिप स्थित नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के संयुक्त अभियान के दौरान 144 करोड़ रुपये की 9.6 लाख मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त की गयी हैं. बीएसएफ सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि एक पिकअप वाहन (एमजेड-01एई-8791) को खुफिया सूचना के आधार पर बीते गुरुवार की देर शाम को तलाशी के लिए रोका गया. वाहन से नशीली मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त की गयी. मौके पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें एक महिला भी शामिल है. एनसीबी तीनों को आज अदालत में पेश करेगी. अधिकारियों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में मिजोरम में मेथामफेटामाइन की यह दूसरी सबसे बड़ी खेप है, जो राज्य में सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी की निरंतर बढ़ती संभावना को दर्शाता है.

### आईएसआई और सीटीडी के अधिकारी 5 बलोच छात्रों को घरों से उठा ले गए

**क्वेटा (बलोचिस्तान) पाकिस्तान।** बलोचिस्तान की राजधानी क्वेटा में आधी रात एक घर पर हुई छापेमारी के दौरान कम से कम पांच बलोच छात्रों को पाकिस्तान के अधिकारी जबरिया उठा ले गए हैं. बताया गया है कि आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) और इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के अधिकारियों ने तड़के लगभग 3:30 बजे क्वेटा के एस्सा नगरी इलाके में एक घर पर छापा मारा. यहां से वह कम से कम पांच छात्रों को अगवा कर अपने साथ ले गए.द बलोचिस्तान पोस्ट की खबर के अनुसार, पाकिस्तान के अधिकारियों ने मोहम्मद यासीन (17), शबीक (18), कदीर अहमद (18), कदीर लल्ला (17) और अकरम तकसीर (16) को अगवा किया है.

### अमेरिका से निर्वासित 7 प्रवासी पहुंचे रवांडा, 250 लोगों तक ट्रांसफर की योजना

**वॉशिंगटन/नैरोबी।** रवांडा ने इस महीने की शुरुआत में अमेरिका से निर्वासित सात प्रवासियों को स्वीकार किया है. यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब हाल ही में दोनों देशों के बीच 250 प्रवासियों तक के ट्रांसफर के लिए समझौता हुआ था. रवांडा सरकार की प्रवक्ता योलांडे माकोलो ने गुरुवार को जारी बयान में कहा, "पहला समूह, जिसमें सात सत्यापित प्रवासी शामिल थे, अगस्त के मध्य में रवांडा पहुंचे. इनमें से तीन ने अपने मूल देश लौटने की इच्छा जताई है, जबकि चार लोग यहीं रहकर नई जिंदगी शुरू करना चाहते हैं. उनकी जरूरतों के अनुसार सभी को आवश्यक सहायता और सुरक्षा प्रदान की जाएगी."माकोलो ने बताया कि इन प्रवासियों को वर्कफोर्स ट्रेनिंग, स्वास्थ्य सेवाएं और आवास की सुविधा दी जाएगी.

## बंगाल में ईडी ने जब्त की टीपी ग्लोबल और आईएक्स ग्लोबल की 18.78 करोड़ की संपत्ति

एजेंसी।कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दो फॉरेक्स कंपनियों- टीपी ग्लोबल एफएक्स और आईएक्स ग्लोबल की कुल 18.78 करोड़ मूल्य की चल-अचल संपत्तियां जब्त की हैं.

ईडी की कोलकाता जोनल कार्यालय ने तलाशी अभियान के बाद फ्लैट, अपार्टमेंट, वाणिज्यिक स्थल, फिक्स्ड डिपॉजिट और म्यूचुअल फंड जैसी संपत्तियों को जब्त किया. यह कार्रवाई कोलकाता पुलिस, महाराष्ट्र पुलिस और गुजरात पुलिस द्वारा टीएम ट्रेडर्स, केके ट्रेडर्स, टीपी ग्लोबल एफएक्स, आईएक्स ग्लोबल, आईएक्स एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई.



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने स्पष्ट किया है कि टीपी ग्लोबल एफएक्स की वेबसाइट न तो आरबीआई के साथ पंजीकृत है और न ही उसे फॉरेक्स ट्रेडिंग के लिए कोई अनुमति प्राप्त है. केंद्रीय बैंक ने पहले ही 9 सितंबर, 2022 को चेतावनी सूची जारी कर लोगों को अनधिकृत फॉरेक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म से सतर्क रहने की सलाह दी थी.

केंद्रीय एजेंसी की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में बताया गया है कि ईडी की जांच में सामने आया है कि प्रसेंजीत दास और तुषार पटेल जैसे व्यक्तियों ने कई डमी कंपनियों के जरिए निवेशकों को ठगने की योजना बनाई. उन्हें फॉरेक्स ट्रेडिंग में ऊंचे रिटर्न का झांसा देकर निवेश कराया गया. वहीं, आईएक्स ग्लोबल के निदेशक और प्रमोटर – सुहास पाटिल और जोसेफ मार्टिनेज – सहित कई प्रभावशाली लोग टीपी ग्लोबल एफएक्स को 'पसंदीदा ब्रोकर' के रूप में प्रमोट करते रहे.

देशभर में टीपी ग्लोबल एफएक्स, आईएक्स ग्लोबल, आईएक्स एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड और इनके प्रमोटरों/इन्फ्लुएंसर्स जैसे विराज सुहास पाटिल, तुषार पटेल, जोसेफ मार्टिनेज के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं. इससे पहले ईडी ने शैलेश कुमार पांडे, प्रसेंजीत दास और विराज सुहास पाटिल को गिरफ्तार भी किया था.

## विकसित भारत के निर्माण में सीपीएसई निभाएंगे अहम भूमिका: द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी।नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम (सीपीएसई) वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति में अहम भूमिका निभाएंगे. उन्होंने जोर दिया कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) केवल आर्थिक और वित्तीय योगदान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संतुलित एवं समावेशी विकास के साथ राष्ट्र निर्माण में भी अग्रणी हैं.

राष्ट्रपति मुर्मु ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में वर्ष 2022-23 के लिए स्कोप (स्टैंडिंग कांफ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज) इमिनेंस अवॉर्ड प्रदान किए. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार सार्वजनिक उपक्रमों के बहुआयामी योगदान का उत्सव हैं. किसी भी अच्छे



उपक्रम की पहचान उसके सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय, तकनीकी और नैतिक सभी मानकों पर बेहतर प्रदर्शन से होती है. उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से ही सार्वजनिक क्षेत्र देश के औद्योगिकीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास, सामाजिक उत्थान और क्षेत्रीय संतुलन के लिए एक सशक्त साधन रहा है. समय के साथ सार्वजनिक उपक्रमों की भूमिका और अपेक्षाएं बदली हैं, लेकिन बदलते परिवेश में भी उन्होंने अपने प्रदर्शन से राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है.

# भारत-चीन रिश्तों में नया मोड़: शी जिनपिंग की 'सीक्रेट चिट्ठी' बनी कूटनीतिक बदलाव की वजह

एजेंसी।नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच लंबे समय से जारी तनाव और अविश्वास के माहौल में अब बर्फ पिघलती नजर आ रही है. ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि दोनों देशों के संबंधों में तेजी से सुधार की शुरुआत चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की ओर से भेजी गई एक गोपनीय चिट्ठी से हुई.

मार्च 2025 में राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक 'सीक्रेट लेटर' भेजा था, जिसमें शांति, स्थिरता और सहयोग की पेशकश की गई थी. यह पत्र उस समय आया था जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन पर टैरिफ का दबाव बना रहे थे और वैश्विक व्यापारिक समीकरणों में बदलाव आ रहा था.

रिपोर्ट के अनुसार, इस पत्र में चीन ने अमेरिका के साथ हो रहे समझौतों पर चिंता जाहिर की थी और भारत को रणनीतिक सहयोगी के रूप में देखा. पत्र में बीजिंग की ओर से एक विशेष अधिकारी का भी उल्लेख किया गया, जिसे भारत के साथ संवाद और सहयोग बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई थी. यह संदेश राष्ट्रपति मुर्मू के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाया गया.



शी जिनपिंग के इस कूटनीतिक कदम के बाद चीन ने सार्वजनिक रूप से भी रिश्ते सुधारने के संकेत देने शुरू कर दिए. बीजिंग द्वारा जारी बयान में भारत-चीन संबंधों को "ड्रैगन-हाथी का टैंगो" कहा गया — एक ऐसा रूपक जो दोनों देशों की जटिल लेकिन महत्वपूर्ण साझेदारी को दर्शाता है.

इसके बाद चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी भारत-चीन सहयोग की पैरवी की. भारत सरकार ने जून 2025 से इस दिशा में ठोस पहल शुरू की, और अगस्त तक रिश्तों में सकारात्मक बदलाव साफ दिखने लगे.

दोनों देशों ने 2020 के गलवान विवाद को पीछे छोड़ते हुए सीमा मुद्दों को सुलझाने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है. हाल ही में चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत का दौरा किया और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से सीमा विवाद और सैनिकों की वापसी जैसे मुद्दों पर बातचीत की.

इस कूटनीतिक पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त को चीन की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे हैं. यह पिछले सात वर्षों में उनकी पहली चीन यात्रा होगी. साथ ही, दोनों देशों ने सीधी उड़ानों को फिर से शुरू करने और व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने पर भी सहमति जताई है.

प्रिंस हैरी और किंग चार्ल्स तृतीय के बीच सुलह

# आठ सितंबर को हो सकती है मुलाकात

एजेंसी।लंदन

प्रिंस हैरी और उनके पिता किंग चार्ल्स तृतीय के बीच सुलह का रास्ता लगभग खोज लिया गया है. पिता और पुत्र के बीच 20 महीनों में पहली बार होने वाली मुलाकात पर दुनिया भर की निगाहें लगी हुई हैं. प्रिंस हैरी के आठ सितंबर को महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की तीसरी पुण्यतिथि पर लंदन में मौजूद रहने की संभावना है. वह वेलचाइल्ड अवार्ड्स में भी शामिल होंगे. हालांकि उनके भाई विलियम ने कथित तौर पर इस निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है. प्रिंस हैरी अमेरिका में रहते हैं.

डेली मेल की खबर के अनुसार, बकिंघम पैलेस के अधिकारियों के



साथ एक अनौपचारिक सुलह वार्ता के बाद ड्यूक ऑफ ससेक्स प्रिंस हैरी और उनके पिता किंग चार्ल्स द्वितीय के बीच मुलाकात होनी लगभग तय है. एक अमेरिकी सूत्र के अनुसार, अब दोनों पक्षों में काफी हद तक पारिवारिक मुद्दे सुलझ गए हैं. प्रिंस हैरी की टीम और पैलेस ने बातचीत का सुखद रास्ता खोल दिया है. उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले किंग चार्ल्स द्वितीय का कैंसर का इलाज हुआ है. इस नियोजित मुलाकात के दौरान संभवतः हैरी की पत्नी मेघन मर्केल अपने दोनों बच्चों आर्ची और लिलिबेट के साथ कैलिफोर्निया में ही रहेंगी. किंग चार्ल्स द्वितीय ने दोनों बच्चों से आखिरी बार जून 2022 में मुलाकात की थी.

बताया गया है कि पिछले महीने हैरी और मेघन की नई संचार प्रमुख मेरेडिथ मेन्स ने किंग चार्ल्स द्वितीय के संचार सचिव टोबिन एंड्रिया से रॉयल ओवर-सीज लीग (आरओएसएल) में मुलाकात की थी. यह स्थान किंग चार्ल्स द्वितीय के लंदन निवास क्लेरेंस हाउस से तीन मिनट की पैदल दूरी पर है. मई में हैरी ने कहा था कि वह 'सुलह चाहते हैं'


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 **(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार).**

आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेल: shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.